हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 24.07.2026 • वर्ष : 17 • अंक : 357 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### इंडिया गठबंधन की बस यात्रा से गरमाई सियासत, गांधी स्मृति पहुंचा विपक्ष, राहुल ने कहा-

# छात्र सड़क पर हैं तो हम भी उनके साथ



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश की राजधानी में दिल्ली में नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर सियासी तापमान और बढ़ गया है। गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन के सांसद एकजुट होकर गांधी स्मृति पहुंचे। राहुल गांधी अपने सरकारी आवास से विपक्षी नेताओं के साथ एक बस में सवार होकर निकले। इस दौरान कांग्रेस, आरजेडी, सीपीआई(एम) समेत कई विपक्षी दलों के सांसद उनके साथ मौजूद रहे।

हालांकि, यात्रा शुरू होने से पहले कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। राहुल गांधी के आवास के बाहर दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी और बस को आगे बढ़ने से रोक दिया। कुछ मिनट तक चली बातचीत के बाद पुलिस ने रास्ता खोल दिया, जिसके बाद विपक्षी नेताओं का काफिला गांधी स्मृति के लिए रवाना हो गया।

रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्र अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में विपक्ष का कर्तव्य है कि वह उनके साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा, 'हम पहले इंडिया गेट जाना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद हमने गांधी स्मृति जाने का फैसला किया, वहां भी हमें कुछ देर रोका गया। हमारा सबसे बड़ा संदेश देश के छात्रों के लिए है कि हम आपके साथ हैं और आपकी आवाज संसद से लेकर सड़क तक उठाएंगे।'

गांधी स्मृति मार्च से पहले राहुल गांधी ने अपने आवास पर विपक्षी सांसदों की बैठक बुलाई थी। बैठक में नीट पेपर लीक, संसद में सरकार को घेरने की रणनीति और छात्रों के समर्थन में संयुक्त कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इसके बाद सभी नेताओं ने एक साथ बस से गांधी स्मृति जाने का फैसला किया।

बैठक की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। इलाके में बैरिकेडिंग कर दी गई और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।

### विपक्ष ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

आरजेडी सांसद संजय यादव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देशभर में 152 पेपर लीक हुए, लेकिन आज तक किसी बड़े आरोपी को सजा नहीं मिली। उनके मुताबिक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता खत्म हो चुकी है और लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। वहीं, सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि विपक्ष गांधी स्मृति इसलिए जा रहा है क्योंकि सरकार छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा छात्रों के साथ एकजुटता और लोकतांत्रिक विरोध का प्रतीक है।

### जंतर-मंतर के आसपास इंटरनेट बंद

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए जंतर मंतर क्षेत्र में गुरुवार शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक 8 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। सरकारी आदेश के अनुसार, जंतर मंतर के 1.5 किलोमीटर दायरे में सभी प्रकार की मोबाइल इंटरनेट सेवाओं (सभी तकनीकों सहित) को बंद रखा जाएगा। यह आदेश दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अपराध को भड़काने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस फैसले को केंद्रीय गृह सचिव की मंजूरी प्राप्त है। यह कदम कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में नीट पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे लगातार प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है।

### पीएम मोदी को शिक्षा मंत्री को हटाना ही होगा

गांधी स्मृति पहुंचने पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारे नेता महात्मा गांधी की हत्या यहीं हुई थी। आज मोदी सरकार भारत में डेमोक्रेसी की हत्या कर रही है, स्टूडेंट्स पर अत्याचार कर रही है और उन्हें पीट रही है। विपक्ष इसे स्वीकार नहीं करेगा। हम छात्रों के साथ हैं, और नरेंद्र मोदी को शिक्षा मंत्री को हटाना होगा और माफी मांगनी होगी। बता दें कि विपक्षी सांसदों की अहम बैठक आज उनके आवास पर बुलाई गई है, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री को डूरंड कप का मुख्य अतिथि बनने का मिला निमंत्रण



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार, खेल निदेशक छवि रंजन, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-23 आईबीजी मेजर जनरल सज्जन सिंह मान, डूरंड कप के नोडल अधिकारी कर्नल हेम चंद्रा और सहायक नोडल अधिकारी मेजर आनंद प्रकाश ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रांची में 26 जुलाई से आयोजित होने वाले 135वें संस्करण डूरंड कप-2026 के उद्घाटन समारोह व उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

## कोडरमा में एनआईए की छापेमारी, दो हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** एनआईए की कोलकाता टीम ने गुरुवार को कोडरमा जिले के नवलशाही और डोमचांच क्षेत्र स्थित कई विस्फोटक मैगजीनों में छापेमारी की। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में वर्ष 2024 में हुए विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। जांच के दौरान एजेंसी को कोडरमा से विस्फोटकों के संभावित संबंध के संकेत मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की कई टीमें जिले के अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई कर रही हैं। इसी क्रम में लोकाई निवासी शंकर यादव और डोमचांच थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी महेश कुमार मेहता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि शंकर यादव से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर टीम ने जिले के विभिन्न विस्फोटक भंडारण केंद्रों की जांच की। अधिकारी दस्तावेजों का सत्यापन करने के साथ-साथ विस्फोटकों के भंडारण, आपूर्ति और उनके उपयोग से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रहे हैं।

## एक नजर

### एनआईए ने पीएफआई के फरार आरोपी को दिल्ली हवाई अड्डे से दबोचा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल के श्रीनिवासन हत्या मामले में एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला प्रतिबंधित आतंकी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुहम्मदअली केपी के रूप में हुई है। वह पीएफआई के पलक्कड़ जिला अध्यक्ष था। एनआईए ने उसे गुरुवार यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया। वह उस समय सऊदी अरब के रियाद से भारत लौटा था। वह पिछले चार वर्षों से वहीं छिपा हुआ था। इस गिरफ्तारी के साथ इस मामले में पकड़े गए आरोपियों की कुल संख्या 67 हो गई है।

### पीएलएफआई के दो नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार

**लातेहार :** एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ के पास छापामारी अभियान चलाकर पीएलएफआई के दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों में संजय सिंह और मोहम्मद शहजाद शामिल हैं। दोनों लोहरदगा के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस सहित चोरी की एक बाइक बरामद की है। जानकारी देते हुए डीएसपी उमेश कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के उग्रवादी चंदवा की ओर से बाइक से बालूमाथ आ रहे हैं और किसी हिंसक घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं। सूचना के बाद पुलिस की विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकइयाटांड़ पुलिस पिकेट के पास वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान चंदवा की ओर से आ रहे बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन जवानों ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी पिस्टल, जिंदा गोलियां और चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने खुद को पीएलएफआई का सदस्य बताते हुए स्वीकार किया कि संगठन के कमांडर बादल के निर्देश पर वे बालूमाथ और बरियातू क्षेत्र में दहशत फैलाने और लेवी वसूली के उद्देश्य से हिंसक घटना को अंजाम देने आए थे।

### लालू यादव के पुराने सिपाही मृत्युंजय तिवारी बीजेपी में होंगे शामिल

**पटना :** बिहार की सियासत में राष्ट्रीय जनता दल को एक और बड़ा झटका लगने जा रहा है। आरजेडी से इस्तीफा दे चुके लंबे समय तक आरजेडी प्रवक्ता रहे मृत्युंजय तिवारी जल्द ही भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा नेतृत्व से उनकी बातचीत अंतिम दौर में है और जल्द ही उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई जा सकती है। बता दें, मृत्युंजय तिवारी ने 16 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा देने का ऐलान किया था। उन्होंने पार्टी छोड़ते समय संगठन में अपनी उपेक्षा और कार्यशैली को लेकर नाराजगी जाहिर की थी।

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एलबी खियांग्ते के आवास पर सीआईडी की छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को सीआईडी की टीम ने राज्य के पूर्व मुख्य सचिव और जेपीएससी के निवर्तमान अध्यक्ष एल. ख्यांग्ते के कांके रोड स्थित आवास पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान सीआईडी के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। सूत्रों के अनुसार, जांच टीम आवास से जेपीएससी से जुड़े दस्तावेजों और अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच कर रही है। हालांकि छापेमारी के दौरान क्या



बरामद हुआ है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

इससे पहले 21 जुलाई को राज्य सरकार के निर्देश पर सीआईडी की विशेष टीम ने रांची पुलिस के सहयोग से जेपीएससी कार्यालय, परीक्षा संचालन से जुड़ी एजेंसी TSR Data Processing Private Limited (TDPL) के कार्यालय सहित राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए थे। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर जांच एजेंसी ने आगे की कार्रवाई तेज की।

सीआईडी ने भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों और प्रारंभिक जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर सीआईडी थाना कांड संख्या 16/2026 (दिनांक 22 जुलाई 2026) दर्ज किया है। इसके बाद मामले में कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## पुलिस बर्बरता के खिलाफ सीजेपी आज करेगी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) देशभर में कल पुलिस बर्बरता के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेगी। सीजेपी ने अपील की है कि छात्र संघों को हर जिले में एकत्र होकर छात्रों की मांगें पढ़नी होंगी। अनुमति व व्यवस्था करनी होगी।

सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने लोगों को संबोधित करते हुए दावा किया कि सरकार के प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर आने से मना कर दिया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अभी भी मंत्री जितेंद्र सिंह बोल रहे हैं कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के घर पर बातचीत के लिए बुलाया। आशुतोष ने जनता से हामी भरवाते हुए पूछा कि जाना चाहिए की नहीं। प्रवक्ता आशुतोष रांका ने अपनी दो शर्तें बताते कहा कि पहली शर्त यह है कि यह बैठक जेपी नड्डा के घर पर नहीं होगी। यह मीटिंग जंतर-मंतर पर होगी या किसी न्यूट्रल जगह पर होगी। दूसरी शर्त रखी कि सरकार को ठोस बात करनी होगी। बताना होगा कि कब तक मांगें पूरी होंगी।



### पीएम मोदी के ट्वीट पर सीजेपी की प्रतिक्रिया

सीजेपी प्रवक्ता, सौरव दास ने कहा, पेपर लीक में शामिल लोगों को कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने के पीएम मोदी के ट्वीट पर उन्होंने कहा, 'ऐसे एलान किसी काम के नहीं हैं। ये सिर्फ लोगों को गुमराह करने की कोशिशें हैं। हम जवाबदेही और जिम्मेदारी चाहते हैं। हम इस मामले पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र के इस्तीफे के स्तर से नीचे के किसी भी व्यक्ति से चर्चा नहीं करेंगे।'

### पीएम मोदी ने एक्स पर लिखी यह बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं कि संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए, सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की श्रृंखला में ये एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से 2 मजदूरों की मौत

**धनबाद :** धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के सदरियाडीह गांव में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। एक सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों टैंक के भीतर सेंटरिंग खोलने के लिए उतरे थे, लेकिन कुछ ही देर में जहरीली गैस के कारण बेहोश होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, करीब 12 फीट गहरे सेप्टिक टैंक की ढलाई लगभग एक महीने पहले की गई थी। गुरुवार को टैंक के अंदर लगी सेंटरिंग हटाने के लिए राजमिस्त्री और एक मजदूर नीचे उतरे। अंदर पहले से मौजूद जहरीली गैस की चपेट में आते ही दोनों बेहोश होकर गिर पड़े। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया गया। घटना के बाद दोनों मजदूरों को तत्काल बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सिक्किम सुरंग त्रासदी : सभी 25 शव बरामद

एजेंसी

**नाम्ची :** नाम्ची जिले के झोलुंगे अंतर्गत समरदुंग में निर्माणाधीन एनएचपीसी की तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की सुरंग में पिछले चार दिनों से चलाया जा रहा खोज एवं बचाव अभियान गुरुवार को समाप्त हो गया। सुरंग से सभी 25 पीड़ितों के शव बरामद कर लिए गए हैं। नाम्ची जिला प्रशासन के अनुसार आज के बचाव अभियान के दौरान तीन और शव बरामद किए



गए। इसके साथ ही इस हादसे में मृतकों की कुल संख्या 25 हो गई। इसके बाद बचाव दल ने सुरंग का विस्तृत निरीक्षण किया और लापता सभी श्रमिकों के विवरण का मिलान करने के बाद पुष्टि की कि अब सुरंग के भीतर कोई भी व्यक्ति फंसा नहीं है। मृतकों में एनएचपीसी लिमिटेड, एआरएक्स और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हैं।

वे भारत के 10 राज्यों के निवासी थे, जिनमें पश्चिम बंगाल के 11, झारखंड के 4, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के 2-2 तथा केरल, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पंजाब और असम के 1-1 व्यक्ति शामिल हैं।

## बीजेपी कार्यालय घेराव : बैरिकेडिंग तोड़ कांग्रेस व बीजेपी कार्यकर्ता भिड़े



पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने किया लाठीचार्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस कार्यकर्ता नीट पेपर लीक मामले को लेकर बीजेपी कार्यालय घेराव करने पहुंच गए हैं और पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, नरेंद्र मोदी चोर है जैसे नारे लगा रहे हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन पुलिस उन्हें रोक रही है। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं। बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर टमाटर, अंडे और पानी की बोतलें फेंक रहे हैं, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई है।

कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़ आपस में भिड़ गए हैं। दोनों दलों के कार्यकताओं के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की हो रही है। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने दोनों दलों के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया है। कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर पत्थरबाजी कर रहे हैं।

ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने कहा है कि जिन लोगों ने पत्थरबाजी की है, उनकी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

भाजपा प्रदेश कार्यालय घेराव के दौरान हुए प्रदर्शन में कथित पत्थरबाजी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा नेताओं के खिलाफ अरगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के इशारे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजी कर प्रदर्शनकारियों पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की।

## हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में युद्ध का नया मोर्चा खोला

एजेंसी

**दुबई :** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में दो सऊदी तेल टैंकरों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला करने का गुरुवार को दावा किया। इसके साथ ही अमेरिका-ईरान युद्ध में एक नया मोर्चा खुल गया है। उधर, अमेरिका ने लगातार 12वीं रात ईरान के ठिकानों पर हवाई हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने जॉर्डन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए।

हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने 'एनसेलिया' और 'लैला' नामक दो तेल टैंकरों को निशाना बनाया। सऊदी सरकार ने एनसेलिया पर हमले की पुष्टि की है, जबकि ब्रिटिश



नौसेना ने भी बताया कि सऊदी अरब के अल-शुकैक के पास लाल सागर में एक टैंकर पर हमला हुआ। इससे पोत पर आग लग गई। यह हमला उस घोषणा के बाद पहला है, जिसमें हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब से जुड़े पोतों के लिए बाब-अल-मंदेब में नाकेबंदी की घोषणा की थी। उनका कहना है कि यह कदम यमन पर वर्षों से जारी सऊदी नाकेबंदी और सना हवाई अड्डे पर हालिया हमले के जवाब में उठाया गया है। हूती संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सऊदी अरब से जुड़े पोतों की नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी, जब तक यमन पर लगी सऊदी नाकेबंदी नहीं हटाई जाती। जलडमरूमध्य लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाला दुनिया का अहम समुद्री व्यापार मार्ग है। वैश्विक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत और दुनिया के करीब 25 प्रतिशत कंटेनर यातायात इसी रास्ते से होकर गुजरता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि लाल सागर के 'बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य' में भी पोतों की आवाजाही प्रभावित होती है तो ऊर्जा बाजार के लिए यह दूसरा बड़ा झटका होगा। होर्मुज पहले से ही बंद है और कई पोत अब बाब-अल-मंदेब मार्ग से भी बचने लगे हैं। इस संघर्ष ने पहले ही वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है और अब लाल सागर के अहम समुद्री मार्ग पर भी खतरा बढ़ गया है। इस बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत गुरुवार को 3.8 प्रतिशत बढ़कर लगभग 98 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। 10 जुलाई से अब तक इसमें करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है।

### संघर्ष से दूर रहे हूती विद्रोही : रुबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में हूती विद्रोहियों से इस संघर्ष से दूर रहने की अपील की। वहीं, ट्रंप ने कहा कि ईरान पर लगातार कड़े हमले हो रहे हैं, लेकिन अभी नई वार्ता शुरू करने का समय नहीं आया है, क्योंकि तेहरान समझौते को बार-बार बदलने की कोशिश करता है।

# नीट पेपर लीक को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष कांग्रेसियों द्वारा किया गया धरना-प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नीट पेपर लीक को लेकर लोकतंत्र बचाओ छात्र न्याय आंदोलन कार्यक्रम का आंदोल आयोजन कर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। मुख्य तीन मांगो पहला केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दे। दुसरा परिक्षा में हुई अनियमितताओं एवं उन व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा, जिन्होंने लाखों छात्रों के भविष्य संकट में डाल दिया है तथा तीसरा नई दिल्ली में हुए संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरूद्ध दर्ज सभी एफआईआर एवं आपराधिक मामलों को तत्काल वापस लिया जाए को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम ज्ञापन दिए गए। कार्यक्रम कांग्रेसी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परिक्षा में बार-बार पेपर लीक होना इस बात का सबूत है कि केन्द्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। लाखों छात्र मेहनत करके परिक्षा देते हैं और कुछ लोगों की लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य दांव पर लग जाता है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को खदेड़ - खदेड़ कर मरा गया और यहां तक प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को पुलिस प्रशासन के द्वारा जमीन पर घसीटा गया जिसकी मैं घोर निन्दा करता हूं। प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार ने कहा कि नीट पेपर लीक के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर अविलम्ब इस्तीफा दे देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रघु जायसवाल जबकी धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने किया। मौके पर सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह प्रदेश कॉर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, पूर्व प्रदेश सचिव विनोद सिंह, शशि मोहन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार यादव वरीय उपाध्यक्ष शारदा रंजन दुबे जिला मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान प्रदेश पैनलिस्ट सजेद अली खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता, विरेन्द्र कुमार सिंह, रजी अहमद, निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, सुखदेव प्रसाद यादव, राम सेवक सोनी, लखराज सिंह, बाबर अंसारी महासचिव दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल रवि शंकर अकेला, संजय सिंह, संजय कुमार यादव, राकेश सिंह, रविन्द्र गुप्ता, जयप्रकाश यादव, विजय कुमार सिंह, सेवालाल मेहतो, अब्बास अंसारी, असगर अली, ब्रजकिशोर मेहता, उत्तम महतो, केदार यादव, पुरन गोप, बिनोद कुमार, किशन कुमार, आन्नद कुमार, अर्जुन कुमार, राहुल कुमार, मनोज पासवान, अनिल कुमार भुईया, मुस्ताक अंसारी, बाबु खान, भैया असीम कुमार, आरिफ अंसारी, संतोष रजवार, बैजू गहलोत, प्रकाश विश्वकर्मा, छोटी राम भुईंया, अरूण कुमार, राहुल कुमार, साहिल करमाली, सैफ अली, जमाल शगीर, विकास कुमार, नरेश कुमार, सुनिल साहू, मतीन अंसारी, विकास साहु, अभिजीत सिंह, अभय नाथ पाण्डेय, नवीन सिंह, बब्लू सिंह, मिथिलेश कुमार मेहता, आलोक कुमार सिंह के अतिरिक्त सैकड़ो छात्र छात्राओं ने धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम भाग लिया ।

## एक नजर

### सिक्किम टनल हादसा में तिलैया बस्ती के एक मजदूर की मौत



**बरही :** सिक्किम के नामची जिले में सोमवार को हुए टनल हादसे में बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती निवासी जागेश्वर ठाकुर पिता स्व हेमन ठाकुर की मौत हो गई। यह हादसा सोमवार को दोपहर करीब एक बजे हुआ था, प्राप्त जानकारी के अनुसार सिक्किम के झोलुंगे के समरडुंग में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) तीस्ता चरण – छह जल विद्युत परियोजना केडी तहत निर्माणाधीन सुरंग भूस्खलन के कारण ढह गई थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि चट्टानों के भीतर फंसी मीथेन गैस के अचानक विस्फोट के कारण सुरंग ध्वस्त हो गई, जिससे अंदर जहरीला धुंआ और गैस भर गई। जागेश्वर ठाकुर की मौत की सूचना मिलते ही गांव समेत पूरा पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद मुआवजे की घोषणा सिक्किम टनल हादसे में जान गंवाने वाले एनएचपीसी में प्रत्येक मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए, सिक्किम सरकार ने 4 लाख रुपए तथा घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। मिली सूचना के अनुसार जागेश्वर ठाकुर का शव कल तक उनका पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है।

### 30 हाथियों के झुंड ने अरहर की फसल और आम की बागवानी को किया भारी नुकसान



**चलकुशा :** प्रखंड के ग्राम पंचायत चौबे स्थित चौधरी टोला में बीती रात करीब 30 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के गांव में प्रवेश करने से किसानों में दहशत फैल गई और कई खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचा। पीड़ित किसान संजीत चौधरी, पिता रामेश्वर चौधरी, ने बताया कि उन्होंने लगभग आधे एकड़ भूमि में 350 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदे गए बीज से अरहर की खेती की थी। इसके अलावा निजी खर्च से लगाए गए आम के बाग में करीब 30 आम के पौधे भी हाथियों ने तोड़ कर पूरी तरह नष्ट कर दिए। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षति का आकलन कर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने तथा क्षेत्र में हाथियों के लगातार बढ़ते आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### खेत में जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह में खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान देवलाल कुमार उम्र करीब 36 वर्ष पिता सच्चिदानंद प्रसाद कोरियाडीह निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर खेत में फंस गया था। उसी को बाहर निकालने के प्रयास में ट्रैक्टर अचानक पलट गया और चालक देवलाल कुमार उसके नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद देवलाल को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला, और आनन – फानन में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## महुंगाई खुर्द विद्यालय में रंजीत पंडित ने 25 फलदार पौधे लगाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** पिछले एक वर्ष से रंजीत पंडित लगातार सामाजिक , धार्मिक , स्वास्थ्य एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर लोगों को सेवा देने को लेकर हाथ बंटा रहे हैं।और अब प्राकृतिक एवं शैक्षणिक कार्य को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी रंजीत पंडित द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुंगाई खुर्द में कुल 20 से 25 फलदार पौधा रोपण किया। और इस दरमियान पौधा रोपित कर प्राकृतिक संवर्धन का संकल्प लिया।और रणजीत पंडित ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। आगे उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। बताते चलें कि रणजीत पंडित क्षेत्र में कई कार्य कर लोगों की सेवा में तत्पर हैं। इनके द्वारा कुछ दिन पूर्व अपने निजी खर्चे से एक सड़क की मरम्मत करवाई गई थी जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पौधारोपण कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी रणजीत पंडित, एसएमसी अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, सहायक शिक्षक अरशद जमाल, सहायक अध्यापक मंजू देवी, सतीश यादव, बेजू यादव, रंजीत यादव, नंदकिशोर प्रजापति सहित विद्यालय के समस्त छात्राएं उपस्थित थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में चंद्रशेखर आजाद तिलक व लक्ष्मी सहगल की जयंती मनायी गयी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव बी.एम. मेमोरियल स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक तथा आजाद हिंद फौज की प्रथम महिला कैप्टन डॉ. लक्ष्मी सहगल की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा एवं संचालन शिक्षक ऋषभ अग्रवाल, अभिषेक कश्यप एवं आनंदित दास ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तीनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार, उप्राचार्य पूनम कुमारी सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक कृष्ण यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि हम आजाद थे आजाद हैं और आजाद ही मरेंगे, लोकमान्य तिलक का स्वराज का संदेश और कैप्टन लक्ष्मी सहगल का राष्ट्रभक्ति एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति योगदान आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा देश और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, ऋषभ अग्रवाल, अभिषेक कश्यप आनंदित दास, विकास ठाकुर अंकित कुमार, शंकर महतो, भानु राज, आनंद राज, रेखा कुमारी, गंगा भारती, अफसाना परवीन, कुलदीप रंजन, सोनू कुमार, अंजली सोनी, नीलम बेदिया, सरिता बा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## 27 से 29 अगस्त तक होगा प्रमंडल स्तरीय 'हजारीबाग खेल महोत्सव' का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा हजारीबाग को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने "हजारीबाग खेल महोत्सव" आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। उपायुक्त के इस प्रस्ताव का सभी खेल संघों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से स्वागत करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आगामी 27, 28 एवं 29 अगस्त 2026 को प्रमंडल स्तरीय "हजारीबाग खेल महोत्सव" का भव्य आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन ओलंपिक संघ, हजारीबाग के तत्वावधान में होगा, जिसमें जिले के सभी खेल संघ सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। खेल महोत्सव के दौरान फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कराटे, शूटिंग, ताइक्वांडो, लॉन टेनिस, तीरंदाजी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खेल महोत्सव में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त हेमन्त सती ने जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, पेयजल तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## विभावि योग केंद्र मे डिप्लोमा और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे नामांकन प्रारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के योग केंद्र में पीजी डिप्लोमा इन योग एवं पीजी इन योग एंड नेचरोपैथी (सत्र 2026-28) पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।अभ्यर्थियों का चयन मेरिट सूची एवं काउंसिलिंग के आधार पर किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय योग केंद्र के निदेशक डॉ राजकुमार चौबे ने बताया कि नामांकन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दोनों ही पाठ्यक्रम में समान है। बताया कि किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक प्रतिष्ठा/मेजर के विषय में न्यूनतम 45% अंक या न्यूनतम 60% अंक से जनरल कोर्स पास करने वाले अभ्यर्थी नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी 5 अगस्त 2026 तक चांसलर पोर्टल पर निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन समर्पित कर सकते हैं। डॉ चौबे ने आगे बताया कि इस पाठ्यक्रम में नामांकन से संबंधित लिंक विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.vbu.ac.in में उपलब्ध करा दिया गया है। नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों को 10वीं से स्नातक तक के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, आवेदन प्रपत्र की प्रति एवं पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। योग केंद्र के निदेशक ने आगे बताया कि अध्ययन उपरांत उपाधि प्राप्त करने पर प्लेसमेंट के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। बताया कि शिक्षण संस्थानों में योग के शिक्षक, प्रशिक्षक तथा प्राध्यापक बनने संबंधी अनेक संभावनाएं हैं। योग शिक्षा का विस्तार अब चिकित्सा, स्वास्थ्य, सौंदर्य, प्रबंधन आदि विषयों में हो रहा है।

# उपायुक्त ने कटकमसांडी प्रखंड का किया व्यापक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत बिरहोर टोला, कंडसार का संवेदनशीलता के साथ व्यापक भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरहोर समुदाय के बीच पहुंचकर उनकी जीवन स्थितियों का प्रत्यक्ष जायजा लिया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नव प्राथमिक विद्यालय, बिरहोर टंडा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कंडसार का भी विस्तृत निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने बिरहोर टोला में चापाकलों की स्थिति, कच्चे मकानों से वर्षा के दौरान हो रहे जल रिसाव, विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे बिरहोर टंडा का पैदल भ्रमण करते हुए समुदाय के लोगों के घरों में जाकर उनकी समस्याओं को सुना और वास्तविक परिस्थितियों का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कई घरों में छत से पानी रिसने की समस्या सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। महिलाओं से संवाद के दौरान राशन नहीं मिलने, पेंशन की राशि निकासी में कठिनाई, निकटवर्ती आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन तथा अन्य बुनियादी समस्याओं की जानकारी मिली। इन समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से उपायुक्त ने अगस्त माह के प्रथम शनिवार को बिरहोर टंडा, कंडसार में विशेष बहुउद्देशीय शिविर आयोजित करने की घोषणा की। शिविर में बैंक खाता अद्यतन, आधार सुधार, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मंईयां सम्मान योजना, सरकारी सेवाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा खेती योग्य भूमि उपलब्ध कराने की मांग पर उपायुक्त ने उन्हें सामुदायिक वन पट्टा उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक पहल का भरोसा दिया। इसके पश्चात उपायुक्त ने नव प्राथमिक विद्यालय, बिरहोर टंडा, कंडसार का निरीक्षण कर बच्चों से बातचीत की तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया। उन्होंने बच्चों से सामान्य प्रश्न पूछकर उनकी सीखने की क्षमता का परीक्षण किया। विद्यालय में कई बच्चों को बिना ड्रेस के देखकर उन्होंने शिक्षक को बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा खेल-खेल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विद्यालय कार्यालय में उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए उन्होंने बच्चों के लिए उपलब्ध शिक्षण सामग्री केवल कार्यालय में सुरक्षित रखने के बजाय उसका नियमित रूप से कक्षा शिक्षण में उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कंडसार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कंडसार का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, उपचार सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, एक्स-रे कक्ष, लैब, नेत्र एवं दंत चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों की रोस्टर ड्यूटी की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। साथ ही ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य विशेष रूप से दूरस्थ एवं वंचित समुदायों तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिरहोर समुदाय की प्रत्येक समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रावणी मेला के लिए हजारीबाग से तीन एंबुलेंस देवघर रवाना



**हजारीबाग :** राजकीय श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुगम एवं सुरक्षित संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। इसी क्रम में हजारीबाग जिला' 108 प्रबंधक द्वारा 3 एंबुलेंस राजकीय श्रावणी मेला के लिए देवघर रवाना किया गया है। इस बात की जानकारी जिला 108 प्रबंधक रोहित कुमार ने दी है। इस दौरान उन्होंने बताया कि श्रावणी मेला में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं व कांवरियों को निर्बाध 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने सहित, बाबा वैद्यनाथ धाम आने वाले किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी ना हो। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस सेवा सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी संवेदनशीलता और मुस्तैदी के साथ बाबा वैद्यनाथ के भक्तों की सेवा में समर्पित रहेगा।

### बीडीओ अमृता सिंह ने मसकेडीह पंचायत में निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण




**चलकुशा :** प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह ने मसकेडीह पंचायत का दौरा कर विभिन्न निर्माणाधीन विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मसकेडीह के हरिजन टोला में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, दुर्गा चौक स्थित यात्री शेड, बरियौन छठ घाट पर बन रही सीढ़ी तथा 15वीं वित से लगे सोलर जल मीनार की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के बाद बीडीओ राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बरियौन पहुंचीं। यहां उन्होंने बिरहोर परिवार के बच्चों सहित अन्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया। साथ ही विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन (मिड–डे मील) की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया और संबंधित कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह उपस्थित रहे।

### नीट सफल छात्र सुफियान मुदस्सिर का धमना मोड़ पर स्वागत एवं सम्मान



**बरही :** आज के समय में जहां 17–18 वर्ष की उम्र के कई युवा नशे जैसी बुरी आदतों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं कुछ युवा अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से समाज के लिए मिसाल बन रहे हैं। ऐसे ही होनहार छात्र सुफियान मुदस्सिर ने मात्र 18 वर्ष की उम्र में एनएनएम परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपने परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुफियान, उर्दू मध्य विद्यालय केसद के प्रधानाध्यापक कैसर आलम साहब के पुत्र हैं। बरही के धमना मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी तौकीर रजा के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं ने सुफियान मुदस्सिर का फूल–माला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया। तौकीर रजा ने कहा कि सुफियान की यह सफलता केवल एक परीक्षा पास करना नहीं है, बल्कि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कम उम्र में भी बड़ी से बड़ी मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे और गलत रास्तों से दूर रहकर शिक्षा, मेहनत और अच्छे संस्कारों के बल पर अपने माता-पिता, समाज और देश का गौरव बढ़ाएं। तौकीर रजा ने सुफियान को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि वे आगे चलकर एक सफल डॉक्टर बनें और समाज की सेवा करते हुए नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। इस अवसर पर मो. तबरेज अंसारी अध्यक्ष मदरसा अजीजिया जेयाउल उलूम रसोईया, मो. नईम अंसारी, मो. सरफराज आलम, गुलाम मोहम्मद, मो. महताब, मो. सेराज अहमद, मो. असीर उद्दीन, हस्सान, मोदस्सिर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने सुफियान की सफलता पर बधाई दी।

### केरेडारी गरी कलां में सर्प दंश से युवक की मौत



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरीकलां गांव निवासी जितेंद्र कुमार पिता स्व सेवा महतो उम्र 34 वर्ष की मौत सर्पदंश से हो गई। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया मृत युवक 18 जुलाई को अपने खेत में सब्जी तोड़ने गया था। इस दौरान रसल वाइपर सांप ने युवक को काट लिया। युवक ने सर्प दंश की सूचना अपने परिजनों को दिया जिसपर परिजन तुरंत हजारीबाग मेडिकल कॉलेज ले गए जहां मरीज की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान 22 जुलाई को युवक की मौत! ग्रामीणों के सहयोग से 23 जुलाई को अंत्यपरीक्षण करा कर अग्नि संस्कार कर दिए। मृतक का एक 9 वर्ष का पुत्र और 5 वर्ष की पुत्री और पत्नी है वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। और खेती किसानी कर अपने और अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहा था। सर्प दंश से मौत होने से पत्नी खुशबू देवी समेत परिजनों का हाल बेहाल है! घटना पर परिजनों ने आपदा प्रबंधन के तहत अंचल अधिकारी केरेडारी से मुआवजा की मांग की है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, पुलिस से भिड़े कार्यकर्ता: जमकर चल रहा लाठी-डंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में नीट और जेपीएससी में कथित गड़बड़ियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी तनातनी अब सड़क पर पहुंच गई है। बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया था। इसके जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ता नीट पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय घेराव करने पहुंचे और पुलिस की ओर से लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ दिया।



इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी शुरू हुई और देखते ही देखते मामला हंगामे में बदल गया। दोनों तरफ से पत्थर, टमाटर, अंडे और पानी की बोतलें फेंकी गईं। धक्का-मुक्की के बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने की भी बात सामने आई है।

इस दौरान घटना की कवरेज कर रहे दो मीडियाकर्मियों के घायल होने की भी खबर है। हंगामे की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भाजपा कार्यालय के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता एक बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। इससे पहले बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में निकाले गए मार्च को पुलिस ने सुभाष चौक के पास रोक दिया था।

इसके बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता काफी देर तक आमने-सामने रहे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता 'राहुल गांधी चोर है' और 'झारखंड सरकार युवाओं को न्याय दे' जैसे नारे लगाते रहे तो वहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो', 'चंदा चोर गद्दी छोड़ो' और 'नीट पेपर लीक के आरोपी मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए। भाजपा और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच हुए इस टकराव के बाद हरमू रोड पर काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही।

## भाजपा की 'चोरी और सीनाजोरी' अब नहीं चलेगी : विजय शंकर नायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का कांग्रेस द्वारा किया गया घेराव किसी प्रकार की शुरूआत नहीं, बल्कि भाजपा की लगातार उकसावे वाली राजनीति, झूठ, दुष्प्रचार और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमलों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा वर्षों से राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ झूठ, दुष्प्रचार, धनबल और सत्ता के दुरुपयोग की राजनीति करती रही है। अब जब कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतर रही है, तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। भाजपा की "चोरी और सीनाजोरी" की राजनीति अब अधिक दिनों तक चलने वाली नहीं है। विजय शंकर नायक ने कहा कि भाजपा यह भूल गई है कि लोकतंत्र में विपक्ष दुश्मन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का आवश्यक स्तंभ होता है। यदि भाजपा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं को डराने, झूठे आरोप लगाने, राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करने या लोकतांत्रिक आंदोलनों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास करेगी, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक और जन-जन के बीच संविधान के दायरे में रहकर उसका करारा और लोकतांत्रिक जवाब देगी। भाजपा की चोरी और सीनाजोरी अब नहीं चलने दी जाएगी। विजय शंकर नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न कभी अन्याय के सामने झुकी है और न आगे झुकेगी। लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और जनता के अधिकारों पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा को यह भ्रम छोड़ देना चाहिए कि सत्ता के अहंकार, दमन और दुष्प्रचार के सहारे वह हमेशा जनता की आवाज दबा सकती है।

## झारखंड में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट की स्थापना की दिशा में पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट की स्थापना की दिशा में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में 22 को झारखंड फिल्म एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट के बीच संपन्न हुए एमओयू के क्रम में सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के कुलपति समीरन दत्ता अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ सूचना भवन का दौरा किया। बैठक के दौरान इंस्टिट्यूट की स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई साथ ही इंस्टिट्यूट में कोर्स प्रारंभ करने हेतु आवश्यक सुविधाओं का आकलन किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक श्री आनन्द ने जानकारी दी कि JFTI के आरंभिक चरण में आवश्यकताओं के अनुरूप Short-duration Courses शुरू किए जाएंगे, जिनमें Part-time, Full-time एवं Evening Classes की सुविधा उपलब्ध होगी, कोर्स की अवधि एक, दो, तीन या छह महीने की होगी। JFTI के प्रारंभिक चरण में विद्यार्थियों एवं कामकाजी युवाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए Short-duration Courses भी शुरू किए जाएंगे, जिन्हें Part-time, Full-time तथा Evening Classes के रूप में संचालित किया जाएगा। फिलवक्त सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के तकनीकी सहयोग से विभाग के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जल्द ही शार्ट टर्म कोर्सेज शुरू किए जाने का प्रयास है। सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता के कुलपति समीरन दत्ता ने कहा कि झारखंड फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट (JFTI) के शुरू होने से झारखंड के युवाओं, एडिटिंग, एनिमेशन डायरेक्शन और फिल्म प्रोडक्शन जैसे सिनेमा के सभी प्रमुख अंगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।



## सदर अस्पताल रांची में बढ़ीं अत्याधुनिक सुविधाएं, उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल रांची में चिकित्सा सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीटी स्कैन, पैथोलॉजी, एमआरआई, शिशु वार्ड, ऑर्थोपेडिक वार्ड, ओपीडी सहित अन्य प्रमुख विभागों का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में दवा उपलब्धता, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा और बुनियादी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



**मरीजों से जाना अस्पताल की व्यवस्था का हाल**

उपायुक्त ने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों और परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

एक मरीज के परिजन ने कहा, सदर अस्पताल में इलाज बहुत अच्छा हो रहा है। यहां बड़े निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं मिल रही हैं और दवाइयां भी समय पर उपलब्ध हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एक बुजुर्ग महिला मरीज से मुलाकात कर उनका हाल जाना और संबंधित चिकित्सक को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं ऑर्थोपेडिक वार्ड में भर्ती एक बच्चे और उसके परिजनों से भी बातचीत की।

## स्वास्थ्य अधिकारियों को मिला मातृ स्वास्थ्य प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मैटरनल हेल्थ सेल की ओर से राजधानी में गुरूवार को हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, समय पर उपचार और प्रभावी प्रबंधन पर राज्य स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के सभी 24 जिलों से 66 स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण 13 से 15 जुलाई 2026 और दूसरा चरण 21 से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित हुआ। इस अवसर पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशिप्रकाश झा, डायरेक्टर इन चीफ डॉ सिद्धार्थ सान्याल, मैटरनल हेल्थ सेल की स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ पुष्पा और आईईसी के स्टेट नोडल ऑफिसर



डॉ राहुल किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशिप्रकाश झा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी अब अपने-अपने जिलों में मास्टर ट्रेनर के रूप में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे राज्यभर में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## विकास और पर्यावरण में संतुलन ही समय की सबसे बड़ी जरूरत : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज आड्रे हाउस, रांची में SAARTHI–झारखण्ड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क द्वारा आयोजित "जलवायु अखाड़ा 2026" के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के समक्ष एक गंभीर चुनौती है, जिसका प्रभाव केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि, आजीविका, स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि "जलवायु अखाड़ा" नाम अपने आप में अत्यंत सार्थक है। झारखण्ड की परंपरा में अखाड़ा केवल एक स्थान नहीं, बल्कि संवाद, सहभागिता, सीखने और सामूहिक निर्णय का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक विषय पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों का एक मंच पर विचार-विमर्श करना समय की मांग है और इससे व्यवहारिक समाधान सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड प्राकृतिक संसाधनों, वनों, खनिज संपदा तथा समृद्ध जनजातीय संस्कृति से सम्पन्न राज्य है। यहाँ के लोगों का प्रकृति से गहरा आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी विकास यात्रा ऐसी होनी चाहिए, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक न्याय भी समान रूप से सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब विकास प्रकृति के प्रति संवेदनशील तथा समाज के प्रति समावेशी होगा। राज्यपाल महोदय ने उल्लेख किया कि राँची कभी अपने सुखद मौसम के लिए देशभर में प्रसिद्ध था तथा अविभाजित बिहार की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में इसकी पहचान रही है। किंतु इस वर्ष ही यहाँ तापमान में निरंतर वृद्धि और भीषण गर्मी का अनुभव सभी ने किया। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं का आह्वान किया कि वे जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर इस दिशा में सक्रिय योगदान दें।





## एक नजर

### अत्याधुनिक प्लांट ब्रीडिंग मॉलेक्यूलर लैब का उद्घाटन

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक फसल सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्याधुनिक 'प्लांट ब्रीडिंग मॉलेक्यूलर प्रयोगशाला' की स्थापना की गई है। गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एससी दुबे ने इस प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। कुलपति ने कहा कि यह प्रयोगशाला कृषि शोध के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पारंपरिक पादप प्रजनन (प्लांट ब्रीडिंग) को मॉलेक्यूलर विज्ञान से जोड़कर कृषि सुधार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे किसानों, उद्योग जगत और समाज को सीधा लाभ मिलेगा। यह प्रयोगशाला जलवायु-अनुकूल फसल प्रौद्योगिकियों के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाएगी।उद्घाटन समारोह में निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. डीके शाही सहित कई लोग उपस्थित थे।

### झारखंड के सभी स्थानों पर 26 से 29 जुलाई तक बारिश होने की संभावना




**रांची:** राजधानी रांची सहित झारखंड के सभी स्थानों में 26 से 29 जुलाई तक बारिश होने की प्रबल संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण आने वाले दिनों में राज्य में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 जुलाई तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के गुड़ाबांधा में 57.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान दुमका में 32.6 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बारिश दर्ज की गई। हल्की बारिश होने से मौसम में ठंड महसूस की गई और सुहाना बना रहा। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम 21.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 29.6 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32 और न्यूनतम 24.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.1 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### बिजली अलर्ट: रांची के कई इलाकों में आज 6 घंटे का पावरकट

**रांची:** राजधानी रांची के कई इलाकों में शुक्रवार को बिजली मेंटेनेंस कार्य के चलते 6 घंटे का पावरकट रहेगा। इस दौरान संबंधित इलाकों में एल-टी के नंगे तार को कवर केबल में बदलने और पोल खड़ा करने का कार्य होगा। प्रभावित इलाकों के रहवासी समय पर जरूरी कार्य निपटा लें। बिजली मरम्मत कार्य के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। पावर हाउस कोकर के अंतर्गत सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके कारण बी.पी.सी.एल पेट्रोल पम्प स्ट्रीट लाइट, डी.टी.आर एक प्रभावित होंगे। पावर हाउस पानी टंकी के अंतर्गत शशि विहार, बरियातू एवं आसपास के इलाके में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। पावर हाउस मोराबादी के अंतर्गत शशि विहार, बनिया टोली एवं आसपास के इलाके प्रभावित रहेगी। पावर हाउस मोराबादी के अंतर्गत 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बेल्जियम से झारखंड दौरा पर आए विद्यार्थियों ने स्पीकर से की शिष्टाचार भेंट




**रांची:** विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत बेल्जियम से झारखंड दौरा पर आए विद्यार्थियों ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) से शिष्टाचार भेंट की और अपने झारखंड दौरे का अनुभव साझा किया। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने विद्यार्थियों को झारखंड विधानसभा की ओर से प्रकाशित पुस्तक ₹सदन संवाद₹ को स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट की। विद्यार्थियों ने झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, सामाजिक विविधता, परंपराओं और स्थानीय जीवनशैली को जानने-समझने के अपने अनुभवों को स्पीकर के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि झारखंड का सांस्कृतिक वैभव, प्राकृतिक सौंदर्य एवं यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। वहीं स्पीकर ने बेल्जियम से आए विद्यार्थियों का झारखंड विधानसभा में स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि विभिन्न देशों के बीच आपसी समझ, मैत्री संबंध और ज्ञान के विस्तार को भी नये आयाम देते हैं।

### मंत्री इरफान ने गोल इंस्टीच्यूट के नीट में सफल छात्रों को किया सम्मानित




**रांची :** गोल इंस्टीट्यूट की ओर से गुरूवार को रांची में नीट में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इंस्टी्च्यूट से नीट परीक्षा 2026 में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है, लेकिन उनका मन उन लाखों छात्रों के दर्द से भी व्यथित है। जिनके सपनों पर पेपर लीक की घटनाओं ने चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि 28 वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा में गोल इंस्टीट्यूट के18,000 विद्यार्थी नीट परीक्षा में सफल होकर आज भारत और विदेशों में चिकित्सक के रूप में मानवता की सेवा कर रहे हैं। यह किसी भी संस्थान के लिए असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के नीट परिणामों में गोल इंस्टीट्यूट का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। मंत्री ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी सफलता से वंचित रह गए। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रभावी पहल करे, ताकि मेहनत करने वाले किसी भी विद्यार्थी का भविष्य बर्बाद न हो। अंसारी ने कहा कि वे छात्रों और अभिभावकों की इस पीड़ा को पूरी गंभीरता से समझते हैं। युवाओं के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध हो सके। वर्षों तक झारखंड की चिकित्सा शिक्षा की उपेक्षा हुई, लेकिन अब महागठबंधन सरकार इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खालखो, गोल इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बिपिन कुमार सिंह, रांची विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ए. एन. शाहदेव, सेंट जेवियर्स इंटरमीडिएट कॉलेज, रांची के प्राचार्य फादर अजय अनिल तिर्की, रिम्स फिजियोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शिशिर कुमार, पैनेसिया हॉस्पिटल, रांची के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में नीट में सफल छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जगन्नाथपुर रथ मेला में लोक संस्कृति और जन जागरूकता का संगम



**रांची:** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 16 जुलाई से आयोजित प्रचारात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आठवें दिन लोक संस्कृति और जन जागरूकता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दलों ने एक ओर झारखंड की समृद्ध लोक परंपराओं को जीवंत किया, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खुखुरागढ़ सांस्कृतिक कला केंद्र के कलाकार सुदामा सिंह द्वारा भगवान जगन्नाथ की वंदना से हुआ। इसके बाद उनके नेतृत्व में मदार्नी झूमर एवं नागपुरी गीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर विभागीय मंच पर पहुंचे पद्मश्री मधुमंसूरी हंसमुख ने कहा कि झारखंड सरकार तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार जनोपयोगी संदेशों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ झारखंड की लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, जिसके लिए वे सरकार एवं विभाग को बधाई देते हैं।

कार्यक्रम में परफॉर्मिंग आर्ट सेंटर की कलाकार नीतू देवी के नेतृत्व में नागपुरी गीत-नृत्य के साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रचारात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं हीरा नागपुर सांस्कृतिक कला केंद्र के कलाकार रतन लोहरा के नेतृत्व में नागपुरी गीत-नृत्य तथा नशा मुक्ति विषयक नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कला, संस्कृति एवं जनसंचार के प्रभावी समन्वय का उदाहरण बन रहा है। विभाग के प्रयासों के समानांतर कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी इन आयोजनों के माध्यम से स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। 24 जुलाई को कार्यक्रम के नौवें दिन प्रज्वलित विहार के आर.आर. मेहता के नेतृत्व में उरांव लोकगीत-नृत्य, छोटानागपुरी कला केंद्र के मेघनाथ महतो के नेतृत्व में नागपुरी गीत-नृत्य तथा समाज कल्याण मंच के हरिराम करमाली के नेतृत्व में नागपुरी गीत-नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

**एक नजर**

## सिल्ली थाना में जन शिकायत समाधान शिविर आयोजित



**सिल्ली :** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिल्ली थाना परिसर में गुरुवार को जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन कुमार ने की। शिविर में नागरिकों ने भूमि विवाद, साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था और कानून व्यवस्था से जुड़ी कुल छह शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें से चार मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि दो मामलों की जांच जारी है। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान शिविर का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच दूरी को कम करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में मदद मिलती है और पुलिस व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत होता है।

## पटमदा प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगता प्रमाण पत्र का शिविर आज

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार सुबह 11 बजे से दिव्यांगजनौ के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। कैम्प में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पेंशन, स्वास्थ्य जाँच, राशन कार्ड, आधार कार्ड, श्रम विभाग योजना, बाल संरक्षण से संबंधित योजना का स्टाल लगाया जायेगा।उक्त जानकारी देते हुए सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र सहित आम जनों से उपस्थित होकर संबंधित शिविर का लाभ उठाने का अपील किया गया हैं। वही सभी आंगनवाड़ी सेविका को अपने पोषक क्षेत्र अंतर्गत सभी दिव्यंग्यजनों को सूचित करना सुनश्चित करने का निर्देश भी दिया गया हैं।

## पूर्व मुखिया मेघनाथ सिंह पातर का निधन

**ईचागढ़ :** सरायकेला जिला के तिरूलडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरूलडीह पंचायत के पूर्व मुखिया एवं हेरेमुड़ी गांव के पारंपरिक ग्राम प्रधान मेघनाथ सिंह पातर का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने दोपहर करीब 1:30 बजे मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे तिरूलडीह एवं आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। मेघनाथ सिंह पातर लंबे समय तक सामाजिक एवं जनहित के कार्यों से जुड़े रहे। पंचायत के पूर्व मुखिया के रूप में उन्होंने ग्रामीण विकास, सामाजिक समरसता और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई।

## महिला डोनर स्मृति महापात्रो सहित 94 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**पटमदा :** कटीन सामुदायिक विकास भवन परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व करुणा सिंधु महतो के स्मृति में आयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष कृपासिंधु महतो के नेतृत्व में ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल तामोलिया के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कुल 94 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।जानकारी देते हुए आयोजक कृपासिंधु महतो ने बताया कि खेती के दिनों में भी ग्रामीण रक्तदाताओं का जोश रक्तदान के प्रति देखा गया।रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट देकर सम्मानित किया गया।शिविर का शुभारंभ स्व करुणा सिंधु महतो के चित्र पर माल्यार्पण का किया गया।शिविर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कु महतो,मधु सुदन महतो,रमानाथ कैवर्त,परीक्षित, भरत महतो, शरत सिंह सरदार,मंटू दत्ता,तपन देव महतो,प्रबोध महतो,पंचानन महतो,रक्तदाता पूर्व मुखिया सहदेव सिंह, चुनुलाल शर्मा,उत्तम कु महतो,विद्युत शर्मा,कृष्ण पद महतो,स्मृति महापात्र,इंद्र दत्ता सहित कई रक्तदाता और समाजसेवियों ने शिरकत किया।

# जेएसएलपीएस कर्मियों की कलमबंद हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, मांगों पर अड़े कर्मचारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के आह्वान पर जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) के स्तर-5 से 8 के कर्मियों और पदाधिकारियों की कलमबंद हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही।

कर्मचारी 21 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक प्रस्तावित कलमबंद हड़ताल पर हैं। आंदोलनरत कर्मियों का कहना है कि उनकी मुख्य मांग वेतन पुनर्गठन और नई मानव संसाधन नीति लागू करने की है।

### नई मानव संसाधन नीति और वेतन पुनर्गठन की मांग

कर्मचारियों ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश के बाद नई मानव संसाधन नीति लागू करने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। स्तर-5 से 8 के जिला और प्रखंड कर्मी राज्य के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में आजीविका मिशन को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। संघ का आरोप है कि कर्मियों ने कई बार शांतिपूर्ण संवाद, प्रशासनिक समन्वय और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें रखीं, लेकिन जेएसएलपीएस प्रबंधन की ओर से केवल आश्वासन दिया गया।

### मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संघ ने कहा कि पूर्व में हुए लिखित समझौते और शासी निकाय के निर्णयों को लागू नहीं किए जाने के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

कलमबंद हड़ताल की जानकारी जिला उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी दी गई है।

आंदोलन में जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार, महामंत्री अंजनी कुमार, मनोज यादव, बिनोद राम सहित जिले के सभी स्तर-5 से 8 के कर्मी और पांचों प्रखंडों के कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से लाठी चार्ज और पुलिसिया जुल्म के खिलाफ प्रतिवाद मार्च कल

- गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर लोकतंत्र को लाठीतंत्र बनाने की कोशिश हो रही : रवि
- आम नागरिकों, कॉलेज छात्रों और प्रगतिशील संगठनों से मार्च में शामिल होने का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में कारवाई, एनटीए को निरस्त करने एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा की मांग को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल कर रहे छात्रों पर केंद्र की मोदी सरकार की पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से लाठी चार्ज और पुलिसिया जुल्म के खिलाफ कोडरमा के आम नागरिकों की ओर से 25 जुलाई को झुमरीतिलैया में सुभाष चौक से झंडा चौक तक प्रतिवाद मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस मार्च में छात्र आंदोलन व उनकी मांगों के साथ संवेदना रखने वाले सभी आम नागरिकों को मार्च में शामिल होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी पूर्व छात्र नेता रवि पासवान ने दी।उन्होंने कहा कि देश मे मौजूदा मोदी सरकार ने बर्बरता की सभी हदें पार कर दी है। 20 जुलाई को सीजेपी के जंतर मंतर से संसद मार्च के आह्वान के बाद लाखो छात्रों के शांतिपूर्ण मार्च के दौरान केंद्र सरकार की पुलिस का विभत्स चेहरा उजागर हो गया।गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर लोकतंत्र को लाठीतंत्र बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि फिलहाल मोदी सरकार के छात्रों के साथ बर्बरता पूर्वक कारवाई से देशभर में आक्रोश है और छात्र,अभिभावक, आम नागरिक आक्रोशित है। देश की राजधानी दिल्ली में छात्रों पर हुए पुलिसिया जुल्म के खिलाफ और केंद्र सरकार की छात्रों के आंदोलन पर तानाशाही रवैया के खिलाफ कोडरमा जिले के संवेदनशील आम नागरिक सड़को पर उतरकर विरोध जताएगी और छात्रों के आंदोलन को सशक्त बनाने का कार्य करेगी।उन्होंने कोडरमा जिले के सभी आम नागरिकों, कॉलेज छात्रों और प्रगतिशील संगठनों समेत छात्र आंदोलन के समर्थकों से प्रतिवाद मार्च में शामिल होकर चट्टानी एकता प्रदर्शित करने का आह्वान किया है।साथ ही राजनीतिक दलों से हांथो में तिरंगा झंडा लेकर पहुंचने की अपील की गई है।

# डीएवी स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**डोमचांच :** डी ए वी पब्लिक स्कूल, डोमचांच में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। सभी बच्चों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं सामाजिक सरोकार की भावना विकसित करते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण किया जा सके।

# हिंदुस्तान ओलंपियाड के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** कौंडिन्य पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में आज हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025 के विजेता छात्रों का सम्मान समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 2025 में कौंडिन्य पब्लिक स्कूल में हिंदुस्तान ओलंपियाड का आयोजन किया गया था, जिसमें स्कूल के लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया था। विभिन्न विषयों पर आधारित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया था।

आज आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों की उपस्थिति में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर स्कूल के उप प्राचार्या श्रीमती सुमन सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर ज्ञान और आत्मविश्वास दोनों बढ़ाती हैं। हमें गर्व है कि हमारे स्कूल के बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समारोह के अंत में सभी सम्मानित छात्रों और उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाई गई महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी सहित सभी सहायक प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा चंद्रशेखर आजाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में बी.एड. सत्र 2025-27 के प्रशिक्षु मनीष कुमार ने देश की आजादी में चंद्रशेखर आजाद के योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन-संघर्षों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि, चंद्रशेखर आजाद ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति का परिचय देते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए उनका संघर्ष और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। आज के युवाओं एवं भावी शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे उनके आदर्शों और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी.एड. सत्र 2025-27 के सभी प्रशिक्षु लवजीत कुमार विश्वकर्मा, आयुष कुमार, अंकित चंद्रा, लोकेश कुमार, अनिल कुमार, सूरज कुमार, अनिशा कुमारी, अंजली कुमारी, सुवेता कुमारी, बबीता कुमारी, श्रेया सिन्हा, समीना प्रवीण, दिव्या कुमारी, साक्षी कुमारी, सागर कुमार दास, प्रियंका कुमारी एवं अन्य सहित महाविद्यालय के डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा, डी.एल.एड. समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, डॉ. रामकृष्ण प्रसाद, डॉ. इंद्र कुमार जायसवाल, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार एवं बिनीता कुमारी सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रशिक्षु उर्मिला कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल दास के द्वारा किया गया।

# नीट मे बाघमारा स्कूल के छात्र निखिल कुमार ने लहराया सफलता का परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा का पूर्व छात्र निखिल कुमार ने देश की प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट (नीट) 2026 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष नीट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समर्पित शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। मालूम हो की निखिल कुमार 2024 की बोर्ड परीक्षा में 486 अंक लाकर पूरे राज्य में 9 वे स्थान बनाया था एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आगे की शिक्षा वह राजस्थान के कोटा में रहकर तैयारी किया था। सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासित अध्ययन, दृढ़ संकल्प तथा विद्यालय द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित परीक्षण, व्यक्तिगत शैक्षणिक परामर्श, प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप अध्ययन वातावरण तथा वैज्ञानिक सोच के विकास पर विशेष बल दिया जाता है। यही कारण है कि विद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी लगन, शिक्षकों के समर्पित प्रयास तथा अभिभावकों के सतत सहयोग को देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव

ने भी शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल जीवन की मंगलकामना की। इनके सफलता पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, शिक्षाविद प्रोफेसर बैजनाथ प्रसाद बरनवाल, मुश्ताक खान, पुनीत यादव, विजय यादव, वासुदेव यादव, अर्जुन चौधरी, कल्पना कुमारी, अरुण यादव, कन्हाया चंद्र यादव, नीलकंठ बरनवाल, हीरामन मिस्त्री, जितेंद्र कुमार, ललन कुमार, जय विजय यादव, कैलाश लाल बरनवाल, विद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मण चंद्र यादव, वरीय शिक्षक पिंटू कुमार पांडेय,प्रभु यादव ,सिकंदर यादव, विनोद यादव ,प्रकाश यादव, रणजीत सिंह, सतीश रंजन,सुजीत राज, मनीष कुमार सिंह अर्जुन राय, रमजान हवारी, रामू यादव, विक्रम पांडेय, वीरेंद्र यादव, बबलू कुमार, दिवाकर राणा, प्रियंका कुमारी, आदि लोगों ने बधाई दिया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर घर पर गिरा, गुहगर गांव में बिजली ठप



**डोमचांच :** नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र के गुहगर गांव में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को राधेश्याम मेहता, पिता स्व. मेहता के घर के ऊपर से गुजर रहा 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार अचानक टूटकर घर के पास गिर गया। उस समय घर में लोग मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई उसकी चपेट में नहीं आया और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हादसे की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर बिजली आपूर्ति तुरंत बंद कर दी गई। लेकिन समाचार लिखे जाने तक लाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है। बुधवार से पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप है और ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। समाजसेवी राजेश राज ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विभाग लोगों की जान-माल को लेकर गंभीर नहीं है। बुधवार से बिजली आपूर्ति बंद है, लेकिन अब तक कोई अधिकारी या कर्मचारी समस्या के समाधान के लिए नहीं पहुंचा है। बिजली बाधित रहने से गांव में पीने के पानी की समस्या के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि टूटे तार की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए। साथ ही हाईटेंशन लाइन को घरों से हटाकर सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो। समर्थन करने वालों में चंद्र कुमार मेहता, सनकुमार मेहता, दिलीप मेहता, पिंटू मेहता, उमेश मेहता, बंटी मेहता, सुरेश मेहता, संजय मेहता, अर्जुन कुमार मेहता, वीणा देवी, सुनीता देवी, सुरेंद्र मेहता, रामचंद्र मेहता, गोविंद और विजय मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते तार को सुरक्षित जगह नहीं शिफ्ट किया गया तो आगे कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

## चेकिंग अभियान में 688 बेटिकट यात्री पकड़े गए, 6.45 लाख से अधिक जुर्माना

**सरिया :** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल में बिना टिकट और बिना नियम यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर शिकंजा कसा गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को धनबाद मंडल में एक विशेष मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक मनीष सौरभ ने बताया कि यह जांच अभियान एक पूर्व-नियोजित रणनीति के तहत दिन और रात (राउंड द क्लॉक) लगातार चलाया गया। जांच के दौरान कुल 688 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें मुख्य रूप से बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार (केंस्र१ङ्क्षस्री१ अ४३ँङ्क१३८) के यात्रा करने वाले और बिना बुक कराए गए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। नियम तोड़ने वाले इन यात्रियों से जुमार्ने के रूप में 6,45,315 (छह लाख पैंतालीस हजार तीन सौ पंद्रह रुपये) की राशि वसूल की गई। पकड़े गए यात्रियों से जुमार्ना वसूलने के साथ ही उन्हें भविष्य में उचित और वैध टिकट लेकर ही यात्रा करने की कड़ी चेतावनी दी गई।चेकिंग टीमों ने केवल स्टेशनों तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि विभिन्न मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी कोच-टू-कोच सघन चेकिंग अभियान चलाया। धनबाद रेल मंडल के अनुसार, स्टेशनों और ट्रेनों में अनाधिकृत यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसा चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। रेलवे की इस सख्त कार्रवाई का सीधा असर धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर देखने को मिला। चेकिंग के डर और कार्रवाई से बचने के लिए अनारक्षित टिकट काउंटरों पर यात्रियों की लंबी कतारें और काफी भीड़ देखी गई। पूर्व मध्य रेल, धनबाद मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही रेलवे प्लेटफॉर्म पर प्रवेश करें। साथ ही, आपके पास जिस श्रेणी का टिकट उपलब्ध हो, केवल उसी श्रेणी में यात्रा करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

## सरिया को जिला बनाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी

**सरिया :** सरिया अनुमंडल को नव सृजित सरिया जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के अगुवाई में 48 घंटा का भूख हड़ताल आंदोलन गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस भूख हड़ताल में जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक त्रिभुवन मंडल, सचिन राजू मंडल ,राजेश मंडल भूख हड़ताल पर बैठे है। आंदोलनकारी का कहना है कि सरिया अनुमंडल को नव सृजित जिला का दर्जा मिले इसके लिए जिला बनाओ संघर्ष समिति के द्वारा बीते एक दशक से कई तरह के आंदोलन चलाए जा रहे हैं। वहीं आगे कहा की सरिया जिला बनने की सारी आहताओं को पूरा करता है, यहां अनुमंडल मुख्यालय के अलावा ,अनुमंडल स्तरीय अस्पताल, अनुमंडल स्तरीय न्यायालय की स्वीकृति, अनुमंडल स्तरीय न्यायालय में उच्च न्यायालय के द्वारा तीन न्यायाधीशों का पद सृजन, अनुमंडल स्तरीय जेल की स्वीकृति, अनुमंडल स्तरीय फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्वीकृति के अलावा बिजली के लिए पावर ग्रिड, कई सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज , आईटीआई कॉलेज इनके अलावा केंद्र व राज्य सरकार की कई बड़ी-बड़ी कार्यालय कई बड़े व्यावसायिक संस्थान , नेशनल हाईवे , मनोरंजन के संसाधन कई प्रसिद्ध धार्मिक स्थल, कई पर्यटक स्थल, शहरी क्षेत्र के अलावा वर्तमान में गिरिडीह जिला मुख्यालय से सबसे अधिक दूरी लगभग 90 से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थिति यह अनुमंडल मुख्यालय है। जिससे लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर झारखंड सरकार इस नव सृजित जिला गठित करती है तो सरिया, बगोदर ,बिरनी ,राजधनवार, विष्णुगढ़ आदि क्षेत्र के लोगों को काफी राहत का सामना करना पड़ सकता है । बताते चले की जिला मुख्यालय के द्वारा भी सरिया को जिला बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को पूर्व में भेजा जा चुका है ,वहीं इस भूख हड़ताल के दूसरे दिन स्थानीय लोगों का काफी समर्थन मिला। इस आंदोलन में मुख्य रूप से कई दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, पत्रकार संगठन आदि ने भी अपना समर्थन दिया।

## मिलन चौक स्थित नाइटिंगेल स्कूल ऑफ नर्सिंग कॉलेज के कैंपस से कार चोरी

**अनगडा :** मिलन चौक स्थित नाइटिंगेल स्कूल ऑफ नर्सिंग कॉलेज के कैंपस से 20 जुलाई को रात में अज्ञात चोरों द्वारा एक कार जिसका रजिस्टेशन नम्बर जेएच 01 एल 3851 चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। कॉलेज प्रबंधन अजित महतो ने बताया कि जब मैं सुबह लगभग पांच बजे कॉलेज परिसर में देखा तो कार नजर नहीं तब मै अगल बगल पता किया और कॉलेज के सी सी टी बी खंगाला लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया उसके बाद स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत की गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### बस से गिरकर युवक की मौत

**सिमरिया :** सिमरिया थाना क्षेत्र के पिपराडीह निवासी भीम प्रसाद की यात्री बस से गिरने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 2 बजे दीप ज्योति बस से उतरने के दौरान वह गिर पड़े। इसी दौरान बस आगे बढ़ गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल सिमरिया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बगरा चौक पर सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

### सांसद के निर्देश पर क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़क की हुई मरम्मत

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव पंचायत के तेतरिया यादव टोली को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़क की गुरुवार को मरम्मत कर आवागमन बहाल किया गया। यह कार्य चतरा सांसद कालीचरण सिंह के निर्देश पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार एवं सांसद प्रतिनिधि आशीष दांगी की पहल से कराया गया। जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के दौरान तेज बहाव में सड़क पर बनी पुलिया बह गई थी, जिसके बाद इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद सड़क और पुलिया का निर्माण जिला अथवा प्रखंड प्रशासन की ओर से नहीं कराया गया। इस वर्ष हल्की बारिश में ही सड़क का क्षतिग्रस्त हिस्सा फिर बह गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलने पर सांसद कालीचरण सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

# 21वीं सदी में भी अंधेरे में जी रहा घामा पहाड़ गांव

## न बिजली, न सड़क, न शुद्ध पेयजल और न मोबाइल नेटवर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित मेराल पंचायत के सुदूरवर्ती घामा पहाड़ गांव की तस्वीर आज भी विकास से कोसों दूर है। लगभग एक हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में आज तक न बिजली पहुंची है, न पक्की सड़क बनी है और न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो सकी है। मोबाइल नेटवर्क की सुविधा भी नहीं होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अब तक बिजली के खंभे तक नहीं लगाए गए हैं। सूरज ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है और लोग लालटेन एवं ढिबरी के सहारे जीवन गुजारने को मजबूर हैं। बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पेयजल की समस्या भी गांव की सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल है। बरसात के दिनों में लोग पहाड़ के झरनों का पानी पीते हैं, जबकि गर्मी के मौसम में नदी और चुआ से दूर-दूर तक पानी लाना पड़ता है। शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। आवागमन की स्थिति भी बेहद खराब है। मेराल पंचायत से घामा पहाड़ गांव तक आज तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है। बारिश के दिनों में रास्ता और भी दुर्गम हो जाता है। किसी के बीमार पड़ने पर मरीज को चारपाई पर लादकर कई किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह रास्ता किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सड़क, बिजली, पानी और मोबाइल टावर की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक केवल आश्वासन ही मिला है। उनका आरोप है कि चुनाव के समय नेता गांव आते हैं, वादे करते हैं और फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई हालचाल लेने नहीं आता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मांग की है कि घामा पहाड़ गांव में अविलंब बिजली, शुद्ध पेयजल, पक्की सड़क और मोबाइल नेटवर्क (टावर) की व्यवस्था कराई जाए, ताकि ग्रामीण भी सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, हम लोग अंधेरे में पैदा हुए, अंधेरे में ही बूढ़े हो गए। बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती। बीमार पड़ जाएं तो अस्पताल पहुंचते-पहुंचते जान पर बन आती है। अब और इंतजार नहीं कर सकते।



चुनाव में सिर्फ वादे, अब चाहिए विकास : ग्रामीण

## मां भद्रकाली सेवा संस्था लगाएगी निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी :** जिले के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर में गुरुवार को मां भद्रकाली सेवा संस्था की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के दौरान शिवभक्तों की सेवा के लिए 30 जुलाई से 28 अगस्त तक निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर लगाया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि देवघर सहित विभिन्न राज्यों एवं दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले कांवड़ियों के लिए रहने, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी। शिविर में संस्था के स्वयंसेवक चौबीसों घंटे सेवा कार्य में तैनात रहेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संस्था के अध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कांवड़ियों के लिए और अधिक बेहतर एवं व्यवस्थित सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सावन माह में आने वाले प्रत्येक शिवभक्त को सम्मानपूर्वक सुविधा उपलब्ध कराना है। बैठक में उपाध्यक्ष आदित्य पासवान, सचिव सह कलाकार निर्भय पाण्डेय, कोषाध्यक्ष धीरज चंद्रवंशी, मुख्य सलाहकार संतोष केसरी, संरक्षक कुंदन पासवान तथा मुख्य सदस्य राहुल पुनीत सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## गिद्धौर में 303 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल की सौगात, नियमित उपस्थिति बढ़ाने पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत प्लस-2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने की। इस दौरान प्रखंड के आठ विद्यालयों के कुल 303 छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल वितरण योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा के 41, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारीसाखी के 72, पीएम श्री मध्य विद्यालय गिद्धौर के 52, कन्या मध्य विद्यालय गिद्धौर के 17, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बरटा के 18, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गांगपुर के 32, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुब्धिया के 20 तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मंझगवा तरी के 51 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि सरकार की साइकिल योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, शिक्षा से जोड़कर रखना तथा विद्यालयों में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अभिषेक दास, प्लस-2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार टिंकू, उप प्रमुख प्रीतम यादव, बबलू साव, यदुनंदन पांडे, बीआरपी कृष्णा मुरारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी सहित सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### तीन माह बाद दिव्यांग बेटे की हुई घर वापसी माता-पिता की आंखें हुईं नम



**मयूरहंड :** करीब तीन माह पहले घर से बिछड़ा बिहार के नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड अंतर्गत मनियांवा निवासी मनोज पासवान का 15 वर्षीय मानसिक रूप से दिव्यांग पुत्र विकास कुमार आखिरकार अपने माता-पिता से मिल गया। विकास अपने परिवार का इकलौता पुत्र है। उसके लापता होने के बाद परिजन गहरे सदमे में थे और लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर बेटे की खोजबीन शुरू कराई। वहीं आर्यावर्त लोक सेवा संस्थान ने भी विकास की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर साझा की। इसी दौरान चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मंझगांवा के उप मुखिया उपेंद्र दांगी की नजर सोशल मीडिया पोस्ट पर पड़ी। उन्होंने तत्काल संस्थान से संपर्क कर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई, जिसके आधार पर विकास की पहचान की पुष्टि हुई और उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। संस्थान और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से विकास को सकुशल उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। करीब तीन महीने बाद बेटे को सामने देखकर माता-पिता की आंखें खुशी के आंसुओं से भर गईं। परिवार ने इस मानवीय पहल के लिए आर्यावर्त लोक सेवा संस्थान तथा सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में संस्थान के संस्थापक अविनाश कुमार, सदस्य रेणु देवी एवं रवि सिंह के साथ-साथ रंजन सिंह, धीरन ठाकुर, रामखेलावन दांगी, राहुल राणा, चंद्रदेव दांगी, अरुण दांगी और राजू दांगी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 9 अगस्त से चतरा होकर कोयला परिवहन रोकने की चेतावनी, झामुमो नेता ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**सिमरिया :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य मनोज कुमार चन्द्रा ने उपायुक्त चतरा को ज्ञापन सौंपकर 9 अगस्त 2026 से हजारीबाग की एनटीपीसी परियोजनाओं से निकलने वाले उन कोयला वाहनों के चतरा जिले से परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है, जो चतरा होकर पुनः हजारीबाग की रेलवे साइडिंग तक जाते हैं। सौंपे गए ज्ञापन में हजारीबाग जिले के कोयले का परिवहन उसी जिले के निर्धारित मार्गों से कराने, चतरा जिले पर अनावश्यक कोयला परिवहन का बोझ समाप्त करने, सड़क दुर्घटनाओं एवं प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगाने, फ्लाई ऐश के परिवहन को नियमानुसार सुनिश्चित करने तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की गई है। मनोज कुमार चन्द्रा ने कहा कि चतरा जिले से लगातार हो रहे भारी कोयला परिवहन के कारण आम लोगों को सड़क दुर्घटनाओं, धूल प्रदूषण और जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो 9 अगस्त 2026 से चतरा होकर होने वाले कोल परिवहन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## आईटीआई मुरुमदाग में प्लेसमेंट ड्राइव कई छात्रों को मौके पर मिले ऑफर लेटर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**इटखोरी :** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत आईटीआई कॉलेज, मुरुमदाग में गुरुवार 23 जुलाई 2026 को एक दिवसीय छात्र प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छह प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जबकि करीब 300 छात्र-छात्राओं ने रोजगार के अवसरों को लेकर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूएनडीपी के प्रतिनिधि ने किया। इस दौरान कॉलेज के सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने संस्थान, कार्यक्षेत्र, वेतन पैकेज तथा करियर में आगे बढ़ने की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया के दौरान योग्य पाए गए कई छात्रों को कंपनियों ने मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए। कंपनियों की जानकारी और रोजगार के अवसरों से प्रेरित होकर कई विद्यार्थियों ने तत्काल नौकरी ज्वाइन करने की इच्छा भी व्यक्त की। मुख्य अतिथि यूएनडीपी के प्रतिनिधि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल ही आज के समय की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों से प्रशिक्षित युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मेहनत, अनुशासन और कौशल के बल पर हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य ने सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों, मुख्य अतिथि तथा उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## नीट-यूजी में वंशिका राज ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 4174, समाजसेवी ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कान्हाचट्टी :** कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के खापलवानी गांव निवासी शिव कुमार सिंह की पुत्री वंशिका राज ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 626 अंक प्राप्त किए हैं। इस शानदार सफलता के साथ उन्होंने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 4174 हासिल कर परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशिका राज की इस उपलब्धि पर समाजसेवी नितीश कुमार उनके आवास पहुंचे और उन्हें शॉल एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने वंशिका को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। नितीश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं में किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करने की पूरी क्षमता होती है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण की होती है। वंशिका राज ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियां भी मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित विद्यार्थियों का रास्ता नहीं रोक सकतीं। वंशिका की इस सफलता से उनके माता-पिता और परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि ने न केवल गांव, बल्कि पूरे कान्हाचट्टी प्रखंड का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता क्षेत्र के उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है। इस अवसर पर परिजनों, ग्रामीणों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने वंशिका राज को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अनावद्ध निधि योजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं, लंबित कार्य जल्द पूरे करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** समाहरणालय स्थित गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला योजना अनावद्ध निधि अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत क्रियान्वित एवं प्रस्तावित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की लंबित एवं अपूर्ण योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित योजनाओं का प्रतिवेदन शीघ्र समर्पित करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिन योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, उनका कार्य अविलंब प्रारंभ किया जाए, ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिले और आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल), ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल तथा जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा सहित संबंधित कार्यकारी एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागों को स्वीकृत योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला

:– आवश्यक सूचना :–

वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत अनुदान/लाभुक अंशदान पर संचालित गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित होने के लिए इच्छुक पशुपालक/लघुउद्यमि/युवाशिक्षित बेरोजगार/ स्वयं सहायता समूह के सदस्य /प्रगतिशील पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय गुमला से कार्य दिवस में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा की अनुसंशा एवं स्थानीय जाति/निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/विकालांगता संबंधि प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला में दिनांक–11.08.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला/संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता हैं। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवा रहोंगे।

| क्र | योजना क नाम | परियोजना लगत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 02 दुधारू गाय/ भैंस की योजना | 1,35,050/– | 90% | आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त महिला/दिव्यांग/विधवा महिलाओं के लिए। |
| | | | 75% | शेष सभी महिला लाभुकों के लिए |
| | कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना | | | |
| 2. | 05 दुधारू गाय/ भैंस की योजना (मिनी डेयरी) | 3,37625/– | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 50% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 3. | 10 दुधारू गाय/ भैंस की योजना (मिडी डेयरी) | 6,75,250/– | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 50% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| | चारा काटने की मशीन | | | |
| 4. | हस्त चालित चैफ कटर | 12,000/– | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 5. | विद्युत चालित चैफ कटर | 26,000/– | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| | प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना | | | |
| 6. | मिल्कींग मशीन 4 बकेट | 1,20,000/– | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 7. | पनीर एवं खोआ मे किग यूनिट 1 सेट | 1,00,000/– | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 8. | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3m x 2m x 1m | 25,000/ | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचितजाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 9. | डीप बोरिंग | 1,00,000/– | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 10. | काउ मैट | 5,200/– | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |

गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए निर्धारित आहर्ता एवं शर्ते निम्नवत है:–

- ❖ इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन/अनुसंशा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायतस्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान, मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर), झारखण्ड मिल्क फेडरेशन (JMF) के प्रतिनधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे। लाभुकों के चयन हेतु अनुसंशा ग्राम सभा अथवा पंचायतस्तरीय समिति दोनों में से कोई एक के द्वारा किया जाएगा।
- ❖ विगत 05 वर्शों में जिन परिवारों द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- ❖ अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान 01(एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रतिक्षा सूची के अगले लाभुक का चयन किया जाएगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि लाभुकों के Escrow Account में हस्तातरित की जाएगी।
- ❖ ए0पी0एल0 वर्ग के लाभुक जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमिधारक/ पूर्व अथवा वर्तमान सवैधानिक पदधारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ के कर्मी को छोड़कर) रू0 10,000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/ पिछले मूल्यांक वर्श में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवार/यथा चिकित्सक, अभियंता/वकील चार्टेड एकाउन्टेंट एवं आर्किटेक्ट वर्ग होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होगें। (लाभुकों को वर्णित आशय का स्व–अभिप्रमाणित घोषणा पत्र देना होगा।
- ❖ दुधारू मवेशी वितरण योजना का कियान्वयन के कम में दुधारू मवेशी का कय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा। दुधारू मवेशी का कय विभाग द्वारा अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता से ही किया जाएगा।
- ❖ प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत र्स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान कय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- ❖ वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर अनुदान राशि लाभुकों का उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- ❖ मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् अंतिम रूपसे चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित् किया जायेगा।
- ❖ लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान खोले गये Escrow Account में DBT के माध्यम से किया जायेगा।
- ❖ दुधारू मवेशी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत की जाएगी।
- ❖ दुधारू गाय/भैंस योजना का लाभ लेने के लिए चयनित लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत प्रशिक्षण यथा 06 (छः) दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेश कार्यकम में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- ❖ दुधारू मवेशी वितरण कार्यकम अन्तर्गत चयनित लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु उनके बैंक खाता में हस्तांतरित की गई राशि के विरूद्ध दुधारू पशुओं का कय संबंधी कार्रवाई लाभुकों के प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधि प्रमाण प्रत्र के सत्यापन के उपरान्त ही की जाएगी।

PR 385674 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27).D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
गुमला

# बिहार में यूरिया एवं डीएपी की स्थितिः चुनौती, कारण और समाधान

बिहार देश के प्रमुख कृषि प्रधान राज्यों में से एक है, जहां राज्य की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। धान, मक्का, गन्ना, गेहूं, दलहन, तिलहन तथा सब्जियों की खेती यहां की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इन फसलों की अच्छी पैदावार के लिए समय पर और संतुलित मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) किसानों की सबसे अधिक उपयोग में आने वाली खाद हैं। हर वर्ष खरीफ और रबी सीजन के दौरान इनकी मांग कई गुना बढ़ जाती है। यदि समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होते तो बुवाई, पौधों की वृद्धि और अंततः उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान खरीफ मौसम में बिहार के कई जिलों से यूरिया और डीएपी की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। अनेक स्थानों पर किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने, कृत्रिम कमी पैदा करने और कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आई हैं। इससे किसानों की आर्थिक परेशानी बढ़ी है और खेती की लागत में भी वृद्धि हुई है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है क्योंकि उनके पास अतिरिक्त संसाधन नहीं होते। विशेषज्ञों के अनुसार बिहार में उर्वरकों की कमी का सबसे बड़ा कारण यह है कि राज्य में यूरिया और डीएपी का पर्याप्त उत्पादन नहीं होता। बिहार अपनी अधिकांश आवश्यकता अन्य राज्यों के उर्वरक संयंत्रों से प्राप्त करता है। इन उर्वरकों की आपूर्ति रेलवे रैक, सड़क परिवहन और गोदामों के माध्यम से होती है। यदि रेलवे रैक समय पर उपलब्ध नहीं होते या परिवहन व्यवस्था बाधित होती है तो जिलों तक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। कई बार गोदामों से खुदरा विक्रेताओं तक वितरण में भी विलंब होता है, जिससे कृत्रिम संकट की स्थिति बन जाती है। उर्वरक संकट का एक अन्य कारण असंतुलित उपयोग भी है। अनेक किसान वैज्ञानिक सलाह के बजाय केवल यूरिया पर अधिक निर्भर रहते हैं। इससे यूरिया की मांग अचानक बढ़ जाती है, जबकि फसल को संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। कृषि वैज्ञानिक लगातार सलाह देते रहे हैं कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित उपयोग ही अधिक उत्पादन और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। केवल यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और दीर्घकाल में उत्पादन क्षमता भी घट सकती है। केंद्र और राज्य सरकार समय-समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाती रही हैं। उर्वरक की आपूर्ति की नियमित निगरानी, जिला स्तर पर भंडारण की समीक्षा, कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी तथा लाइसेंसधारी विक्रेताओं का निरीक्षण जैसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। कई जिलों में कृषि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खाद-बीज दुकानों की जांच भी की जा रही है, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में हाल ही में वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयसी तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निदेशक (मूवमेंट) अभय कुमार से मुलाकात कर बिहार, विशेष रूप से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि खरीफ सीजन में उर्वरकों की कमी के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है इसलिए आवश्यक है कि बिहार को उसकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान केंद्रीय अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि बिहार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# विकल्पहीनता का मतलब अराजक प्रदर्शन तो नहीं

**सियाराम पांडेय 'शांत'**

पद बड़ा है या कद, इसे देखने के लिए विवेक की आंखें चाहिए। पद की अपनी मयार्दा होती है। पद व्यक्ति का कद देखकर मिलता है। योग्यता और दक्षता ही पद प्राप्ति के आधार बनते हैं। पद से केवल अधिकार ही नहीं मिलते, उससे जुड़े कर्तव्य भी निभाने पड़ते हैं। संविधान ने अगर व्यक्ति को मौलिक अधिकार दिए हैं तो नीति निर्देशक तत्वों की भी व्यवस्था दी है। राहुल गांधी और उनके साथी कांग्रेसियों ने जिस तरह प्रधानमंत्री आवास पर अराजक प्रदर्शन किया, उसकी जितनी भी आलोचना की जाए, कम होगी। प्रदर्शन कब और कहां किया जाए, इसका देश-दुनिया में क्या संदेश जाएगा, इस पर विचार मंथन तो होना ही चाहिए। बहस की जगह संसद है या सड़क इस पर राजनीतिक, वैचारिक रोशनी तो पड़नी ही चाहिए। विरोध के लिए विरोध और सार्थक विरोध के बीच की रेखा तो दिखनी ही चाहिए, वर्ना अनावश्यक दबाव की राजनीति विकास के राजपथ को ध्वस्त कर देगी। अराजकता देश में सिर चढ़कर बोलने लगेगी और यह स्थिति किसी भी लिहाज से ठीक नहीं होगी।

राहुल गांधी ने कहा है कि वे कहां धरना देंगे, वह उनकी मर्जी है। उन्हें समझना होगा कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। विवेकहीन मनमर्जी का अधिकार तो किसी के भी पास नहीं है। वैसे भी राजनीति में कुछ भी सरल नहीं होता, उसे समझने के लिए पर्याप्त मगजमारी करनी पड़ती है फिर भी गुत्थी समझने का नाम नहीं लेती। इधर दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। यह आंदोलन नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़ा है। इस लिहाज से यह आंदोलन छात्रों के व्यापक हित के सर्वथा अनुकूल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी यह मानना है कि पेपर लीक होने और परीक्षा में नकल महापाप है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर कुछ ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सत्य वचन है लेकिन यही बात वे पहले भी कह सकते थे।

नीति भी यही कहती है कि फोड़े को पकने से पहले फोड़ देना चतुराई है। शत्रु को जीवित छोड़ देना बुराई है। जब आंदोलन अपने चरम पर है और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके सरकारी आवास पर विरोध-प्रदर्शन किया, तब जाकर उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी। जो प्रधानमंत्री हर परीक्षा से पहले छात्रों का मार्गदर्शन करते रहे हैं, इस मामले में उनकी अप्रत्याशित चुप्पी हैरान और परेशान तो करती ही है। भले ही उन्होंने बिना कुछ कहे नीट परीक्षा कैंसिल कराई और पुनः नीट परीक्षा कराई, जिससे मेधावी छात्रों का नुकसान न हो। उन्होंने पेपर लीक और परीक्षा में शामिल नेटवर्क पर शिकंजा भी कसा है। कुछ लोग जेल भी भेजे गए हैं लेकिन प्रभावित छात्रों को सांत्वना के दो मीठे बोल कितनी राहत देते, यह किसी से छिपा नहीं है। वैसे भी यह विचार का एक सिरा है लेकिन दूसरे सिरे को समझना बड़ा कठिन है। दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी के जनक अभिजीत दीपके का भारतीय राजनीति में अकस्मात प्राकट्य भी बेहद रहस्यमय है। अभिजीत दीपके पहले से ही आम आदमी पार्टी से जुड़े रहे हैं। वे उसका चुनाव प्रबंधन देखते रहे हैं। डिजिटली स्ट्रांग भी हैं। उन्होंने ऑनलाइन जनता से जोड़कर आम आदमी पार्टी को बड़ी ऊंचाई दी थी। फिलवक्त आम आदमी पार्टी के सितारे गर्दिश में हैं। वह अपने बलबूते नरेन्द्र मोदी को पटखनी नहीं दे पा रही थी। इसलिए उसने एक नए चेहरे की तलाश की, जिसके जरिए वह सत्ता की खोई जगह फिर वापस पा सके।

जब सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक मामले में कॉकरोच जैसी टिप्पणी की तो दीपके ने कॉकरोच जनता पार्टी का लोगो बनाकर लोगों को चौंकाने का काम किया। आम आदमी पार्टी ने भी अपने लोगों के जरिए उस लोगो को सोशल मीडिया पर फैलाने का काम किया। दीपके का अपना नेटवर्क था ही। उसी बीच नीट का मामला उछल गया और आम आदमी पार्टी ने दीपके को अमेरिका से भारत बुला लिया। कहना न होगा कि पहले दिन से ही आम आदमी पार्टी और उसके नेता सीजेपी के आंदोलन को सपोर्ट कर रहे थे। कांग्रेस भी इस बात को जानती थी और भाजपा भी। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी खामोश रहे लेकिन उन्होंने छात्रों का अहित रोकने के लिए दोबारा परीक्षा कराई। पेपर लीक के खेल में शामिल कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस इस आंदोलन के खिलाफ थी। इस पर राहुल गांधी के पूर्व के बयान इस ओर इशारा भी करते हैं। यही वजह है कि राहुल गांधी ने जंतर-मंतर की बजाय प्रधानमंत्री के आवास के पास धरना दिया और शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के भी इस्तीफे की मांग की। इस आंदोलन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इससे इतना तो साफ है कि कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर पंजाब विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ने जा रही है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन किया था लेकिन पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सत्ता की बाजी मार ले गई क्योंकि पंजाब के किसानों ने कांग्रेस से अधिक आम आदमी पार्टी पर भरोसा किया। जब प्रधानमंत्री मोदी को लगा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में विरोध का लोहा गर्म है तो उन्होंने अपनी बुद्धि का हथौड़ा बरसाने में एक पल भी जाया नहीं किया। अपने मंत्री जितेंद्र सिंह को राहुल से बातचीत के लिए भेज दिया। इससे आम आदमी पार्टी को जोर के झटके लगे। वह इस आंदोलन को कांग्रेस और भाजपा की जुगलबंदी करार देने लगी है। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को विफल करने के लिए पीएम मोदी ने राहुल गांधी को अपने आवास पर धरने पर बैठा दिया। आम आदमी पार्टी विधायक आतिशी ने तो यहां तक कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी और सोनम वांगचुक ने एक माह तक विरोध-प्रदर्शन किया। मोदी सरकार ने उनसे बातचीत से इनकार कर दिया। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री आवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन की अनुमति मिली। एक घंटे में ही मोदी सरकार ने बातचीत शुरू कर दी, वाह कैसी जुगलबंदी।

हालांकि इन हास्यास्पद आरोपों का कोई ठोस आधार नहीं है लेकिन मिथ्या आरोप की दीवार बनाने में आम आदमी पार्टी ने महारत हासिल कर ली है। वैसे भी कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को समर्थन देने के लिए मोदी विरोधी सभी ताकतें सक्रिय हो गई हैं। पार्टी के संसद मार्च को सपोर्ट करने के लिए शिवसेना उद्धव बाल ठाकरे के सांसद संजय राउत, अरविंद सावंत, राकांपा शप के मुखिया शरद पवार, उनकी बेटी सुप्रिया सुले, महुआ माजी, आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय और वामदलों के नेताओं की उपस्थिति यह बताने और जताने के लिए काफी है कि विपक्ष के पास विकल्पहीनता ही अब शेष बची है। भले ही वे यह सब प्रतियोगी छात्रों के हित के नाम पर कर रहे हैं लेकिन इसमें उनके अपने हित ज्यादा सर्वोपरि है। अब तो उद्धव ठाकरे और ममता बनर्जी ने भी जंतर-मंतर पहुंचने का ऐलान कर दिया है।

राहुल गांधी के आंदोलन के वक्त कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला का यह अभिकथन कि हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। सरकार संसद में बहस नहीं कर रही। हम क्या कर सकते हैं, सड़क पर आना पड़ रहा है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी सरकार पर संसद में बहस न करने का आरोप लगा रहे हैं लेकिन सच तो यह है कि संसद के चलने में बाधक भी यही दल हैं। पंजाब और हरियाणा से किसान नेता दिल्ली घेरने आ रहे हैं। राकेश टिकैत पहले ही अपनी राजनीति चमकाने दिल्ली पहुंच चुके हैं। ऐसा लगता है कि विपक्ष के बड़े नेताओं से बड़ा अभिजीत दीपके का कद हो गया है। इनके और न उनके ठौर वाली स्थिति है। यह सच है कि आंदोलन लोकतंत्र की आत्मा है। विरोध-प्रदर्शन सत्तारूढ़ दल को निरंकुश नहीं होने देते। उनकी नींद हराम करते हैं। सत्ता के सोने का मतलब है विकास रथ का स्तंभित हो जाना लेकिन विरोध की भी अपनी मयार्दा होती है। विरोध अहिंसक और मर्यादित होना चाहिए। नदी जब तक तटों की मयार्दा समझती है, तभी तक जीवनदायिनी होती है।

छात्रों पर लाठीचार्ज मर्माहत करने वाला है लेकिन पुलिस बल पर पथराव को भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। छात्र घायल हों या पुलिसकर्मी, दोनों ही दुखद स्थिति है। सवाल यह उठता है कि यह हालात बने क्यों? इसमें संदेह नहीं कि विपक्ष हताश और निराश है।

# किराए की कोख की दुकानों पर अंकुश

**प्रमोद भार्गव**

केंद्र सरकार "किराए की कोख" यानी सरोगेसी मदर की क्लीनिक के नाम पर खुली मनमानी दुकानों पर अंकुश लगने जा रही है। अब कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में खुल रही नई दुकानें खोलने पर सख्ती बरती जाएगी। सरोगेसी केंद्रों और इनमें होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सरकार ने इसमें पंजीयन और संचालन के नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत इन केंद्रों को अब उपग्रहों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। अब केवल राष्ट्रीय पोर्टल और ऑनलाइन आवेदन ही होंगे। इस पर निगरानी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से होगी। कागजी आवेदन व दस्तावेजीकरण की सुविधा पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। ये क्लीनिक अन्य दूसरे क्लीनिक को चिकित्सा सुविधा नहीं दे सकेगा। केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि नए नियमों का सख्ती से पालन किया जाए।

दरअसल, किराए की कोख का व्यवसायीकरण हो रहा है। यह इस तथ्य से पता चला कि कुछ ही सालों के भीतर देश में 35 से 50 प्रतिशत केंद्रों की संख्या बढ़ गई। इसी अनुपात में देश-विदेश में ठगी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। हैदराबाद में ऐसा गिरोह पकड़ा गया, जो 2 से 4 लाख में कोख किराए पर लेकर 30 लाख रुपए तक में बेच देते थे। यहां तक कि विदेशों से भी शुक्राणु दानदाता लाए गए। यानी देश के बाहर भी बच्चे बेचे गए। हालांकि 2025 में सरकार ने शुक्राणु दाता नियमों में बदलाव किया था लेकिन कारोबारियों ने इन नियमों की अनदेखी की। नाबालिग और अविवाहित लड़कियों की कोख का भी अवैध इस्तेमाल किया गया। भारत में कोख किराए से लेने का खर्च 10 से 25 लाख है, जबकि विदेशों में 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपए तक है। इसलिए सरोगेसी क्लीनिकों में किराए की कोख अवैध कारोबार का बड़ा धंधा बनती जा रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु में सरोगेसी के अनेक ठगी के मामले सामने आए हैं। इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव करना पड़ा। इसके पहले 2025 में लिव इन और समलैंगिक युगलों को किराए की कोख के जरिए माता-पिता बनने का अधिकार देने से साफ मना कर दिया था। अब ऑनलाइन जानकारी होने से निगरानी तंत्र के पास सरोगेसी क्लीनिक संचालन व नवीनीकरण संबंधी जानकारी हर वक्त सामने होगी। इससे अनियमितता को आसानी से चिन्हित कर लिया जाएगा। क्लीनिक के पास क्या वैध दस्तावेज हैं, इसकी भी पुख्ता जानकारी मिलती रहेगी। कोई भी कमी पाए जाने पर संस्था को प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इन केंद्रों के कर्मचारियों और बच्चों के जन्म की जानकारी भी मिलती रहेगी। सरकार इन नियमों को एक साथ लागू करने की बजाय चरणबद्ध अमल में लाएगी। वर्तमान कानून के अनुसार किसी अन्य महिला की कोख के प्रयोग की अनुमति तब मिलती है, जब कानून के अनुसार विवाहित जोड़ा षारीरिक रूप से अक्षम हो या फिर गर्भधारण करने में पत्नी की जान को खतरा हो। अर्थात इस हालात में वैवाहिक जोड़ा सरोगेसी मदर का साहरा ले सकता है। कानून के अनुसार यह भी बाध्यकारी शर्त है कि किराए की कोख देने वाली महिला विवाहित होनी चाहिए और कम-से-कम उसका एक बच्चा भी हो। साथ ही पति की आयु 26 से 55 वर्ष और पत्नी की आयु 23 से पचास वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

किराए की कोख के कानून में परिवर्तन इसके बढ़ते अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने की दृष्टि से किया गया है। अब केवल निःसंतान दंपति जो बच्चे पैदा करने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वे अपने किसी करीबी रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। इस सुविधा को कानूनी भाषा में "अल्ट्रस्टिक सर्जरी सरोगेसी" कहा जाता है। भारत दुनिया के दंपतियों के लिए किराए की कोख का बड़ा व्यावसायिक नाभिकेंद्र बनता जा रहा है, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में तब्दील होती जा रही है। सूचना तकनीक के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का धंधा भी शामिल है। चिकित्सा पर्यटन के बहाने विदेशी पर्यटक भारत प्रसूति पर्यटन के लिए भी आ रहे हैं।

भारत में किराए की कोख का कारोबार अरबों डॉलर का हो गया है लेकिन यह धंधा अंततः प्रकृति की प्रतिरूप महिला की कोख पर टिका है, ठीक उसी तरह जिस तरह, उदारवादी अर्थव्यवस्था प्रकृति के गर्भ में समाई खनिज संपदाओं के दोहन पर टिकी है। इस धंधे की भारी कीमत उन महिलाओं को चुकानी पड़ी है, जिन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए हर हाल में धन की जरूरत रहती है। अतएव 2016 में प्रजनन सहायक तकनीक विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने इस गोरखधंधे पर अकुंश लगाने की पहल कर दी थी। जो एक सही कदम रहा है। लेकिन इस कानून से उन्हें परेशानी है, जिन्होंने स्त्री की आर्थिक कमजोरी को वस्तु में डालकर उसकी कोख को बाजार के हवाले कर दिया है। वे यह भी दलील दे रहे हैं कि कठोर कानून से विदेशी मुद्रा का आगमन रुक जाएगा।

सरोगेसी मां बनने के लिए महिला को इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन की प्रक्रिया से गुजरना होता है। इसके लिय जैविक माता-पिता के शुक्राणु और अण्डाणु को परखनली में निषेचित करने के बाद जब भ्रूण पनप जाता है, तब उसे अन्य स्त्री की कोख में प्रत्यारोपित किया जाता है। गभार्धान का यही एकमात्र उपाय है। इसका शरीर पर विपरीत असर पड़ता है, इसके गर्भपात होने की 80 फीसदी आशंका रहती है। ऐसी 90 प्रतिशत प्रसूति शल्यक्रिया के जरिए होती हैं। ऐसे में महिला की जान का संकट भी बना रहता है। इस स्थिति में कोख किराए से देने वाली महिला का न तो कोई बीमा होता था, न ही उसके पति और बच्चों की कोई गारंटी लेता था। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी बड़ा सवाल था कि जैविक अविभावक यदि जन्म के बाद बच्चे को छोड़कर नौ-दो-ग्यारह हो जाते हैं तो उसके पालन-पोषण की जबावदेही किसकी थी? यदि नवजात शिशु विकलांग या ऐसी लाइलाज बीमारी के साथ पैदा होता है और जैविक माता-पिता उसे लेने से इनकार कर देते हैं तो उस बच्चे की जिम्मेदारी कौन लेता? ऐसी स्थिति में उन महिलाओं को और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता था, जो किश्तों पर कोख किराए पर देती थीं। ऐसी ही सुविधाओं के चलते भारत में किराए की कोख वैश्विक राजधानी बन गया था।

इस बाबत एक स्वयंसेवी संगठन के अध्ययन ने चौंकाने वाले सवाल भी उठाए थे। खासतौर से विदेशी धनवान जब किराए की कोख से संतान पाने के इच्छुक होते हैं तो वे भारत आकर एक साथ कई महिलाओं को गर्भधारण करा देते हैं। इनमें से कुछ महिलाओं में यह प्रयोग सफल हो जाता है तो वह किसी एक महिला को छोड़ बाकी का गर्भपात करा देते हैं। गर्भपात कराई गई महिलाओं को कोई धन भी नहीं दिया जाता था। यह सरासर अन्याय व अनैतिकता थी। इसी अध्ययन से खुलासा हुआ था कि कोख की कीमत कई हजार डॉलर है लेकिन इस राशि में से सरोगेसी मां को महज 1 या 2 प्रतिशत धनराशि ही बामुश्किल मिल पाती है। बाकी अस्पताल के चिकित्सक और बिचौलिये हजम कर जाते थे।

अप्रवासी भारतीयों में सरोगेसी की मांग बहुत ज्यादा थी। यदि स्त्री स्वस्थ व सुंदर होने के साथ उच्च जाति और उत्तम पारिवारिक पृष्ठभूमि से होती थी तो उसे ज्यादा पैसा दिया जाता था। अप्रवासी दंपति भारत आकर किराए की कोख द्वारा बच्चा पैदा करना इसलिए भी अच्छा मानते थे क्योंकि वे मनौवैज्ञानिक स्तर पर अपने को भारत से जुड़ा पाते थे, नतीजतन भारत में सरोगेसी की मांग तेजी से बढ़ रही रही थी। वर्तमान में अमीर घरों की स्त्रियां शौक के लिए या बच्चा पैदा करने के कठिन दायित्व से बचने के लिए किराए की कोख से संतान पैदा कर रही हैं। अतएव यह कारोबार निरंतर बढ़ रहा था। यहां तक कि नाबालिग और अविवाहित लड़कियां भी इस धंधे में धन कमाने के लिए उतरती चली आ रही थीं। इसलिए इस कानून में नए बदलाव जरूरी थे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7865

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7864 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# एआई, बायोमेट्रिक सत्यापन और डिजिटल निगरानी से मजबूत हो सकती है परीक्षा प्रणाली

**सत्यजीत दत्ता**

हर साल भारत में करोड़ों विद्यार्थी अपनी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होते हैं। नीट, जेईई और एसएससी से लेकर बैंकों और रेलवे में भर्ती के लिए होने वाली अन्य राज्य स्तरीय परीक्षाओं तक, ये सभी लाखों लोगों के भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि परीक्षा की इस पूरी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं है, यह लोगों के भरोसे का भी विषय है। हाल के समय में पेपर लीक, प्रतिरूपण, और परीक्षा केंद्रों में होने वाली गड़बड़ियों की घटनाओं ने इस भरोसे के लिए हमेशा एक खतरा पैदा किया है। यही कारण है कि अब परीक्षाओं की प्रक्रिया में एआई और बायोमेट्रिक्स को एकीकृत करने की आवश्यकता है।

पारंपरिक परीक्षा प्रणाली में उम्मीदवारों की पहचान का मैनुअल सत्यापन काफी हद तक इंविजिलेटर द्वारा प्रवेश पत्र और पहचान प्रमाण के भौतिक मिलान पर निर्भर करता था। मैनुअल सत्यापन की प्रक्रिया में इस खामी के कारण विभिन्न परीक्षाओं में प्रतिरूपण और फर्जी उम्मीदवारी की घटनाएं होती रही हैं। फिंगरप्रिंट और फेशियल रिकग्निशन के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण इस समस्या को काफी हद तक हल करने में मदद करता है। डिजिटल माध्यम से उम्मीदवार की पहचान का सत्यापन प्रतिरूपण की गुंजाइश को न के बराबर छोड़ देता है। यह जहां परीक्षा संचालन करने वाली संस्थाओं के लिए बड़ी राहत की बात होगी, वहीं यह उन ईमानदार उम्मीदवारों के लिए न्याय का भी कार्य है जो वर्षों की पढ़ाई के बाद परीक्षा देने आते हैं।

एआई तकनीक से संचालित सीसीटीवी निगरानी एक कदम और आगे जाती है। पारंपरिक सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल ज्यादातर फुटेज रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता था, जिसका विश्लेषण घटना घटित होने के बाद किया जा सकता था। एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे उम्मीदवार के असामान्य व्यवहार, जैसे लगातार इधर-उधर देखना, अनधिकृत सामग्री का कब्जा और परीक्षा हॉल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश का पता लगा सकते हैं। एक केंद्रीय रूप से नियंत्रित कमांड कंट्रोल सेंटर के साथ जीरो ब्लाइंड स्पॉट निगरानी प्रणाली सैकड़ों परीक्षा केंद्रों की एक साथ, बिना किसी चूक के निगरानी करने की अनुमति देगी। यह केवल परीक्षा हॉल तक ही सीमित नहीं है; प्रश्न पत्रों की छपाई, पैकिंग और परिवहन जैसी अन्य प्रक्रियाएं भी हैं जिनके लिए समान सावधानी की आवश्यकता होती है। सुरक्षित प्रिंटिंग जोन, डिजिटल निगरानी और नियंत्रित पहुंच का उपयोग यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने तक अपनी पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षित रहें। पेपर लीक परीक्षा हॉल के बाहर, आपूर्ति श्रृंखला की ऐसी ही किसी कमजोर कड़ी में होते हैं, इसलिए तकनीक आधारित निगरानी का उपयोग पूरी प्रक्रिया में किया जाना चाहिए।


अब आंकड़ों में भी इस बात का प्रमाण है कि तकनीक आधारित परीक्षाएं काम करती हैं। आधुनिक तकनीक से युक्त मानकीकृत रूप के परीक्षा केंद्र कम समय में लाखों उम्मीदवारों की सफल परीक्षाएं संचालित कर रहे हैं और कई राज्यों ने सरकारी परीक्षाओं के लिए इन्हें एक पसंदीदा मानक के रूप में सुझाया है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि तकनीक अकेले इसका जवाब नहीं है। एआई और निगरानी का उपयोग तभी लाभदायक है जब इसके साथ स्पष्ट और पारदर्शी प्रक्रियाएं मौजूद हों, आवश्यक विशेषज्ञता के साथ इन्हें संभालने वाले कर्मचारी हों और साथ ही लोगों को जवाबदेह बनाने वाला ढांचा हो। यह तकनीकी उपकरण है जो अनियमितताओं का पता लगा सकता है लेकिन संस्था की क्षमता यह तय करती है कि इस चेतावनी पर कितनी तेजी से ध्यान दिया जा सकता है और कार्रवाई की जा सकती है।

भारत जैसे देश के आकार को देखते हुए, जहां एक ही परीक्षा के लिए करोड़ों विद्यार्थी पंजीकरण कराते हैं, इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। लेकिन एआई, बायोमेट्रिक निगरानी और डिजिटल निगरानी के रूप में तकनीक के उचित क्रियान्वयन से यह सुनिश्चित होगा कि सभी विद्यार्थियों को एक समान, सुरक्षित और निष्पक्ष अवसर मिले।

भारत की तुलना में दुनिया के कई अन्य देशों में परीक्षा प्रणाली अपेक्षाकृत छोटे पैमाने पर काम करती है इसलिए उनके मॉडल को जस का तस भारत में लागू करना संभव नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन और चीन जैसे देशों में भी बायोमेट्रिक सत्यापन और डिजिटल निगरानी का इस्तेमाल बढ़ रहा है, लेकिन वहां परीक्षा केंद्रों की संख्या और उम्मीदवारों का आकार भारत जितना विशाल नहीं है। भारत को अपनी भौगोलिक विविधता, भाषाई अंतर और शहरी-ग्रामीण असमानता को ध्यान में रखते हुए ऐसा मॉडल तैयार करना होगा जो छोटे शहरों और कस्बों के परीक्षा केंद्रों में भी उतनी ही प्रभावी ढंग से काम करे जितना बड़े महानगरों में करता है। यही कारण है कि तकनीक को स्थानीय जरूरतों के अनुसार ढालना उतना ही जरूरी है जितना उसे अपनाना। इस पूरी प्रक्रिया में निवेश और लागत का सवाल भी स्वाभाविक रूप से उठता है। किसी को यह लग सकता है कि एआई आधारित निगरानी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी तकनीकें महंगी होंगी, लेकिन इसे एक दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखना जरूरी है। एक पेपर लीक या परीक्षा रद्द होने से जो आर्थिक और सामाजिक नुकसान होता है, वह तकनीक में किए गए निवेश से कहीं अधिक होता है। दोबारा परीक्षा कराने की प्रशासनिक लागत, विद्यार्थियों के समय की बबार्दी और सबसे बढ़कर व्यवस्था पर उठने वाला सवाल, ये सभी मिलकर यह साबित करते हैं कि सही तकनीक में शुरूआती निवेश आगे चलकर कहीं अधिक बचत लाता है।

## दैनिक पंचांग

**24 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.15 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कन्या | 09.27 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.38 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.53 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 16.09 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.14 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 20.00 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.33 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 23.04 बजे से |
| | | वृष | 00.44 बजे से |
| | | मिथुन | 02.42 बजे से |
| | | कर्क | 04.55 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 205 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 09.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 04.37 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 20.12 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.13 बजे तदनन्तर वणिज 22.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 9.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 54'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872780
**जूलियन दिन** 2461245.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर **तारीख** 09
**विशेष** आशा दशमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# एसआईआर की प्रगति की डीसी ने की समीक्षा 90 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य निर्धारित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने प्रखंडवार गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन, एएसडीडी सूची, अनमैप्ड मतदाताओं, प्रपत्र वितरण एवं अन्य लंबित बिंदुओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने जिन क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन की गति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई, वहां




विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य में तेजी लाने तथा अगले दिन शाम तक न्यूनतम 90 प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इसके सफल एवं समयबद्ध निष्पादन में किसी भी प्रकार के संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करें तथा प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों का उसी दिन डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य केवल समय पर पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रत्येक प्रपत्र का सावधानीपूर्वक परीक्षण करते हुए त्रुटियों का तत्काल सुधार कर ही उसे अपलोड किया जाए, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित एवं अद्यतन बन सके। बैठक में एएसडीडी सूची, अनकलेक्टेबल प्रपत्र, अनमैप्ड मतदाता, प्रपत्र वितरण एवं डिजिटाइजेशन की अद्यतन प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित समय-सीमा का पूर्णतः अनुपालन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के सभी कार्यों का शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची ही लोकतंत्र की सबसे मजबूत आधारशिला है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी पूरी प्रतिबद्धता, समन्वय एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, ताकि पाकुड़ जिला निर्धारित समय-सीमा के भीतर उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित कर सके।

## जाली नोट मामले में दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**साहिबगंज :** जिले के राजमहल थाना पुलिस ने माननीय न्यायालय से निर्गत जीआर संख्या 241/24 के तहत लंबित गैर-जमानती वारंट (एन बी डब्ल्यू) के मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।गिरफ्तार आरोपियों में पहला अभियुक्त हाफीजुर रहमान (24), पिता अब्दुल जब्बाल, निवासी ताहिर टोला, थाना राजमहल, जिला साहिबगंज तथा दूसरा अभियुक्त जाकिर शेख, पिता अकबर अली, निवासी यार मोहम्मद टोला, थाना राधानगर (उधवा) एवं वर्तमान पता नया बाजार, राजमहल शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध राजमहल थाना कांड संख्या 52/24, दिनांक 27 जुलाई 2024 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 तथा 489(बी) एवं 489(सी) के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के आलोक में राजमहल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## रेलव के समान की चोरी, दो साल में 1621 बेडशीट-कंबल-चादर गायब

### कोच अटेंडेंट को भरनी पड़ रही भरपाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज से गुजरने वाली ट्रेनों से विगत दो साल में 1621 बेडशीट, तौलिया, कंबल व तकिया कवर गायब हुए हैं। इन ट्रेनों में ब्रह्मपुत्र मेल, वनांचल एक्सप्रेस, गया- हावड़ा एक्सप्रेस, हावड़ा जमालपुर एक्सप्रेस, हावड़ा जयनगर एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, कामाख्या गया एक्सप्रेस, आनंद विहार एक्सप्रेस, मालदा राजेंद्रनगर एक्सप्रेस, दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेन शामिल है। जहां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की अपेक्षा 2025-26 में चोरी में कुछ कमी आयी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 875 आइटम गायब हुए थे। इनमें 243 बेडशीट, 192 तकिया कवर, 183 तौलिया, 59 तकिया और 98 कंबल शामिल हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 746



आइटम गायब हुए। इनमें 254 बेडशीट, 190 तकिया कवर, 159 तौलिया, 54 तकिया और 89 कंबल शामिल हैं। यानी दो वर्षों में कुल 1,621 लिनेन आइटम रेलवे के रिकार्ड से कम पाए गए। हालांकि, इनमें से कुछ सामान लापरवाही या अन्य कारणों से भी गायब हुए होंगे लेकिन अधिकतर यात्री अपने साथ ले गए। रेलवे एसी कोचों में सफर करने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बेडरोल किट देती है। इसमें बेडशीट, तकिया, तकिया कवर, हाथ तौलिया और कंबल शामिल होते हैं।इन वस्तुओं का उपयोग केवल यात्रा के दौरान किया जाना है और यात्रा समाप्त होने पर इन्हें रेलवे को वापस करना होता है। लेकिन कुछ यात्री इसे यात्रा समाप्त होने के बाद बैग में लेकर चले जाते हैं।अधिकारियों के अनुसार, ट्रेनों के गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने के बाद बेड रोल की गिनती की जाती है। यदि कोई सामान कम मिलता है तो कोच एटेंडेंट को इसकी क्षतिपूर्ति करनी होती है।

## जमीनी विवाद में भतीजा ने कुल्हाड़ी से मार कर चाची को उतारा मौत का घाट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव में गुरुवार की शाम को अपने चाची को खुद का भतीजे ने कुल्हाड़ी से मार कर निर्मम हत्या कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी रासो मुनी मुर्मू अपने घर के आंगन में खाना खा रही थी तभी उसके पति स्व होपा मरांडी के भतीजा धुनु मरांडी कुल्हाड़ी से सिर पर और कान के पास वार कर दिया जिससे रासो मुनी मरांडी का घटना स्थल पर ही मौत हों गया। वही इसकी सूचना तीनपहाड़ थाना को मिलते ही तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, एसआई शाहिद अहमद खान, एएसआई उमेश उपाध्याय दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव को अपने



कब्जे में लिया वही इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दिया गया। सूचना पर राजमहल पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन भी घटना स्थल पर पहुच कर मामले की जाच किया और शव को पोस्टमार्टम के लिये अनुमंडल असपताल राजमहल भेज दिया गया।

**क्या था मामला**

ग्रामीणों के अनुसार मृतक और उसके पति का भतीजा धुनु मरांडी से जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा था वही मृतक रासो मुनी मुर्मू अपने देख भाल के लिये अपने नाती दिलीप जर्मन हेम्ब्रम को साथ रखती थीं जो धुनु मरांडी को रास नहीं आया और वह कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गया। वही इस मामले में पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिये राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है मामले की जांच किया जा रहा है।

## अमड़ापाड़ा में अपराध नियंत्रण को लेकर चला सघन वाहन जांच अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख



मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, वाहन की डिक्की तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी ली। साथ ही वाहन चालकों से आवश्यक पूछताछ कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने बताया कि अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने, अवैध हथियार, शराब, मादक पदार्थों तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की रोकथाम के लिए इस प्रकार का जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

## नंबर प्लेट की जगह 'फॉरेस्ट' बोर्ड, वन विभाग की बाइक पर उठे सवाल

विजय कर्मकार

**हिरणपुर :** पाकुड़ जिले में वन विभाग से संबंधित एक मोटरसाइकिल सार्वजनिक सड़क पर बिना प्रदर्शित रजिस्ट्रेशन नंबर के दौड़ती नजर आई। वाहन के आगे और पीछे कहीं भी पंजीकरण संख्या अंकित नहीं थी। पीछे नंबर प्लेट की जगह केवल फॉरेस्ट लिखा बोर्ड लगा हुआ था। सरकारी विभाग के वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर का अभाव सामने आने के बाद मोटर वाहन नियमों के अनुपालन और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, संबंधित बाइक का उपयोग नियमित रूप से सरकारी कार्यों के लिए किया जाता है। बावजूद इसके वाहन पर निर्धारित प्रारूप में रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं



दिखा। आमतौर पर यातायात पुलिस बिना नंबर प्लेट, गलत नंबर प्लेट या नियमों के विपरीत वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करती है, लेकिन सरकारी विभाग के वाहन पर इस तरह की स्थिति दिखाई देने से लोग नियमों के समान अनुपालन पर सवाल उठा रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम और केंद्रीय मोटर वाहन नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि सार्वजनिक सड़क पर चलने वाले प्रत्येक पंजीकृत वाहन पर निर्धारित प्रारूप में रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। विभागीय वाहन होने मात्र से इस मूल कानूनी आवश्यकता से सामान्य छूट का कोई प्रावधान नहीं है।

**क्या कहते हैं कानून?**

- धारा 39, मोटर वाहन अधिनियम, 1988: बिना वैध पंजीकरण के किसी भी वाहन का सार्वजनिक स्थान पर उपयोग नहीं किया जा सकता।
- धारा 192: पंजीकरण संबंधी प्रावधानों के उल्लंघन पर दंड का प्रावधान है।
- केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 का नियम 50: प्रत्येक वाहन पर निर्धारित प्रारूप में रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट प्रदर्शित करना अनिवार्य है।
- एचएसआरपी : जहां लागू हो, वहां हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना भी अनिवार्य है।

**उठ रहे हैं कई सवाल**

जब आम नागरिकों के वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं होने पर चालान किया जाता है, तो क्या सरकारी विभागों के वाहनों पर भी वही नियम समान रूप से लागू होते हैं? यदि वाहन पर कहीं भी रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? क्या संबंधित विभाग और परिवहन प्रशासन इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे? क्या सरकारी विभागों के वाहनों का भी समय-समय पर नियमों के अनुरूप सत्यापन किया जाता है? सरकारी विभागों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वयं कानून का पालन करते हुए आम जनता के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें। ऐसे में यदि किसी विभागीय वाहन पर निर्धारित रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदर्शित नहीं होता है, तो यह केवल मोटर वाहन नियमों के अनुपालन का ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का भी विषय बन जाता है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले पर क्या स्पष्टीकरण देता है और क्या आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

## एक नजर

### महिला ने पति की जानमाल की सुरक्षा को लेकर एसपी को दिया आवेदन

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला अंबाडीहा निवासी महिला राखी देवी पति राहुल कुमार जयसवाल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देते हुए अपने पति राहुल कुमार जयसवाल के जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। जहां दिए गए आवेदन पत्र में पीड़िता महिला ने बताया कि उसके पति राहुल कुमार जयसवाल ने अंजली देवी नामक महिला से पहले शादी की थी जहां उसे कुछ समय के बाद छोड़ दिया था। उधर पहली पत्नी को छोड़ने के बाद फिर उससे शादी कर लिया और उसके साथ वो खुशी-खुशी रह रही है। वही अब उसके पति की पहली पत्नी अंजली देवी, उसकी मां रेखा देवी अन्य बदमाशो को अपने साथ लेकर बीते दिनों 22 जुलाई 2026 को उसके घर पर आकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिसके कारण पूरा परिवार भय के माहौल में जीने को विवश है। जहां पीड़िता महिला ने पुलिस अधीक्षक से अपने पति समेत पूरे परिवार के जानमाल के सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### झामुमो ने नीट पेपर लीक प्रकरण में पीएम केंद्रीय शिक्षा मंत्री व गृह मंत्री का पुतला फूंका

**साहिबगंज:** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार जिला कमिटी ने गुरुवार को स्टेशन चौक पर जिला अध्यक्ष अरुण सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि छात्रों एवं नौजवानों की ओर से देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे ओर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट 2026) व सीबीएसई मार्किंग में हुई गड़बड़ी और शिक्षा में सुधारों को लेकर एक बड़ा विरोध प्रदर्शन चल रहा है उक्त आंदोलनरत में छात्र एवं छात्राओं पर लाठी चार्ज कर उनके साथ बर्बरता पूर्ण रवैये अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए। मौके पर जिला सचिव सुरेश टूडू, मो मारूफ उर्फ गुड्डू, संजीव सामु हेंब्रम, आदित्य यादव, अमरनाथ, दीपा देवी, राजू अंसारी, नुमान अंसारी, स्टीफन मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बरमसिया के झरना छीलका पुल की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान

**साहिबगंज:** जिले के बरहेट प्रखंड अंतर्गत बरमसिया गांव स्थित झरना छीलका पुल लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़ा है। पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में झरने का पानी पहाड़ से तेज बहाव के साथ आने से पूरा रास्ता जलमग्न हो जाता है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग बरहेट-बरहरवा मुख्य सड़क से जुड़ा हुआ है और क्षेत्र के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। पुल टूट जाने के कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झरना पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों और स्कूली बच्चों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। मौके पर शहीद मोमिन, सतर मोमिन, सैफुद्दीन मोमिन, कलाम मोमिन, जलपा हेमरम, इमारत मोमिन, जाकिर मोमिन एवं गुलाबसन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेपर लीक के विरोध में झामुमो का आक्रोश मार्च, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**पाकुड़ :** प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों और नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की पाकुड़ जिला इकाई ने शहर में आक्रोश मार्च निकाला। पार्टी कार्यालय से शुरू हुआ मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रवींद्र चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मार्च का नेतृत्व झामुमो के जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो, नीट पेपर लीक बंद करो, जस्टिस फॉर नीट स्टूडेंट्स और स्टॉप पेपर लीक, सेव आवर फ्यूचर जैसे नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और युवाओं का सरकार पर से विश्वास कमजोर पड़ रहा है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और संवैधानिक अधिकारों के मुद्दों को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। जिला केंद्र समिति सदस्य उपासना मारांडी ने आरोप लगाया कि छात्र आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों के साथ बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। वहीं जिला उपाध्यक्ष अली समद अली ने पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आक्रोश मार्च में जिला संगठन सचिव मुस्लाउद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष फारूक अंसारी, पीटर मारांडी, केंद्र समिति सदस्य सुनील टुडू, रमजान अंसारी, मतीन अंसारी समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नशामुक्ति और कानूनी जागरूकता पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में संचालित 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कस्तूरबा विद्यालय, साहिबगंज में छात्राओं के बीच नशामुक्ति विषय पर निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशामुक्त समाज के निर्माण, कानूनी जागरूकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्ति, बाल अधिकार एवं मानव तस्करी जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर अपने विचारों एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा सपना कुमारी ने प्रथम, सोनम कुमारी ने द्वितीय तथा रुचि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में अर्चना, नन्दिनी एवं काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रथम, डॉली कुमारी, अंजली खातून एवं अनुश्का कुमारी ने संयुक्त द्वितीय तथा प्रगति कुमारी, सुनीता कुमारी एवं स्वर्णलता सोरेन ने संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक अपराध पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को जागरूक एवं भावुक किया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी चीफ एलएडीसी कामिनी शर्मा ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच तथा बाल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं डिप्टी चीफ एलएडीसी रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बाल श्रम एवं मानव तस्करी की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। असिस्टेंट एलएडीआरओ रतन कुमार ने छात्राओं को शिक्षा के अधिकार अधिनियम एवं नालसा हेल्पलाइन 15100 की उपयोगिता एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम, विद्यालय परिवार एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित सभी अधिकारियों ने छात्राओं को नशामुक्त जीवन, शिक्षा, कानूनी अधिकारों तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

### तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से +2 का छात्र गंभीर रूप से घायल, रेफर



**साहिबगंज:** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिणकोल स्थित +2 उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय, तालझारी में अध्ययनरत छात्र मंगल तुरी (16), पिता रामदास तुरी, निवासी निपनिया, गुरुवार को लगभग 12:30 बजे विद्यालय से बाटा रोड होते हुए शहीद चौक, तालझारी नाश्ता करने जा रहा था। इसी दौरान तालझारी बाटा रोड की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल छात्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तालझारी पहुंचाया। वहीं कुछ युवकों ने सड़क सुरक्षा योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रजापति प्रकाश बाबा अस्पताल पहुंचे और उपचार की व्यवस्था में सहयोग किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. रंजन कुमार की निगरानी में डॉ. पिंकू चौधरी द्वारा घायल छात्र का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सक ने बताया कि छात्र के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हुआ है। बेहतर उपचार के लिए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है।

### एसआईआर को लेकर सदर एसडीओ व बीडीओ जेसीबी से पहुंच किया निरीक्षण

**साहिबगंज:** जिले के बोरियो प्रखंड में एसआईआर के निरीक्षण के लिए साहिबगंज अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईंद एवं बीडीओ नागेश्वर साव गुरूवार को जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के बूथ संख्या-139 और 148 का निरीक्षण करने जेसीबी से पहुँचे। मालूम हो कि जिरूल से करमाटांड़ पथ निर्माण के कारण सड़क पूरी तरह से कीचड़मय हो चूकी है। एसआईआर के कार्य में बीएलओ, सुपरवाइजरों, बीएलए और समाजसेवियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोनों पदाधिकारी दुगर्म सड़क जेसीबी से पहुँचे। बीएलओ सुखदेव साह, आंगनबाड़ी सेविका प्रा. वि. जीतपुर की मेरी मरांडी एवं यूएमएस जेटके की मोनिका मालतो से एसआईआर में तेजी लाने का निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार अब तक 67.15 प्रतिशत डिजीटाईज हो चुका है।

# नीट एवं परीक्षा धांधली को लेकर झामुमो ने भारत सरकार का पुतला फूंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला समिति द्वारा जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पुतला दहन जिला मुख्यालय बोकारो के समक्ष किया गया। यह प्रदर्शन दिल्ली में।आंदोलनरत छात्र-छात्राओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और उत्पीड़न के विरोध में आयोजित किया गया था।



झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने कहा कि दिल्ली में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे छात्र-छात्राओं के साथ केंद्र सरकार के इशारे पर बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गया। आंदोलनकारियों को लाठी, डंडों और लात-घूसों से पीटना बेहद निंदनीय है। ऐसी जनविरोधी और क्रूर सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र एवं नौजवान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, नीट 2026 परीक्षा में हुई गड़बड़ियों, सीबीएसई मार्किंग घोटाले और शिक्षा प्रणाली में सुधारों की जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। छात्र-छात्राओं पर हुआ लाठीचार्ज अंग्रेजी हुकूमत के तानाशाही रवैये की याद दिलाता है। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन केंद्र सरकार तानाशाही से लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। देश का एक-एक नौजवान अब गोलबंद हो चुका है और इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुका है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य हीरालाल मांझी, अशोक मुर्मू, अखिलेश महतो, विजय रजवार, जिला सचिव मुकेश महतो मोहन मुर्मू, हसन इमाम, पंकज जयसवाल, फैयाज अलम, मनोज हेंब्रम, आलोक सिंह,मिथुन मंडल, कन्हैया सिंह, राकेश सिन्हा, आकाश टुडू, प्रमोद तापड़िया, भागीरथ शर्मा, पंकज मरांडी, अजय राणा, अजीत महतो, शांति किस्कू, अंजलि सोरेन, चंदू सिंह मुंडा, जयमाला देवी, सौरभ भट्ट, तपेश्वर महतो, अमित सोरेन, आजाद अंसारी, सोमर मुंडा, बैजनाथ पाल, राजेश सिंह, महबूब आलम, सुभाष महतो, सुनील टुडू, संतोष हेंब्रम, आलोक वर्मा, अजीत सिंह, सदानंद गोप, प्रदीप यादव, मदन महतो, अशोक हेंब्रम, संजय मुर्मू, भारत यादव, समीम अंसारी, सोहन मुर्मू, पूरन महतो, मेगाराम दे, उदय गोस्वामी, अजीत मुर्मू, रणधीर रजक, सुरेंद्र कुमार, बद्री स्वर्णकार, कलीम अंसारी, संजय मुर्मू, दीपक यादव, आलम अंसारी, अनिल हेंब्रम इत्यादि।

## एक नजर

### संजय भुईयां गिरफ्तार

**बोकारो** : बालीडीह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को 32 वर्षीय संजय भुईयां उर्फ बुलेट भुईयां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान एलएचओ मोड़ के पास काली मंदिर, सेक्टर-12 थाना क्षेत्र निवासी संजय भुईयां के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय किशोर भुईयां उर्फ केशो भुईयां का पुत्र है। पुलिस के अनुसार संजय भुईयां के खिलाफ बालीडीह थाना कांड संख्या 334/25, दिनांक 17 नवंबर 2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ सेक्टर-12, बीएस सिटी, चंद्रपुरा, चिरा चास और बालीडीह थानों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में कई मामले दर्ज हैं।

### गतका जिला प्रतियोगिता 2 अगस्त को

**बोकारो** : गतका संघ के द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में 2 अगस्त को द्वितीय बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता का आयोजन इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दिल्ली पब्लिक स्कूल चास के की प्राचार्य श्रीमती होगी इस प्रतियोगिता को सुचारू ढंग से चलने हेतु संचालन समिति का गठन कर दिया गया है संचालक समिति में कुल 14 सदस्य होंगे जो इस प्रकार हैं। आयोजन समिति के सदस्य नईम अंसारी,जसमीत कुमार,वेदांत भारद्वाज, जेबा नाज,खुशी सिंह, हर्षित कुमार, पायल सिंह आशीष कुमार अजीत कुमार सिंह, संजू कुमार दीपक रंजन। गतका बोकारो गतका संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं रजत पदक विजेता खिलाड़ी अगस्त में होने वाले राज्य गतका प्रतियोगिता में भाग लेंगा।

### प्रेमिका से शादी की ज़िद में युवक हाई-टेंशन लाइन पर चढ़ा

**चंदनकियारी (बोकारो)** : प्रेम के जुनून ने गुरुवार को चंदनकियारी प्रखंड के चंडीपुर गाँव में ऐसा नजारा दिखा कि प्रशासन और ग्रामीणों की सांसें रुक सी गईं। पेटरवार पोडोयाटांड़ के रहने वाले सूरज मोदी शादी की मांग मनवाने की ज़िद में 33,000 वोल्ट हाई-टेंशन लाइन पर चढ़ गया। पुलिस व बिजली विभाग की तीव्र कार्रवाई के बाद करीब चार घंटे बाद सूरज स्वयं सुरक्षित नीचे उतर आया और उसे बरमसिया ओपी की ओर ले जाया गया। घटना का विवरण बताते हुए ग्रामीणों ने बताया कि सूरज अपने ननिहाल—स्वर्गीय नाना साधु मोदी के घर चंडीपुर आया था। स्थानीय निवासी एक युवती से उसकी मोहब्बत चल रही थी। जब परिवार के बीच शादी को लेकर सहमति नहीं बनी तो सूरज ने तेज कदम उठाते हुए बिजली के खम्भे पर बैठकर शादी की सख्त मांग की। इससे मौके पर भारी तनाव और भय फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी रवि कुमार आनंद, चंदनकियारी थाना प्रभारी अमित कुमार राय व बरमसिया ओपी प्रभारी शैलेंद्र पासवान फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## बोकारो में कांग्रेस का एक दिवसीय धरना

### जंतर मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज और केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष श्री जवाहर लाल माहथा जी के नेतृत्व में बोकारो समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना - प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर जी ने कहा कि केंद्र सरकार के दमनकारी नीति और जंतर मंतर में बर्बरता पुर्ण लाठी चार्ज के विरोध तत्काल इस्तीफा देना ही होगा।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के क्रांतिकारी अध्यक्ष श्री जवाहर लाल माहथा जी ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार छात्रों के सवालों से डर गई है, इसी का परिणाम है जंतर मंतर में छात्रों पर कायरता पूर्वक एवं बर्बरता पुर्ण लाठी चार्ज।

साथ ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री राहुल गांधी जी, कांग्रेस सांसद श्री मति प्रियंका गांधी वाड्रा जी एवं अन्य कांग्रेस नेताओं पर जो बर्बरता की गई है, उसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कांग्रेस पार्टी तब तक कांग्रेस पार्टी संघर्ष जब तक की केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी का इस्तीफा नहीं हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री जवाहर लाल माहथा जी ने एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष श्री देवाशीष मंडल जी ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन बोकारो जिला युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री नितेश भारद्वाज जी ने दिया।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रदेश नेता मो जमील अख्तर, श्री मृत्युंजय शर्मा, ऊषा सिंह, कैसफ राजा, जितेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष श्री अशोक मिश्रा, प्रेम राय, दिगम्बर महतो मो अली अंसारी, मनोज राय , असीम शर्मा, राजकुमार विद्यार्थी, मस्कूर आलम सिद्दीकी पम्मी सिंह,नेहा कुमारी, पूनम कुमारी, संगमिता सिंह,आशा देवी, निवारण तिवारी, डब्बू राय, सुधीर जायसवाल, राजीव कुमार, जलेश्वर दास, साधु बाउरी, मोख्तार अंसारी, गुलाम हसन, रमेश महाराज, छेदी नोनिया,अरविंद पाण्डेय, जीवन मंडल, डॉ परमानंद, प्रशांत बाउरी, तापस ओझा, शोएब हसन, हीरालाल शर्मा,सैकड़ो कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## बोकारो चैंबर द्वारा एसआईआर के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने बोकारो इस्पात नगर एवं चास क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी होने के कारण उपायुक्त बोकारो श्री अजय नाथ झा के अनुरोध पर सिटी सेंटर में जन-जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए पोस्टर एवं पंपलेट वितरित किए गए तथा आम नागरिकों को एस.आई.आर. की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

चैंबर के अध्यक्ष श्री मनोज चौधरी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि जिनका विशेष गहन पुनरीक्षण अभी तक नहीं हुआ है, वे अपने संबंधित बी.एल.ओ. से प्रपत्र प्राप्त कर उसे सही ढंग से भरकर शीघ्र जमा करें।

महामंत्री श्री राजकुमार जायसवाल ने बताया कि यदि किसी मतदाता का विवरण वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है, तो वह प्रपत्र के उस भाग को रिक्त छोड़कर केवल नीचे दिए गए कॉलम में वर्तमान मतदाता सूची का विवरण भरकर प्रपत्र जमा कर सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एस.आई.आर. की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से भी पूरी की जा सकती है।

इस जन-जागरूकता अभियान में संजय अग्रवाल, राजकुमार प्रिय, कमलेश जायसवाल, मुन्ना सिंह, प्रकाश कोठारी, ब्रह्मदेव प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता सहित चैंबर के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्य प्रशिक्षण पूरा करने वाले अभियांत्रिकी विद्यार्थियों को मिला प्रमाण-पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** संकल्प सृजन झारखंड प्रदेश और अभिवंचित समाज उत्थान सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सोनाटांड़ स्थित कार्यालय परिसर में स्नेह मिलन एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक डॉ. बी.बी.पी. कश्यप, विशाल कश्यप, विनय कश्यप और गौरीशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभियांत्रिकी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. बी.बी.पी. कश्यप ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि अभियांत्रिकी शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों से जुड़कर युवा देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

संस्था की महासचिव साध्वी झा ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए और भविष्य में सामाजिक कार्यों में योगदान देने का संकल्प लिया। संस्था की ओर से संचालित विभिन्न प्रकल्पों और कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई।

स्नेह मिलन कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा संचालित दैनिक संस्कार शाला मनोरमा कश्यप शिशु सृजन वाटिका के बच्चों के बीच मनोरमा जी की पुण्यतिथि पर श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रोटरी क्लब चास का 25वां पदस्थापना समारोह संपन्न, सेवा कार्यों को बढ़ाने का संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चास :** रोटरी क्लब चास का 25वां पदस्थापना समारोह गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और निष्णा रस्तोगी द्वारा गणेश वंदना के साथ हुआ।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंडलाध्यक्ष रो. संजीव ठाकुर ने रोटरी के सेवा, नेतृत्व और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही रोटरी की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

क्लब अध्यक्ष रो. मुकेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की आगामी योजनाओं की जानकारी दी और सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान निवर्तमान सचिव रो. श्वेता रस्तोगी ने प्रस्तुति के माध्यम से पिछले वर्ष किए गए सामाजिक कार्यों, सेवा परियोजनाओं और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक मंडल अध्यक्ष रो. पूजा बैद ने अंतरराष्ट्रीय रोटरी अध्यक्ष के संदेश स्थायी प्रभाव बनाएं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य किए जाने चाहिए, जिनका समाज पर लंबे समय तक सकारात्मक प्रभाव रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रो. राजन गंडोत्रा ने रोटरी के आदर्श वाक्य सेवा स्वयं से ऊपर की व्याख्या करते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा ही रोटरी की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि सेवा भावना के माध्यम से समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

समारोह में सिद्धार्थ पारख ने रोटरी क्लब चास की 25 वर्षों की सामाजिक यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने क्लब की स्मारिका का विमोचन किया। ललिता चोपड़ा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में क्लब के सभी संस्थापक सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पियूष राज को चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन डॉ. परिंदा सिंह और केंडी टबोडा ने किया। समारोह के अंत में सचिव रो. मनोज चौधरी ने सभी अतिथियों, सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सचिव बिनोद चोपड़ा ने आगामी वर्ष में सेवा कार्यों को और मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## बोकारो में संगीत संध्या आयोजित कर याद किए गए गायक मुकेश व अभिनेता राजेश खन्ना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** फिल्म संगीत के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक मुकेश की जयंती पर बुधवार की देर शाम सेक्टर 12 बी में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिने जगत के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना को भी उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि दी गयी। स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत कलाकारों द्वारा इन दोनों महान कलाकारों की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुई। गायक अरुण पाठक ने कहा कि फिल्म संगीत के तीन प्रमुख पार्श्वगायकों में मुकेश जी का स्थान है। मुकेश जी की गायकी में गजब की कशिश थी। उनकी आवाज का स्वर माधुर्य व उनके गायन में भावनाओं की गहरी अभिव्यक्ति लोगों के दिलों को छूती है। आज दशकों बीत जाने के बाद भी उनके गाए गीतों की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। गायक रमण चौधरी ने कहा कि मुकेश जी फिल्म संगीत के अनूठे पार्श्वगायक थे। उनके गाये गीतों में जो सादगी व गहरी संवेदना महसूस होती है वह दुर्लभ है। अभिनेता राजेश खन्ना एक बेमिसाल एक्टर थे। संगीत प्रेमी व शिक्षक नीरज सिंह ने कहा कि मुकेश के गाए बहुत सारे गीत उनके पसंदीदा गीतों की लिस्ट में है। उन्होंने हर तरह के गीतों को बहुत ही संजीदगी से गाकर अमर कर दिया। श्वेता प्रियदर्शिनी ने कहा कि मुकेश जी के गाए गीतों की वे बड़ी प्रशंसक रही हैं। अभिनेता राजेश खन्ना भी उनके प्रिय अभिनेता रहे हैं। गायक सोमेश मिश्रा ने कहा कि मुकेश जी उनके प्रिय गायक रहे हैं, उनके गाए गीत सदैव संगीत प्रेमियों को आकर्षित करते रहेंगे। पुर्णेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि मुकेश जी एक महान पार्श्वगायक व नेकदिल इंसान थे। अभिनेता राजेश खन्ना का भी एक स्वर्णिम दौर था।



संगीत संध्या में कलाकारों ने मुकेश जी के गाए कुछ यादगार गीतों के साथ ही अभिनेता राजेश खन्ना पर फिल्माए कुछ चर्चित गीतों को गाकर उन्हें याद किया। अरुण पाठक ने दुनियां से जाने वाले जाने चले जाते हैं कहां..., हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है..., दीवानों से ये मत पूछो, दीवानों पे क्या गुजरी है..., जिक्र होता है जब कयामत का तेरे जलवों की बात होती है..., दो कदम तुम न चले..., ये रेशमी जुल्फें ये शरबती आंखें... की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। रमण चौधरी ने चिंगारी कोई भड़के..., मेरे दीवानेपन की भी दवा नहीं..., मेरे दिल में आज क्या है..., कभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता है.., रंजू सिंह ने चंदन सा बदन..., रिद्धिमा रिया ने फूल तुम्हें भेजा है खत में..., सुनीता गुप्ता ने तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया.. व सोमेश मिश्रा के साथ धीरे-धीरे बोल कोई सुन न ले.., सोमेश मिश्रा ने जाने कहां गए वो दिन..., जब दर्द नहीं था सीने में..., चंचल शीतल निर्मल... आदि गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति से दोनों महान कलाकारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना दिवस में 63 शिकायतें सुनीं, 53 का निपटारा, 2 प्रकरण दर्ज, 10 लंबित



**बोकारो** : गुरुवार को जिले भर के वरिष्ठ थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित थाना दिवस में सामान्य नागरिकों की कुल 63 शिकायतें सुनकर त्वरित कार्रवाई की गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 53 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 2 मामलों में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी और 10 मामले निराकरण के लिए लंबित रखे गये। सूत्रों के अनुसार थाना दिवस में भूमि विवाद, राजस्व मामलों तथा अन्य स्थानीय मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। आये हुए फरियादियों ने जमीन के बंटवारे, दस्तावेज न प्रस्तुत करने, किसी पक्ष द्वारा अगले दिन बात करने का अनुरोध, प्रथम पक्ष की अनुपस्थिति, निर्माण कार्य रोकने और दूसरे के जमीन में दावे तथा गाली-गलोज से उत्पन्न आपसी विवाद जैसी प्रमुख शिकायतें रखीं। प्रशासन ने बताया कि थाना दिवस के माध्यम से नागरिकों में सरकारी प्रक्रिया पर भरोसा बढ़ा है और लोगों को यह विश्वास हुआ है कि उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है तथा त्वरित रूप से निपटारा भी किया जा रहा है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि आपसी विवाद और मारपीट से बचें तथा अपनी शिकायतें शांतिपूर्वक आयोजित थाना दिवस में रखें, ताकि कानूनन और शांति पूर्ण तरीके से समाधान संभव हो सके। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आपसी झगड़ों में लिप्त होने वालों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जमीन-सम्बंधी मामलों में दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत होने पर ही शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### केजीबीवी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश



**पटमदा :** गुरुवार को उपायुक्त राजीव रंजन ने पटमदा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न प्रशासनिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान एवं अपर उपायुक्त अनुराग तिवारी भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया तथा पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने आम नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने विकास योजनाओं के नियमित अनुश्रवण, फील्ड विजिट बढ़ाने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।
निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) का भी दौरा किया। उन्होंने विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, भोजन, पुस्तकें, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने पर बल दिया।
इसके उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पटमदा का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण केंद्र, वार्ड सहित विभिन्न इकाइयों का अवलोकन कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता तथा संस्थान में आने वाले मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आर के सिंह, विद्यालय प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### 44 साल बाद भी चांडिल डैम के विस्थापितों की अनसुनी पीड़ा, रेवेन्यू 700 करोड़ में, मुआवजा अब तक नहीं

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिले की चांडिल सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को बने 44 साल से ज्यादा हो गए। हर चुनाव में ये मुद्दा बनता है, लेकिन विस्थापितों की पीड़ा आज भी वही है। एक तरफ सरकार डैम से हर साल करोड़ों का रेवेन्यू कमा रही है, दूसरी तरफ 116 गांव के विस्थापित अब तक मुआवजे और पुनर्वास का इंतजार कर रहे हैं। चांडिल डैम से सरकार को अब तक कुल 717 करोड़ 67 लाख रुपये का रेवेन्यू मिला है। अकेले 2025-26 में 127 करोड़ और अप्रैल 2026 में ही 65 करोड़ 28 लाख रुपये जमा हुए हैं। इसमें 583 करोड़ 54 लाख रुपये टाटा कंपनी ने बकाए के तौर पर दिए हैं। जल संसाधन विभाग अन्य कंपनियों से भी शुल्क वसूलता है। लेकिन इस डैम से प्रभावित 116 गांव और 84 मौजा आज भी आरएल में बंद हैं। जिला प्रशासन की आबदा बैठक में सिर्फ पानी का स्तर 180.22 मीटर से नीचे रखने की बात होती है। डैम के सभी 13 रेडियल गेट और 4 स्लुइस गेट अब ऑपरेटिव हैं। मेंटेनेंस बेहतर हुआ है। संचालन रउअऊअ, मैकेनिकल और मैनुअल तीनों से हो रहा है। हर पल पानी का डिस्चार्ज और लेवल की जानकारी उपलब्ध है। विस्थापितों का आरोप है कि उन्हें विस्थापन नीति के तहत पूरा मुआवजा नहीं मिला। आंशिक जमीनें भी डूब गईं। 8 मेगावाट बिजली और कृषि को पानी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। सवाल ये है कि करोड़ों के रेवेन्यू से विस्थापितों की समस्या क्यों नहीं सुलझी? अभी हम आरएल 183 तक पानी ले रहे हैं। बिजली के लिए लेवल बढ़ाना होगा, लेकिन उससे और गांव प्रभावित होंगे। इसलिए काम चरणों में हो रहा है - 171 से 180, 180 से 183 और 183 से 192 तक। मुआवजा देने के बाद ही लेवल बढ़ेगा।

## संक्षिप्त डायरी

### बीच सड़क युवक को मारी गोली! मामूली विवाद के बाद फायरिंग; शराब कारोबार का भी जुड़ रहा कनेक्शन



**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर में बाइक सवार 21 वर्षीय युवक आशीष ठाकुर को गोली मार दी गई। युवक ने मामूली विवाद के बाद फायरिंग का आरोप लगाया है, जबकि स्थानीय स्तर पर घटना को शराब कारोबार से जोड़कर भी देखा जा रहा है। मुजफ्फरपुर जिले के जजुआर थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। घटना जजुआर थाना क्षेत्र के दुर्गा स्थान, बर्री पोखर के पास की बताई जा रही है। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस घटना में जजुआर निवासी विनोद ठाकुर के 21 वर्षीय पुत्र आशीष ठाकुर के पैर में गोली लगी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वारदात को दो बाइक पर सवार चार युवकों ने अंजाम दिया। घायल को इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच), मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही जजुआर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मामूली विवाद के बाद फायरिंग का आरोप घायल आशीष ठाकुर ने बताया कि वह बाइक से अपने एक दोस्त के घर जा रहा था। रास्ते में बारिश के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ था। इसी दौरान आगे चल रही एक बाइक को ओवरटेक करने के बाद उस पर सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया और पानी के छींटे पड़ने की बात कहकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आशीष का दावा है कि उसने उनसे माफी मांग ली और वहां से निकलने लगा। दो युवकों ने की फायरिंग, पैर में लगी गोली आशीष के अनुसार, कुछ ही देर बाद ब्लू रंग की बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और उस पर फायरिंग कर दी। उसने बताया कि एक गोली उसके सिर के पास से निकल गई, जबकि दूसरी गोली उसके पैर में लगी। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय लोग और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। एक माह पहले ही मुंबई से गांव लौटा था युवक घायल युवक ने बताया कि वह करीब एक माह पहले ही मुंबई से अपने गांव लौटा था। उसके पिता भी मुंबई में रहते हैं और वहीं काम करते हैं। उसने कहा कि फायरिंग करने वाले युवकों को वह नहीं पहचानता। स्थानीय सूत्र घटना को शराब कारोबार से जोड़कर भी देख रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और सभी पहलुओं से जांच जारी है।

# बिहार विधानसभा में हंगामा, हाथापाई की आई नौबत, छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

**पटना (एजेंसी)** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर जमकर हंगामा हुआ. सदन के बाहर विपक्ष ने धरना दिया, जबकि अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने आ गए. हालात इतने बिगड़े कि मार्शल को हस्तक्षेप करना पड़ा और विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा सदन से लेकर सड़क तक छाया रहा. विधानसभा के बाहर विपक्ष ने धरना दिया, जबकि सदन के अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई. हालात ऐसे बने कि मार्शल को बीच-



बचाव करना पड़ा और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. सदन शुरू होते ही हंगामा गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायकों ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया. विपक्ष ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे सदन का माहौल गर्म हो गया. बीजेपी विधायक बोले- छात्र नहीं, गुंडे थे हंगामे के बीच बीजेपी विधायक श्याम बाबू यादव खड़े हुए और कहा कि डाकबंगला चौराहे पर प्रदर्शन करने वाले छात्र नहीं, बल्कि गुंडे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान उन पर और उनके सुरक्षाकर्मियों पर हमला हुआ. उनका कहना था कि अगर हालात और बिगड़ते तो उनकी जान भी जा सकती थी. सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने बीजेपी विधायक के बयान के बाद विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया. दोनों पक्षों के विधायक अपनी-अपनी सीटों से उठकर वेल तक पहुंच गए. कुछ देर के लिए स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि हाथापाई जैसी नौबत आ गई. इसके बाद मार्शल ने हस्तक्षेप कर माहौल शांत कराया. स्पीकर ने कहा- यह सदन है, युद्ध का मैदान नहीं लगातार हंगामे के बीच स्पीकर ने विधायकों से शांति बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि ₹यह सदन है, युद्ध का मैदान नहीं.₹ लेकिन हंगामा नहीं थमा. आखिरकार कार्यवाही शुरू होने के करीब आठ मिनट बाद ही सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया. सदन के बाहर विपक्ष का धरना विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्षी विधायक बैनर और पोस्टर लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे. उन्होंने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए. प्रदर्शन के दौरान ₹भाजपा हटाओ, शिक्षा बचाओ₹ जैसे नारे भी लगाए गए. पीएम और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग धरने के दौरान विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की. विपक्षी विधायक कई पोस्टर लेकर पहुंचे, जिन पर लिखा था- ₹10 वर्षों में 152 पेपर लीक, भाजपा सरकार जवाब दो₹ ₹छात्रों की एक ही मांग, पारदर्शी परीक्षा और सम्मान₹ ₹छात्रों पर पुलिस बर्बरता नहीं चलेगी₹. इन नारों के जरिए विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की. आज पेश होगा द्वितीय अनुपूरक बजट हंगामे के बीच सदन का वित्तीय कामकाज भी तय कार्यक्रम के अनुसार होगा. वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा. इसके अलावा 'बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2026' भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे प्रस्तावित अतिरिक्त खर्च को मंजूरी मिल सके.

## पटना यूनिवर्सिटी के शिक्षक और कर्मचारी निकले लोक भवन मार्च के लिए, जानिए क्यों कर रहे नये विधेयक का विरोध

**पटना (एजेंसी)** एक तरफ नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र तो दूसरी तरफ पटना यूनिवर्सिटी के शिक्षक और कर्मचारी प्रदर्शन के लिए उतरे. गुरुवार को शिक्षक और कर्मचारी निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक के विरोध में लोकभवन मार्च के लिए निकले हैं. पटना से अमृता सिंह की रिपोर्टबिहार विधानसभा के मानसून सत्र में 'निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित होने के विरोध में गुरुवार को पटना विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से लोक भवन तक पैदल मार्च निकाला. मार्च पटना विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर लोक भवन की ओर बढ़ा. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक,



कर्मचारी और छात्र शामिल हुए. क्या कहना है शिक्षकों का? शिक्षकों का कहना है कि नये संशोधन के बाद कॉलेजों में प्रोफेसरों की नियुक्ति, स्थानांतरण और प्रशासनिक नियंत्रण सहित कई अधिकार राज्य सरकार के अधीन चले जायेंगे. उनका आरोप है कि इससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित होगी. शिक्षकों का यह भी कहना है कि विश्वविद्यालय एक स्वायत्त संस्थान होता है और राज्यपाल उसके कुलाधिपति हैं. ऐसे में कॉलेजों को विश्वविद्यालय के नियंत्रण से अलग करना विश्वविद्यालय की स्वायत्त व्यवस्था और कुलाधिपति के अधिकारों को कमजोर करने जैसा है. सरकार के फैसले का विरोध पटना विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, कर्मचारी संघ, कॉलेज कर्मचारी संघ और छात्र संघ ने संयुक्त मोर्चा बनाकर सरकार के फैसले का विरोध शुरू किया है. संगठनों का कहना है कि पटना विश्वविद्यालय अधिनियम अन्य विश्वविद्यालयों से अलग है और उसकी स्वायत्तता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा. सामूहिक अवकाश पर शिक्षक और कर्मचारी इसी विरोध के तहत शिक्षक और कर्मचारी मंगलवार से सामूहिक अवकाश पर हैं. उनका आरोप है कि सरकार का निर्णय विश्वविद्यालय की स्वतंत्र प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावित करेगा. इससे पहले मंगलवार को भी सीनेट हॉल के बाहर शिक्षकों और कर्मचारियों ने धरना दिया था. प्रदर्शन के दौरान बिहार सरकार और विश्वविद्यालय को सचिवालय नहीं बनने देंगे जैसे नारे लगाए गए थे. प्रदर्शन में करीब 350 शिक्षक, कर्मचारी संगठनों के सदस्य और छात्र संघ के प्रतिनिधियों सहित लगभग एक हजार लोग शामिल हुए थे. प्रदर्शनकारियों ने पहले ही दी थी चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने पहले ही विधानसभा घेराव और राजभवन मार्च की चेतावनी दी थी. उसी क्रम में गुरुवार को लोक भवन मार्च आयोजित किया गया, जिसमें सरकार से संशोधन विधेयक वापस लेने और विश्वविद्यालय की स्वायत्तता बरकरार रखने की मांग की गई.

## बिहार विधानसभा मानसून सत्र : छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में विपक्ष का धरना, जमकर हुई नारेबाजी

**पटना (एजेंसी)** बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र का चौथा दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ. ठएएळ पेपर लीक और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर विपक्ष ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया. वहीं, आज सदन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का द्वितीय अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा. बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र का चौथा दिन भी हंगामे के साथ शुरू हुआ. ठएएळ पेपर लीक और पटना में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा. विधानसभा परिसर में विपक्षी विधायक बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की. विधानसभा परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन सत्र शुरू होने से पहले ही विधानसभा के पोर्टिको में विपक्षी विधायक




प्रदर्शन करने लगे. उनके हाथों में बैनर और पोस्टर थे. उन्होंने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और सरकार की कार्यशैली के खिलाफ नारे लगाए. विपक्ष का आरोप है कि सरकार युवाओं के मुद्दों पर गंभीर नहीं है और लगातार उनकी आवाज दबाई जा रही है. वहीं, प्रधानमंत्री के उस बयान पर भी उन्होंने सवाल उठाया, जिसमें पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की बात कही गई थी. उनका कहना था कि सरकार पहले ही दोषियों को बचाने की बात कर चुकी है. वहीं राजद विधायक आईपी गुप्ता ने प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि परीक्षा पर चर्चा करने वाली सरकार आज पेपर लीक रोकने में विफल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि जिन युवाओं ने सरकार पर भरोसा किया, आज वही सबसे ज्यादा परेशान हैं. इसलिए प्रधानमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए. उन्होंने कहा कि ठएएळ पेपर लीक जैसे मुद्दे पर सरकार सदन में चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें आज पेश होगा द्वितीय अनुपूरक बजट मानसून सत्र के चौथे दिन वित्तीय कार्य भी अहम रहेंगे. सदन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा. कार्यसूची के अनुसार, सत्र की शुरूआत प्रश्नकाल से होगी. इसमें शिक्षा और सहकारिता विभाग से जुड़े सवालों का सरकार जवाब देगी. इसके बाद वित्त मंत्री द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी सदन में रखेंगे. साथ ही 'बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2026' भी पेश किया जाएगा, ताकि प्रस्तावित खर्च को वैधानिक मंजूरी मिल सके. तीन दिनों में 20 विधेयकों को मिली मंजूरी मानसून सत्र के पहले तीन दिनों में सरकार ने तेजी से अपना विधायी एजेंडा आगे बढ़ाया है. बुधवार को विधानसभा से रिकॉर्ड 13 विधेयक पारित हुए. इससे पहले दूसरे दिन 7 विधेयक पास किए गए थे. इस तरह अब तक कुल 20 विधेयकों को सदन की मंजूरी मिल चुकी है. हालांकि विपक्ष ने कई विधेयकों पर सवाल उठाए और चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार ने बहुमत के आधार पर सभी विधेयक पारित करा लिए.

## छात्र आंदोलन के बीच अलर्ट पर मुजफ्फरपुर, यूनिवर्सिटी और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिसबल

**पटना (एजेंसी)** बिहार में छात्र आंदोलन के बढ़ते तेवर को देखते हुए मुजफ्फरपुर प्रशासन हाई अलर्ट पर है. प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. पेपर लीक और पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं. बिहार में छात्र आंदोलन के तेज होते स्वर और विभिन्न जिलों में हो रहे प्रदर्शनों को देखते हुए मुजफ्फरपुर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है. शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती कर दी गई है. किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की है. ने संयुक्त आदेश जारी कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं. आदेश के तहत सिटी एसपी और एसडीओ पूर्वी को सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी और किसी भी तरह के हंगामे या बवाल को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. पेपर लीक और लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन बिहार में छात्र संगठनों का विरोध




प्रदर्शन लगातार जारी है. पेपर लीक मामले और पटना में छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में कई जगह प्रदर्शन हो रहे हैं. पटना में पटना कॉलेज गेट से सैकड़ों छात्र, शिक्षक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि पैदल मार्च पर निकले. प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. शेखपुरा में भी छात्रों का प्रदर्शन शेखपुरा में भी बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर उतरे. प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर और पटना में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज का विरोध किया. इस दौरान केंद्र सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई गई. जुलूस गिरिहिंडा कच्ची रोड से शुरू होकर स्टेशन रोड होते हुए पटेल चौक पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई. विधानसभा में भी उठा मुद्दा बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी छात्र आंदोलन का मुद्दा सदन में गूंजा. भाजपा विधायक श्यामबाबू यादव ने बुधवार की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वह डाकबंगला चौराहे पर मौजूद थे,

## 'विद्यार्थी की आड़ में कुछ आतंकवादी घुस आए', BJP नेता ने छात्रों के प्रदर्शन को लेकर किया खुलासा

**पटना (एजेंसी)** बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन छात्रों पर लाठीचार्ज का मामला गरमाया. विपक्ष ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए. जबकि बीजेपी नेता ने खुलासा करते हुए यह कहा कि बुधवार को हुए प्रदर्शन में आतंकवादी घुस आए थे. जो घटना हुई, उसमें विद्यार्थी की आड़ में कुछ आतंकवादी घुस आए थे. वे चाह रहे थे कि मोदी जी को गोली मार दे. राहुल गांधी की यह साजिश है.' यह बात बीजेपी नेता लखेंद्र पासवान ने कही. बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन विपक्ष ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया. उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए. जबकि सत्ता पक्ष के नेताओं ने कई खुलासे किए. लखेंद्र पासवान ने और क्या कहा? बीजेपी नेता



लखेंद्र पासवान ने कहा, 'मोदी जी को गोली मार देंगे', ऐसा कहने वाले ही राहुल गांधी के समर्थन में उतरे थे. वे लोग आपातकाल की स्थिति देश में लागू कर देना चाहते हैं. वे लोग देश को टुकड़े में बांटने वाले नारे दे रहे थे. इससे ऐसा लग रहा था कि विद्यार्थी के कंधे पर बंदूक रखकर ये लोग चला रहे थे. छात्रों से की ये अपील आगे बीजेपी नेता लखेंद्र पासवान ने छात्रों से अपील की. उन्होंने कहा, देश के युवाओं से निवेदन करना चाहता हूं कि किसी भी परिस्थिती में ऐसे लोगों के हाथ मत आइए जो लोग आपके कंधे पर बंदूक रखकर छोड़ना चाहते हैं.

## क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार बने DSP, बिहार सरकार की इस योजना से 161 खिलाड़ियों को मिली नौकरी

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार की 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के तहत 161 खिलाड़ियों को नौकरी मिली. इनमें भारतीय क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार डीएसपी बन गए हैं. राज्य सरकार का कहना है कि योजना का उद्देश्य खिलाड़ियों को सिर्फ पुरस्कार देना नहीं, बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना भी है. बिहार सरकार की नई योजना 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' खिलाड़ियों के लिए बेहद खास मानी जा रही है. इस योजना के तहत नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर पदक जीतने वाले 161 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति मिली है. क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार को मिली नौकरी खास बात यह है कि इस



योजना के तहत भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक के पद पर सीधी नियुक्ति दी गई है. 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना का मुख्य उद्देश्य नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के अनुरूप सरकारी सेवा में सम्मानजनक अवसर प्रदान करना है. इन पदों पर हुई सीधी नियुक्ति जानकारी के मुताबिक, योजना के तहत खिलाड़ियों को डीएसपी, दारोगा, पंचायती राज पदाधिकारी और अन्य उपयुक्त पदों पर सीधी नियुक्ति दी जा रही है. खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों को आधुनिक खेल अवसंरचना, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है. क्या मानना है सरकार का? इस योजना को लेकर सरकार का मानना है कि इससे स्थाई रोजगार मिलने से खिलाड़ी बिना किसी चिंता के अपने खेल पर पूरा ध्यान दे सकेंगे और देश-विदेश में बेहतर प्रदर्शन करेंगे. सरकार का विश्वास है कि यह पहल युवाओं को खेल को सम्मानजनक करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगी और नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. इन सुविधाओं का किया जाएगा विस्तार इसके साथ ही राज्य में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए आधुनिक स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण, खेल छात्रावास, अनुभवी कोच और बेहतर खेल उपकरण जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है.



# रात को भिगोकर सुबह खाएं बादाम और किशमिश, सेहत पर दिखेगा जबरदस्त असर

आप अपने दिन की शुरूआत किस तरह से करते हैं, इसका काफी असर आपके पूरे दिन और स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। स्वस्थ रहने के लिए सुबह कुछ हेल्दी आदतों को अपनी रूटीन में शामिल करना चाहिए। सुबह के समय अधिकतर लोग भीगे नट्स खाने की सलाह देते हैं। क्योंकि जब आप भीगे हुए नट्स से दिन की शुरूआत करती हैं, तो आप पूरा दिन एनर्जेटिक बनी रहती हैं। हालांकि नट्स खाने के कई फायदे होते हैं।

लेकिन सुबह के समय आपको ये नट्स कितनी मात्रा में खाने हैं। अपनी डाइट में किन नट्स को शामिल करना है। इसके बारे में सही जानकारी होना जरूरी है। सुबह के समय बादाम और किशमिश से दिन की शुरूआत करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। आइए जानते हैं कि सुबह के समय बादाम और किशमिश खाने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं।

### बादाम और किशमिश खाने के फायदे

-अपने दिन की शुरूआत भीगे हुई बादाम और किशमिश खाने से पूरा दिन शरीर में एनर्जी बनी रहती है।
-बादाम खाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। बादाम में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन ई पाया जाता है।
-इसके सेवन से शरीर को शुगर मैनेज करने में मदद मिलती है।
-अक्सर इन दोनों चीजों को लोग अलग-अलग डाइट में शामिल करते हैं। इनको भिगोकर एक साथ खाना ज्यादा फायदेमंद होता है।
-कब्ज की समस्या से परेशान लोगों को सुबह के समय इसका सेवन करना चाहिए।
-बादाम और किशमिश खाने से स्किन और बालों की सेहत सुधरती है।
-इसके सेवन से डाइजेशन में सुधार होता है और एसिडिटी की समस्या नहीं होती है।
-बादाम और किशमिश के सेवन से बल्ड प्रेशर कंट्रोल होता है।
-जिन महिलाओं को पीरियड्स से संबंधित परेशानियां होती हैं, उन्हें किशमिश खाना चाहिए।
-आंतों की सेहत और हड्डियों के लिए भी किशमिश फायदेमंद होती है।

### कैसे खाएं बादाम और किशमिश

-रात में 4-5 बादाम और 5-6 किशमिश को भिगो दें।
-सुबह बादाम का छिलका उतार दें।
-इसके बाद दोनों को ऐसे ही खा लें।
-इसके बाद पानी पी लें।

### सूखे आलूबुखारे खाने के फायदे

इसके अलावा आप अपनी डाइट में आलूबुखारा खा सकते हैं। इसमें पोटेशियम की भरपूर मात्रा पायी जाती है। आलूबुखारे में फाइबर और आयरन भी अधिक मात्रा में होता है। वहीं खून की कमी को पूरा करने के लिए बादाम और किशमिश के साथ इसे भी भिगोकर खाना चाहिए।



# बच्चों के कब्ज की समस्या को दूर करेंगे ये उपाय...

कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो सिर्फ बड़ों को ही नहीं, बच्चों को भी परेशान कर सकती है। खासतौर से, जब बच्चे फार्मूला मिल्क लेते हैं या फिर सॉलिड फूड लेते हैं तो उनके बाउल मूवमेंट में परेशानी हो सकती है। ऐसे में उन्हें कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यूं तो बच्चों को कब्ज की समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह लेने की हिदायत दी जाती है, लेकिन कुछ आसान घरेलू उपाय भी उनकी काफी मदद कर सकते हैं। तो चलिए आज इस आसान उपायों के बारे में ही जानते हैं-

### पेट की करें मालिश

शिशुओं और छोटे बच्चों में कब्ज की समस्या होने पर पेट की मालिश करना एक अच्छा विचार हो सकता है। आप बच्चे की हल्की मसाज करें या फिर उसके पैरों को साइकिल चलाने की तरह चलाएं। इससे उसे मल त्याग करने में काफी मदद मिलती है।

### नेचुरल लैक्सेटिव की लें मदद

जब बच्चे को कब्ज की शिकायत होती है तो ऐसे में उसे नेचुरल लैक्सेटिव देना अच्छा विचार हो सकता है। इसलिए, आप उसकी डाइट में आलूबुखारा, सेब और नाशपाती आदि को शामिल करें। इन फलों में सोर्बिटोल नामक शुगर पाया जाता है, जो आंतों में पानी खींचकर मल को नरम करती है। जिससे बच्चे को कब्ज में आराम मिलता है।

### पानी की मात्रा बढ़ाएं

एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को अपनी डाइट में पानी की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, जिससे मल त्यागने में भी आसानी होती है। जब बच्चे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो इससे कब्ज को रोकने में मदद मिलती है।

### बढ़ाएं फाइबर की मात्रा

जब बच्चे की डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ाई जाती है तो इससे बच्चे को स्टूल पास करने में आसानी होती है। कोशिश करें कि आप बच्चे की डाइट में फल व सब्जियों की मात्रा बढ़ाएं। ऐसे फल व सब्जी का सेवन करें, जिनमें पानी व फाइबर भरपूर हो।

### डेयरी को करें कम


अगर बच्चा इन दिनों कब्ज से जूझ रहा है तो उसकी डाइट में डेयरी की मात्रा थोड़ी कम कर दें। अत्यधिक डेयरी का सेवन विशेषकर दूध कब्ज पैदा कर सकता है। कई बच्चों में गाय के दूध में पाए जाने वाले प्रोटीन के प्रति सेंसेटिविटी होती है। इसके अलावा, अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे पनीर या चीज भी कब्ज पैदा कर सकते हैं।

# पर्याप्त नींद नहीं होने से दिमाग होता है प्रभावित

व्यस्त आधुनिक जीवन में आजकल किसी के पास समय नहीं है। ऐसे में लाग पर्याप्त नींद तक नहीं ले पाते। इससे उन्हें कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। कम से कम 7 घंटे की नींद न लेने से दिमाग को आराम नहीं मिलता है और हम दिनभर थकान का अनुभव करते हैं। इससे याद रखने की क्षमता भी कम होती है। ऐसे में समय के साथ-साथ दिमाग की काम करने की क्षमता कम हो जाती है। इसका भी दिमाग पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा भी कई अन्य कारणों से दिमाग प्रभावित होता है। ज्यादातर अकेले रहने से दिमाग पर बुरा असर पड़ता है। इससे आगे चलकर अल्जाइमर बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है।



जंक फूड में सोडियम की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो दिमाग के न्यूरॉन रिसेप्टर्स को नुकसान पहुंचाता है। ज्यादा मात्रा में जंक फूड खाने पर कंफ्यूजन, सिरदर्द और वॉमिटिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लगातार कई घंटों तक हेडफोन या इयरफोन लगाकर तेज आवाज में गाने सुनने से ब्रेन टिश्यूज पर बुरा असर पड़ता है। इससे अल्जाइमर की समस्या भी हो सकती है। हर दिन कोई भी फिजिकल ऐक्टिविटी न करने से डायबीटीज, हार्ट डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। इनका दिमाग पर बुरा असर होता है। स्मोकिंग के दौरान हमारे शरीर में कई हार्मफुल केमिकल्स आ जाते हैं। ये खून को गाढ़ा कर देते हैं, जिससे दिमाग तक खून की सप्लाई कम हो जाती है। भूख से अधिक खाने का संबंध भी दिमाग से ही है। ज्यादा खाने से दिमाग के सोचने की क्षमता पर भी असर पड़ता है। वहीं प्राकृतिक रौशनी में न रहने और ज्यादातर समय अंधेरे में रहने के कारण अवसाद बढ़ जाता है। इसका भी दिमाग पर बुरा असर पड़ता है।



# ज्वॉइंट पेन से हो चुके हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खा

आमतौर पर जोड़ों के दर्द को बुढ़ापे से जोड़कर देखा जाता था। आपने भी बुजुर्ग लोगों को कई बार कहते हुए सुना होगा कि उम्र बढ़ने के साथ ही उन्हें जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। लेकिन वर्तमान समय में गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण लोगों को कम उम्र में ही जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। मुश्किल से 30 की उम्र पार करने के बाद से ही लोगों को जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है।

जोड़ों के दर्द होने के पीछे फ्ल्यूड और कोलेजन का कम होना है। हालांकि अपनी डाइट में बदलाव कर ज्वॉइंट पेन की समस्या से राहत पाई जा सकती है। साथ ही इसके लिए एक्सरसाइज भी जरूरी मानी जाती है। ऐसे में अगर आप ज्वॉइंट के दर्द से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे खास मिक्चर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल से जोड़ों के दर्द को दूर करने में मदद मिल सकती है।

### जोड़ों के दर्द को दूर करने वाले मिक्चर की सामग्री

बादाम- 1/2 कटोरी
मखाना- 1/2 कटोरी
भुने हुए चने- 1/2 कटोरी
सौंठ- 1/2 टीस्पून
अजवाइन- 1 टीस्पून
दालचीनी- 1/2 टीस्पून
सूखा हुए खजूर- 5
मिश्री- 1/4 कटोरी

### ऐसे बनाकर करें तैयार

इन सभी चीजों के ग्राइंडर कर महीन पाउडर बना लें।
फिर 1 चम्मच पाउडर को 1 गिलास पानी में मिलाएं।
इसके बाद रोजाना दिन में एक बार इसका सेवन करें।

### जोड़ों के दर्द से निजात पाने का घरेलू नुस्खा

मखाना शरीर में कैल्शियम लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही आस्टियो आर्थराइटिस के लक्षणों को भी कम करता है।
बादाम में कैल्शियम और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा पायी जाती है। यह ज्वॉइंट्स के इंफ्लेमेशन को मजबूत करने के साथ ज्वॉइंट के दर्द में राहत देता है।
भुने हुए चने में विटामिन-के पाया जाता है। यह शरीर को कैल्शियम प्रदान करने के साथ जोड़ों के दर्द में भी आराम देता है।
सूखे हुए खजूर में विटामिन सी और विटामिन डी की भरपूर मात्रा पायी जाती है। इसके सेवन से कोलेजन प्रोजक्शन बूस्ट होता है और ज्वॉइंट में लचीलापन आता है।
अजवाइन में विटामिन-के की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। यह मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है और जोड़ों का दर्द और सूजन खत्म करता है।
दालचीनी में सिनेमिक एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से जोड़ों के दर्द और इंफ्लेमेशन से राहत मिलती है।
मिश्री डाइजेस्टिव जूस को रिलीज करने में सहायक होती है। इससे गैस की समस्या नहीं होती और पाचन में सुधार होता है।
सौंठ में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज पाया जाता है, यह ज्वाइंट में होने वाली ऐंठन को कम करती है।



# सिरदर्द की समस्या से हो गए हैं परेशान तो यह हो सकती है वजह

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में सिरदर्द होना एक आम समस्या हो गई है। हालांकि सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं। जिनमें तनाव, गैस, गलत खान-पान, सर्दी-जुकाम और थकान वगैरह भी सिरदर्द की वजह हो सकती है। सिरदर्द के पीछे का एक कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी हो सकती है। अक्सर सिर दर्द होने पर हम पेन किलर खा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं।

ऐसे में अगर आपको भी अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है, तो इसके पीछे का कारण जानना बेहद जरूरी होता है। साथ ही सिरदर्द को दूर करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिरदर्द होने के कारण और इससे बचने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### जानिए सिरदर्द के पीछे का कारण

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो जब शरीर में सोडियम की कमी होती है, तो सिरदर्द हो सकता है। वहीं अगर आप अक्सर सिर दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं, तो आपको सोडियम लेवल की जांच जरूर करवानी चाहिए। क्योंकि शरीर में सोडियम की कमी होने पर थकान, भूख में कमी और चिड़चिड़ापन के लक्षण नजर आ सकते हैं। बता दें कि लंबे समय तक शरीर में सोडियम की कमी होने पर हमारे शरीर के कई फंक्शन्स पर भी असर पड़ता है। यहां तक की कई बार सोडियम की कमी से व्यक्ति बेहोश तक हो जाता है। सोडियम की कमी होने पर लोगों के सिर में दर्द बना रहता है।

### ऐसे दूर करें सोडियम की कमी

व्यक्ति के शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होने पर सोडियम लेवल में कमी आ सकती है। ज्यादा पसीना या ज्यादा यूरिन आने के कारण भी ऐसा हो सकता है। ऐसे में आप अपनी डाइट में सोडियम की मात्रा कम लेते हैं, तो खाने में नमक की मात्रा का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके साथ ही शरीर में पानी की सही मात्रा का होना भी काफी जरूरी होता है। क्योंकि शरीर में पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। डिहाइड्रेशन से भी शरीर में सोडियम की कमी हो सकती है।

ऐसे में अगर आपको अक्सर सिरदर्द रहता है, तो हो सकता है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी ना पी रहे हों। वहीं उल्टी व दस्त की समस्या होने पर भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखने के लिए आप नमक की सही मात्रा का सेवन करें।



# बुजुर्गों की हड्डियों को कमजोरी से बचाता है सीबीएफ-बीटा प्रोटीन

शोधकर्ताओं ने एक ऐसी प्रणाली की पहचान की है जो बताता है कि बुजुर्गों की हड्डियों में कमजोरी क्यों आ जाती है। साथ ही शोधकर्ताओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है, जिसके जरिए बढ़ती उम्र के साथ हड्डियां कमजोर होने के इलाज में काम आ सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑस्टियोपोरोसिस यानी हड्डी के पतलेपन और डेंसिटी में कमी के कारण हड्डी टूटने का खतरा बढ़ जाता है। यह बुजुर्गों की एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है। अक्सर ये हालात बोन मैरो में फैट सेल्सर की वृद्धि के साथ पैदा होते हैं। बर्मिंघम के अलबामा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यू-पिंग ली के एक अध्ययन में सामने आया है कि सीबीएफ-बीटा नामक एक प्रोटीन हड्डियों के बनने में मददगार कोशिकाओं को शरीर में बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक परीक्षण में पाया गया कि युवा चूहों की तुलना में वृद्ध चूहों की बोन मैरो सेल्स में सीबीएफ-बीटा का स्तर कम पाया गया। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि इस प्रणाली में खराबी आने पर, कोशिकाएं हड्डियों को बनाने में मदद करना बंद कर देती हैं और फैट सेल्स को बनाने में मदद करती हैं। ली ने कहा कि सीबीएफ-बीटा नाम के प्रोटीन को बनाए रखना ह्यूमन लाइफ रिलेटिड ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद कर सकता है शोधकर्ताओं का कहना है कि इस प्रणाली की जानकारी होने से कम से कम साइड इफेक्ट के साथ ह्यूमन बोन मेरो का इलाज किया जा सकता है।

# फीफा विश्व कप-2026 की ड्रीम इलेवन घोषित मेसी, एम्बाप्पे और हालैंड को मिली जगह

एजेंसी

**ज्यूरिख :** फीफा विश्व कप 2026 की प्रशंसकों द्वारा चुनी गई ड्रीम इलेवन की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी, फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे, नॉर्वे के एरलिंग हालैंड और इंग्लैंड के जूद बेलिंघम जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को जगह मिली है। विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने वाले केप वर्डे के गोलकीपर वोजिन्हा को भी ड्रीम इलेवन में शामिल किया गया है।

40 वर्षीय वोजिन्हा को गोलकीपर के लिए हुए प्रशंसकों के मतदान में 39.6 प्रतिशत वोट मिले। उन्होंने विश्व कप में पदार्पण करने वाले केप वर्डे के लिए शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, टूर्नामेंट का गोल्डन ग्लव पुरस्कार स्पेन के उनाई सिमोन को मिला था, जिसका चयन फीफा के तकनीकी समूह ने किया था।

विश्व कप से पहले पुर्तगाल के दूसरे डिवीजन क्लब चावेस छोड़ने के बाद वोजिन्हा किसी क्लब से नहीं जुड़े थे। इसके बावजूद उन्होंने विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्पेन के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में सात शानदार बचाव किए। इसके अलावा उन्होंने अंतिम-32 मुकाबले में अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय तक खेलने के लिए मजबूर करने में भी अहम भूमिका निभाई।

नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड को फॉरवर्ड खिलाड़ियों के मतदान में 27.5 प्रतिशत वोट मिले। हालैंड ने पांच मैचों में सात गोल दागे और अपनी टीम को पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पांच बार की चैंपियन ब्राजील के खिलाफ 2-1 की जीत में दो गोल किए थे। नॉर्वे का सफर इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुआ।

ड्रीम इलेवन में हालैंड और वोजिन्हा के अलावा लियोनेल मेसी, किलियन एम्बाप्पे, जूद बेलिंघम, रोद्री, माइकल ओलिसे, पेड्रो पोरो, लिसांड्रो मार्टिनेज, दायो उपामेकानो और मार्क कुकुरेला को भी स्थान मिला है।





## फीफा विश्व कप 2026 ड्रीम इलेवन

**गोलकीपर :** वोजिन्हा (केप वर्डे)
**डिफेंडर :** पेड्रो पोरो (स्पेन), लिसांड्रो मार्टिनेज (अर्जेंटीना), दायो उपामेकानो (फ्रांस), मार्क कुकुरेला (स्पेन)
**मिडफील्डर :** रोद्री (स्पेन), माइकल ओलिसे (फ्रांस), जूद बेलिंघम (इंग्लैंड)
**फॉरवर्ड :** लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), एरलिंग हालैंड (नॉर्वे), किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस)

# चाइना ओपन 2026 : अंतिम-16 में हारकर बाहर हुईं पी.वी. सिंधु

एजेंसी

**चांगझोउ :** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का चाइना ओपन 2026 में सफर अंतिम-16 दौर में ही समाप्त हो गया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई ने शानदार वापसी करते हुए सिंधु को 16-21, 22-20, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिंधु ने मुकाबले की शानदार शुरूआत करते हुए पहला गेम अपने नाम किया। हालांकि दूसरे गेम में उनके पास मैच खत्म करने के चार मौके थे, लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सकीं और चेन ने लगातार पांच अंक जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। पहले गेम में चेन ने 12-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर किया और इसके बाद लगातार अंक जुटाकर 21-16 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधु पूरी तरह नियंत्रण में नजर आईं और 20-17 की बढ़त के साथ उनके पास चार मैच प्वाइंट थे। लेकिन इसी मोड़ पर चेन ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार पांच अंक हासिल किए और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबले को तीसरे गेम में पहुंचा दिया। निर्णायक गेम में भी सिंधु ने शुरूआती बढ़त बनाई, लेकिन अंतिम चरण में चेन यू फेई ने लगातार शानदार अंक जुटाए और 21-18 से गेम जीतते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्वर्ण पदक विजेता चेन यू फेई अब क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन और वियतनाम की नगुएन थुई लिन्ह के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

# चार महिला जूडो खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स में बनाई जगह, मजबूत प्रशिक्षण व्यवस्था का दिखा असर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जूडो को लंबे समय से जिस मजबूत खिलाड़ी विकास प्रणाली की जरूरत थी, उसका असर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। बेहतर प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तैयारी और निरंतर सहयोग के दम पर चार भारतीय महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में स्थान हासिल किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चुनी गई खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश की यामिनी मौर्या, उत्तराखंड की उन्नति शर्मा, पंजाब की इशरूप नारंग और मणिपुर की तखेलंबम इनुंगनबी शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की की है। इन



खिलाड़ियों को एक्सिस बैंक और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) के संयुक्त खिलाड़ी विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं मिलती रही हैं। इस पहल के माध्यम से अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सहायता दी जा चुकी है, जिनमें 471 जूनियर और 53 एलीट महिला जूडो खिलाड़ी शामिल हैं। इस कार्यक्रम से जुड़े खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 140 से अधिक पदक जीते हैं। इसके अलावा खिलाड़ियों को जापान, जॉर्जिया और उज्बेकिस्तान जैसे देशों में आयोजित 11 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त हुआ। एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड विजय मुलबगल ने कहा कि खिलाड़ियों को सही माहौल और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने से उनके प्रदर्शन में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चार खिलाड़ियों का चयन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं, आईआईएस की अध्यक्ष मनीषा मल्होत्रा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य खिलाड़ियों को केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल होने के लिए हर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराना है। भारतीय जूडो में हाल के वर्षों में उभरती नई प्रतिभाओं, विशेषकर पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों के खिलाड़ियों की बढ़ती मौजूदगी यह संकेत देती है कि देश में खेल का आधार लगातार मजबूत हो रहा है। अब नजर इस बात पर होगी कि ये खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने प्रदर्शन से भारत के पदक अभियान को कितना आगे ले जा पाती हैं।

## कॉमनवेल्थ गेम्स उद्घाटन से पहले भारत का पहला पदक पक्का

# मुक्केबाज लवलीना ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी

**ग्लासगो :** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में गुरुवार से शुरू हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में भारत का पहला पदक उद्घाटन समारोह से पहले ही पक्का हो गया है। भारतीय स्टार मुक्केबाज लवलीना बोगोर्हेन को महिला 75 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिला है, जिससे उनका कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो गया है। महिला 75 किलोग्राम वर्ग में केवल पांच मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं। इसी कारण लवलीना को पहले दौर में बाई मिली और वह सीधे सेमीफाइनल में पहुंच गईं। राष्ट्रमंडल खेलों के नियमों के अनुसार सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दोनों हारने वाले मुक्केबाजों को कांस्य पदक मिलता है, इसलिए लवलीना का पदक पहले ही तय हो गया है। 28 वर्षीय लवलीना अब जुलाई में होने वाले सेमीफाइनल में तुवालू की टी.के.बी.पी. ताफाकी से भिड़ेंगी। यह मुकाबला जीतने पर वह फाइनल में पहुंच जाएंगी और स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना के लिए यह राष्ट्रमंडल खेलों का पहला पदक होगा। इससे पहले बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में वह लाइट मिडिलवेट वर्ग के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें वेल्स की रोजी एक्लेस से हार का सामना करना पड़ा था। लवलीना को भारोत्तोलन स्टार मीराबाई चानू के साथ ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का ध्वजवाहक भी बनाया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले बांग्लादेश को झटका, तेज गेंदबाज इबादत हुसैन बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इबादत अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण बांग्लादेश में ही रहेंगे और टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करेंगे। बांग्लादेश की टीम 13 अगस्त से डार्विन में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र का हिस्सा है। फिलहाल बांग्लादेश डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। हालांकि इबादत की गैरमौजूदगी के बीच टीम को एक राहत भी मिली है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की बेहतर तैयारी के लिए श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया है। तस्कीन ने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी करना है। हमने जिम्बाब्वे में लगातार छह मैच खेले हैं। अगर मैं एलपीएल भी खेलता और फिर सीधे ऑस्ट्रेलिया जाता तो टेस्ट मैच की तैयारी प्रभावित होती। इसलिए थोड़ा नुकसान उठाकर भी मैंने एलपीएल से हटने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया जैसी टेस्ट सीरीज बार-बार नहीं आती। बांग्लादेश के लिए एक और चिंता तेज गेंदबाज नाहिद राणा की फिटनेस है। उनके शरीर के साइड हिस्से में लगी चोट की स्कैन रिपोर्ट का टीम प्रबंधन को इंतजार है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज लिटन दास भी पिंडली (काफ) की चोट से उबर रहे हैं और टीम को उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश की टीम अगले महीने की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी, जहां 3 अगस्त से डार्विन में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच मोहम्मद अशरफुल ने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट में मिली बड़ी हार के बावजूद अपने बल्लेबाजों पर भरोसा जताया है। अशरफुल ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में चुनौती कठिन होगी, लेकिन सकारात्मक बात यह है कि हम 10-12 दिन पहले वहां पहुंचेंगे और अभ्यास मैच खेलने का मौका मिलेगा।

# चौथी हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप आज से, ग्वालियर करेगा मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला हॉकी की उभरती प्रतिभाओं को मंच देने वाला चौथा हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 (जोन ए एवं बी) शुक्रवार, 24 जुलाई से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुरू होगा। 11 दिनों तक चलने वाला यह टूर्नामेंट 3 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की 12 प्रमुख जूनियर महिला हॉकी अकादमियां खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल में छह-छह टीमें हैं और लीग चरण में सभी टीमें अपने-अपने



पूल की अन्य टीमों से मुकाबला करेंगी। दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें 2 अगस्त को होने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, जबकि 3 अगस्त को तीसरे स्थान का मुकाबला और फाइनल खेला जाएगा। पूल-ए में राजा करण हॉकी अकादमी, खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात-हॉकी अकादमी, हॉकी फैमिली बढ़खालसा एनसीआर हॉकी सोसायटी, तमिलनाडु हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी, सोनीपत शामिल हैं। वहीं पूल-बी में रितु रानी हॉकी अकादमी, वडीपट्टी राजा हॉकी अकादमी, भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता, मुंबई स्कूल्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन, अड्यार हॉकी अकादमी और मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी की टीमें खेलेंगी। टूर्नामेंट में लीग चरण के दौरान जीत पर तीन अंक, ड्रॉ पर एक अंक और हार पर कोई अंक नहीं मिलेगा। नॉकआउट मुकाबलों में बराबरी की स्थिति होने पर विजेता का फैसला अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के नियमों के अनुसार शूटआउट से किया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप भारत में महिला हॉकी के जमीनी ढांचे को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है। इससे युवा खिलाड़ियों को देश की बेहतरीन अकादमियों के खिलाफ खेलने का अवसर मिलता है और भविष्य की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की पहचान करने में मदद मिलती है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि अकादमियां युवा खिलाड़ियों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे टूर्नामेंट खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल और राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अगले साल मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी पाकिस्तानी टीम, खेलेगी पांच वनडे मैचों की सीरीज



**नई दिल्ली :** पाकिस्तान क्रिकेट टीम 2027 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की तैयारियों के तहत मई में इंग्लैंड का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार श्रृंखला का पहला मुकाबला 15 मई को साउथम्प्टन में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 19 मई को मैनचेस्टर, 21 मई को लीड्स, 23 मई को चेस्टर-ली-स्ट्रीट और 26 मई को कार्डिफ में आमने-सामने होंगी। यह वनडे श्रृंखला 4 अक्टूबर से 21 नवंबर, 2027 तक दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिहाज से दोनों टीमों के लिए अहम मानी जा रही है। फिलहाल पाकिस्तान टीम वेस्टइंडीज दौरे पर है, जहां वह दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेल रही है। इसके बाद पाकिस्तान अगले महीने इंग्लैंड का दौरा करेगा, जहां 19 अगस्त से 13 सितंबर तक दोनों देशों के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2021 में इंग्लैंड का वनडे दौरा किया था। तब मेजबान इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की थी।

### हैमस्ट्रिंग चोट के कारण भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हुए मिल्टन शुम्बा



**हरारे :** जिम्बाब्वे के बल्लेबाज मिल्टन शुम्बा दाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह इनोसेंट काइया को टीम में शामिल किया गया है, जो सीरीज के पहले मुकाबले से पहले हरारे में टीम के साथ जुड़ चुके हैं। शुम्बा का मंगलवार को स्कैन कराया गया, जिसमें उनकी हैमस्ट्रिंग की चोट की पुष्टि हुई। इसके बाद 25 वर्षीय बल्लेबाज को पूरी टी-20 श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। उनके स्थान पर टीम में शामिल किए गए इनोसेंट काइया की भी लंबे समय बाद वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला जुलाई 2024 में खेला था, जो संयोग से हरारे में भारत के खिलाफ ही था। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुई तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में शुम्बा ने सभी मुकाबले खेले थे। यह वर्ष 2022 के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मुकाबला आज खेला जा रहा है। इसके बाद दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः शनिवार और रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में ही आयोजित होगा।

### ग्लासगो में भारतीय समुदाय के साथ साइकिल रैली में शामिल हुए मांडविया, दिया फिटनेस का संदेश



**ग्लासगो :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ 'चीयर फॉर भारत' पहल के तहत साइकिल रैली में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया तथा राष्ट्रमंडल खेल-2026 में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस साइकिल रैली में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करने के साथ-साथ लोगों को दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल खेल और फिटनेस के माध्यम से भारतीय प्रवासी समुदाय से जुड़ाव मजबूत करने और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की मुहिम का हिस्सा है। रैली के दौरान डॉ. मांडविया ने प्रतिभागियों से बातचीत की और फिट इंडिया आंदोलन के प्रति उनके उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेल-2026 में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए ग्लासगो पहुंचे हैं और यह उत्साहजनक है कि भारतीय समुदाय 'चीयर फॉर भारत' पहल के तहत एकजुट होकर उनका समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह साइकिल रैली पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि फिटनेस हर व्यक्ति और हर समाज के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया आंदोलन के प्रति भारतीय प्रवासी समुदाय का उत्साह यह दर्शाता है कि वे दुनिया के विभिन्न देशों में रहते हुए भी इस अभियान से जुड़े हुए हैं और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि एक विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने सभी भारतीयों से फिट इंडिया आंदोलन से जुड़ने और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने साइकिल चलाने के अनेक लाभों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह न केवल लोगों को फिट रखती है, बल्कि प्रदूषण कम करने, यातायात का दबाव घटाने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. मांडविया इन दिनों राष्ट्रमंडल खेल-2026 के सिलसिले में ग्लासगो दौरे पर हैं। इस दौरान वह भारतीय खिलाड़ियों, अधिकारियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात कर रहे हैं। यह दौरा खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और फिट इंडिया अभियान को वैश्विक स्तर पर मजबूती देने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### एसए-20 का पांचवां सीजन 17 जनवरी 2027 से, 21 फरवरी को खेला जाएगा फाइनल

**केपटाउन :** दक्षिण अफ्रीका की लोकप्रिय टी-20 फ्रेंचाइजी लीग एसए-20 के पांचवें सीजन का कार्यक्रम गुरुवार को घोषित कर दिया गया है। यह आयोजन 17 जनवरी से 21 फरवरी 2027 तक होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और उपविजेता प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच सेंट जॉर्ज पार्क, ग्केबेरहा में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के दूसरे दिन पिछले सीजन की अन्य दो प्लेऑफ टीमों पार्ल रॉयल्स और जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स के बीच मुकाबला पार्ल में होगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान 23 जनवरी, 30 जनवरी, 6 फरवरी और 13 फरवरी को चार शनिवार डबल-हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। लीग चरण का आखिरी मैच 14 फरवरी को न्यूलैंड्स, केपटाउन में एमआई केपटाउन और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच होगा। इसके ठीक एक सप्ताह बाद 21 फरवरी को इसी मैदान पर फाइनल खेला जाएगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने मनीला में कई देशों के मंत्रियों से की मुलाकात

एजेंसी

**मनीला :** आसियान देशों की विभिन्न बैठकों और क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दो दिवसीय यात्रा पर फिलीपींस गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को ओमान, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, फिलीपींस, पापुआ न्यू गिनी और ब्रुनेई सहित कई देशों के विदेश मंत्रियों तथा नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने इन मुलाकातों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देते हुए बताया कि बैठक में खाड़ी क्षेत्र की स्थिति, भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते से बने सकारात्मक माहौल, भारत-फिलीपींस रणनीतिक साझेदारी, प्रशांत द्वीप देशों के विकास सहयोग, नई तकनीकी संभावनाओं और इंडो-पैसिफिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में हाल की घटनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने संपर्क बढ़ाने पर भी सहमति जताई। ब्रिटेन के विदेश सचिव एड मिलिबैंड से पहली मुलाकात में जयशंकर ने उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हाल ही में लागू हुए भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से बने सकारात्मक माहौल पर आगे बढ़ने और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति बनी। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि यूएनआरडब्ल्यूए के कार्यवाहक आयुक्त-जनरल क्रिश्चियन सॉन्डर्स से मुलाकात में जयशंकर ने भारत के हालिया दानदाताओं सम्मेलन में स्वास्थ्य और क्षमता निर्माण में किए गए योगदानों पर चर्चा की।



उन्होंने कहा कि नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री टॉम बेरेन्डसन से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया यात्रा के परिणामों पर बातचीत हुई। दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी स्तर तक ले जाने से सेमीकंडक्टर, जल संसाधन, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुले हैं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर से मुलाकात में जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन जताया और भारत-फिलीपींस रणनीतिक साझेदारी के तहत 2025-2029 कार्ययोजना को लागू करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन डब्ल्यू टकाचेंको से मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच के तहत साझेदारी पर चर्चा हुई। भारत प्रशांत द्वीप देशों की विकास और क्षमता निर्माण प्राथमिकताओं में साझेदारी के लिए तैयार है और उनकी समुद्री सुरक्षा को भी समर्थन देगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि ब्रुनेई के विदेश मंत्री प्रिंस अब्दुल मतीन से मुलाकात में नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी। तेजी से बदलती तकनीक, जैसे एआई, ड्रोन और डिजिटल क्षेत्र, नए अवसर खोल रही है। दोनों नेताओं ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप द्विपक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ाने और आसियान के तहत बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर 22-23 जुलाई को दक्षिण-पूर्व एशियाई देश फिलीपींस की यात्रा पर हैं। यहां वह आसियान-भारत पोस्ट-मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन विदेश मंत्रियों की बैठक, आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) बैठक और क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठकों में भाग ले रहे हैं।

## रिटायरमेंट की आर्थिक सुरक्षा के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का नया पेंशन प्लान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नौकरी करते समय तो हर महीने सैलरी आती है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद खर्च कैसे चलेंगे, यह सवाल ज्यादातर लोगों को परेशान करता है। यदि समय रहते बचत शुरू कर दी जाए, तो बुढ़ापे में पैसों की चिंता काफी हद तक कम हो सकती है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स प्लान पेश किया है।

यह ऐसा पेंशन प्लान है, जिसमें रिटायरमेंट के लिए धीरे-धीरे फंड तैयार होता है। जमा राशि सुरक्षित रहती है, बोनस का फायदा मिलता है और जरूरत पड़ने पर गंभीर बीमारी या अन्य जरूरी हालात में 25% तक रकम निकालने की सुविधा भी मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा, "हम चाहते हैं कि लोग रिटायरमेंट के बाद पैसों की चिंता नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का आनंद लें। इस प्लान में फंड बनाने के साथ जरूरत के समय पैसे निकालने और मुफ्त हेल्थ चेक-अप जैसी सुविधाएँ भी मिलती हैं। यह प्लान उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो चाहते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी उनकी आर्थिक जरूरतें बिना किसी परेशानी के पूरी होती रहें और उन्हें दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े।

## छात्रों के कंधों पर ओछी राजनीति से बाज आए विपक्ष : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पेपर लीक से जुड़े मामलों की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट गठित करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा को संवेदनशील निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण निर्णय इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि देश के युवाओं के कंधों पर राजनीति करना बंद करें। उन्होंने



विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने के बजाय लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करें, संसद में सार्थक एवं रचनात्मक चर्चा में भाग लें और युवाओं के सर्वोत्तम हित में मिलकर कार्य करें। ठाकुर ने कहा कि विपक्ष से निवेदन है कि वो युवाओं के कंधों पर अपनी राजनीति ना करे, भागे नहीं बल्कि चर्चा में भाग ले। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का दृढ़ विश्वास है कि युवा शक्ति ही नए भारत की सबसे बड़ी आधारशिला है। इसी सोच को प्राथमिकता देते हुए पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं के समग्र कल्याण, सशक्तीकरण और उन्हें नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए अनेक जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सतत प्रयासों से देश के युवाओं की प्रतिभा और क्षमता को नई दिशा तथा नई ऊर्जा मिली है। सांसद ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार देश के युवाओं की शक्ति और सामर्थ्य को समझती है इसीलिए पिछले 12 वर्षों में युवाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

## जंतर-मंतर पर रात को फिर हिंसा, दिल्ली पुलिस का दावा-प्रदर्शनकारी खुखरी लहराते दिखे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान बुधवार रात एक बार फिर हालात बेकाबू हो गए। टॉलस्टॉय मार्ग से संसद मार्ग के बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हुई। पुलिस का आरोप है कि उपद्रवियों ने अचानक सुरक्षाबलों पर पथराव और बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं। इस हिंसा में दो एसीपी, दो इंस्पेक्टर समेत करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान घायल हो गए। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दावा किया कि प्रदर्शनकारी सड़क पर खुखरी लहराते दिखे। पुलिस के अनुसार, हिंसा रात करीब 8:30 बजे शुरू हुई। उस समय टॉलस्टॉय मार्ग पर पुलिस और सुरक्षाबलों के जवान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात



थे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों का एक समूह वहां पहुंचा और अचानक सुरक्षाकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस का दावा है कि कुछ उपद्रवियों के हाथों में तलवार, खुखरी, डंडे और पत्थर भी थे। इनका इस्तेमाल सुरक्षाबलों पर हमला करने के लिए किया गया। स्थिति बिगड़ते ही पुलिस और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला। अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। सुरक्षाबलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और हालात पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे। जवाबी कार्रवाई के बाद उपद्रवी मौके से भाग निकले। हालांकि पूरे इलाके में काफी देर तक स्थिति तनावपूर्ण रही।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हमले में कनॉट प्लेस के एसीपी भी घायल हुए। उनके सिर पर चोट लगने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया।

## असम में बाढ़ से हालात गंभीर, 11 जिलों की 653164 आबादी प्रभावित, मृतकों की संख्या 44 हुई

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम में लगातार बरसात की वजह से बाढ़ के हालात बेहद गंभीर हो गये हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 22 जुलाई के आंकड़ों के अनुसार, में एक दिन में कुल 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस तरह राज्य में अब तक मरने वालों की कुल संख्या 44 हो गयी है। असम में खतरे के निशान से ऊपर बहने वाली नदियों में बुढ़ीदिहिंग, दिखौ, धनसिरी, कुशियारा शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित शिवसागर, चराईदेव एवं जोरहाट जिले का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। असम सरकार के मंत्री बिमल बोरा, केशव महंत, अजंता नेओग एवं विधायक लगातार प्रभावित इलाकों का दौरा कर लोगों को राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। बाढ़ के उच्चतम स्तर से ऊपर बहने वाली नदियों में दिसांग शामिल है। बाढ़ से वर्तमान समय में कुल 11 जिले प्रभावित हुए हैं। इनमें कार्बी आंगलोंग, गोलाघाट, चराईदेव, कामरूप, शिवसागर, जोरहाट, डिब्रूगढ़, नगांव, धेमाजी, होजाई, कामरूप शामिल हैं। बाढ़ से 11 जिलों के 40 राजस्व मंडलों के कुल 939 गांव प्रभावित है। राज्य की कुल 653164 आबादी एवं 24897.27 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है। राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए कुल 106 राहत शिविर एवं 381 राहत वितरण केंद्र समेत कुल 487 शिविर स्थापित किये गए हैं। राहत शिविरों में 24418 लोग आश्रय लिए हुए हैं। राहत वितरण केंद्रों पर 290826 गैर-शिविर निवासी सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।

# नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर संसद के दोनों सदनों में गुरुवार को विपक्ष का हंगामा लगातार जारी रहा। पहले एक बार स्थगन के बाद 12 बजे कार्यवाही शुरू हुई लेकिन विपक्षी सांसदों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने कार्यवाही शुरू कराई। जैसे ही सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई,



विपक्षी सदस्य अपनी सीटों से उठकर नारेबाजी करने लगे। पिपक्षी सदस्यों ने शिक्षामंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार नीट पेपर लीक मामले पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जैसा चाहता है वैसी चर्चा करे। एक दिन, दो दिन, जितना समय चाहिए उतना ले। हम उनसे हाथ जोड़कर निवेदन करते हैं कि चर्चा करें। लेकिन चर्चा की मांग में अनावश्यक शर्तें जोड़कर उलझाएं नहीं। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने नीट पेपर लीक मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का आदेश दिया है। देश के छात्रों के साथ किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो, इसके लिए चर्चा होना जरूरी है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि सदन की कार्यवाही बाधित करने के बजाय चर्चा में भाग लें। रिजिजू ने कहा कि सरकार छात्रों की हर चिंता सुनने और उसका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने विपक्षी सदस्यों से शांत होकर अपनी जगह पर बैठने और चर्चा में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बार-बार सदन को न चलने देना उचित नहीं है और यह संसद की मयार्दा के अनुरूप नहीं है।

लेकिन विपक्षी सदस्य नारेबाजी पर अड़े रहे, जिसके चलते कार्यवाही दोबारा 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इसी तरह राज्यसभा में भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया।

## एक नजर

### सीजेपी ने आज देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध का किया आह्वान

**नई दिल्ली :** सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने सभी से शुक्रवार को देश के हर जिले में एक दिन के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इसका मुख्य उद्देश्य "हर जिला, एक दिन, एक मांग" के संदेश के तहत पूरे देश में एकजुटता प्रदर्शित करना है। सीजेपी के मुताबिक, यह प्रदर्शन देशभर में कथित पुलिस बर्बरता के शिकार पीड़ितों के समर्थन में होगा। आयोजकों ने देश के विभिन्न छात्र संघों और अन्य सामाजिक संगठनों से इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने, आवश्यक अनुमतियां लेने और लॉजिस्टिक्स जुटाने की अपील की है। इस दौरान, विरोध स्थल पर एकत्र भीड़ के सामने छात्रों की मांगों को प्रमुखता से पढ़ा जाएगा। पुलिस कार्रवाई और बर्बरता का सामना करने वाले लोगों के प्रति समर्थन और एकजुटता जताई जाएगी। उल्लेखनीय है कि छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रही सीजेपी ने 'संसद चलो' मार्च की घोषणा की थी जिसके बाद 20 जुलाई को हजारों की संख्या में एकजुट हुए छात्रों ने अपना विरोध प्रदर्शन जताया था। वे शिक्षा प्रणाली में अनियमितताओं और पेपर लीक मामले को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उस दौरान से राजधानी में हालात अनियंत्रित हैं। इस बीच पुलिस और छात्रों के बीच हिंसक झड़पें भी हुई हैं।

### कनॉट प्लेस की सभी दुकानों को शाम 6.30 बजे तक बंद करने की अपील

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली व्यापार संगठन (एनडीटीए) ने गुरुवार को कनॉट प्लेस की सभी दुकानों और दफ्तरों को गंभीर हालात के कारण आज शाम 6.30 बजे तक बंद करने की अपील की है। संगठन का कहना है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने टेलीफोन से इसकी सलाह दी है। नई दिल्ली व्यापार संगठन (एनडीटीए) ने आदेश जारी कर कहा कि कनॉट प्लेस की खराब स्थिति के कारण से सभी दुकानों, रेस्टोरेंट और दफ्तरों को आज शाम 6.30 बजे बंद कर दिया जाए। संगठन ने सभी व्यापारियों और संचालको से पूर्ण सहयोग की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार के नुकसान से बचा जा सकें। इस आदेश की आलोचना करते हुए आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अचानक से जंतर-मंतर के पास इतनी अधिक संख्या में सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस की तैनाती कई सवाल खड़े कर रही है।

### बलोचिस्तान में विद्रोहियों की मौत के बाद विस्फोट, पुल क्षतिग्रस्त कर्फ्यू लगाया गया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलोचिस्तान में सुरक्षाबलों के हाथों विद्रोहियों के मारे जाने के बाद विस्फोट कर एक पुल को उड़ा दिया गया। इसके बाद अधिकारियों ने कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया। पाकिस्तान की सेना के जनसंपर्क विभाग आईएसपीआर के बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने मस्तुंग और सोराब जिलों में 10 हथियारबंद लोगों को मार गिराया। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, मस्तुंग जिले में खाद स्ट्रीट पर अंगिरी क्रॉस के पास बुधवार शाम क्वेटा-कराची मेन हाइवे पर बने पुल को अनजान हथियारबंद लोगों ने निशाना बनाया। इस दौरान हुए विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद क्वेटा-कराची हाइवे पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। हाल के दिनों में, बलोचिस्तान में कई पुलों को निशाना बनाया गया है। थियारबंद लोग सोराब, कलात और खुजदार में पुलों को तबाह कर चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देश के पश्चिमी क्षेत्रों में अगले 6 दिनों के दौरान भारी बारिश के आसार



**नई दिल्ली :** देश के पश्चिमी हिस्से के विभिन्न क्षेत्रों में अगले छह दिनों के दौरान बहुत भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को हल्की बारिश का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक कई जगहों पर हल्की बारिश के साथ 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। इस दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस तथा 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। शनिवार को भी यही स्थिति रहेगी जबकि रविवार को आमतौर पर बादल छाए रहने का अनुमान है। शनिवार को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस तथा 25-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक अगले 3-4 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और उससे सटे उत्तर प्रायद्वीपीय भारत, पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है। शुक्रवार को गुजरात क्षेत्र, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और मध्य महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना है। उत्तर पश्चिम भारत के पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी राजस्थान, पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हरियाणा, चंडीगढ़ में, मध्य भारत के पश्चिमी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश में, पश्चिम भारत के कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, सौराष्ट्र और कच्छ में, पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों में, पूर्वी भारत के अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग क्षेत्रों में अगले छह दिनों के दौरान भारी तथा कुछ जगह और अधिक मूसलाधार वर्षा होने के आसार हैं। इस दौरान इन राज्यों के अलग-अलग क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवाएं चलने की संभावना है। इससे स्थानीय लोगों का जन-जीवन प्रभावित हो सकता है।

### सरकार वार्ता को तैयार, आंदोलनकारी छात्र आवास या कार्यालय पर आएं : नड्डा

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों से सरकार बातचीत के लिए तैयार है। इसके लिए छात्रों को उनके आवास या फिर कार्यालय आना होगा। संसद परिसर में जेपी नड्डा ने कहा, ह्लहां, हम तैयार हैं। हमारे घर या हमारे आधिकारिक कार्यालय आ जाइए। वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि जो दोषी हैं उन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर कड़ी सजा दी जाएगी। हमारा कांग्रेस और विपक्ष से अनुरोध है कि इस विषय का राजनीतिकरण ना करें। भागें मत, चर्चा कीजिए। कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं ने 20 जुलाई को जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की थी और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद बुधवार को दोबारा बातचीत के लिए आमंत्रित करने पर सीजेपी नेताओं ने कहा था कि वह उनके आवास या कार्यालय पर नहीं जाएंगे बल्कि किसी अन्य स्थान पर बातचीत के लिए तैयार हैं। इसके पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि आंदोलनकारी छात्रों से सरकार कहीं भी बातचीत के लिए तैयार है। दूसरी और सीजेपी सूत्रों के मुताबिक वह सरकार से किसी भी तरह की बातचीत उनके ऑफिस या घर पर नहीं करेगी।

### सरकार व आन्दोलनकारी मिलकर जल्द सौहार्दपूर्ण समाधान निकालें : मायावती



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश की राजधानी नई दिल्ली में चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में विपक्षी दलों के नेताओं की भागीदारी को राजनीतिक लाभ लेने की मंशा करार दिया है उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि सरकार व आन्दोलनकारी दोनों मिलकर इसका शान्ति व सौहार्दपूर्ण समाधान जितना जल्द निकालें उतना उचित होगा। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इस संबंध में गुरुवार को पोस्ट की है। जिसमें उन्होंने कहा कि पेपरलीक सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का देश की राजधानी नई दिल्ली में संसद के नजदीक जन्तर-मन्तर में पिछले कई दिनों से प्रदर्शन चल रहा है। अपने भविष्य को लेकर उनके द्वारा जारी अनिश्चितकालीन आन्दोलन के कारण सड़क से लेकर संसद तक जबरदस्त हंगामा बरपा है। अब विपक्ष के राजनीतिकरण से यह मुद्दा सरकार के साथ सीधे टकराव का हो गया है, जिस विषम स्थिति से देश को निकालना जरूरी है। क्योंकि इससे दिल्ली ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों में भी आम जनजीवन प्रभावित होगा। मायावती ने विपक्षी दलों का नाम लिए बिना कहा कि सीजेपी के व्यापक हो रहे आन्दोलन का अब विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने-अपने संकीर्ण स्वार्थ में राजनीतिकरण करके सड़क से लेकर संसद तक में टकराव व हिंसा किया जाना घोर अनुचित है। सरकार व आन्दोलनकारी दोनों मिलकर इसका शान्ति व सौहार्दपूर्ण समाधान जितना जल्द निकालें उतना ही उचित होगा। बसपा सुप्रीमो ने यह भी कहा कि आल-इण्डिया व राज्यों की परीक्षाओं आदि में पेपरलीक का मुद्दा हो या मंदिर में चढ़ावा चोरी/गबन आदि का मामला, यह सभी मूलतः भ्रष्टाचार के हर स्तर पर पनपने का परिणाम है।

### नेपाल की अतिक्रमित भूमि पर प्रशासनिक नियंत्रण बहाल करने की मांग

**काठमांड :** दाचुर्ला जिले में व्यास स्थित महाकाली नदी के पूर्व की लगभग 400 किलोमीटर नेपाल के दावे वाली भूमि को लेकर प्रतिनिधि सभा में एक संकल्प प्रस्ताव पेश गया है। प्रस्ताव में लिंपियाधुरा की गुंजी, नाबी और कुट्टी की भूमि पर सरकार का प्रशासनिक नियंत्रण सुनिश्चित करने की मांग की गई है। प्रस्ताव में इस मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की गई है। यह प्रस्ताव नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सांसद गणेश सिंह ठगुन्ना ने पेश किया है। ठगुन्ना दाचुर्ला-1 निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सांसद हैं। इसी जिले के अंतर्गत कालापनी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा पड़ता है, जिस पर नेपाल लगातार अपना दावा करता रहता है। इस संकल्प प्रस्ताव में कहा गया है कि नेपाली भूमि भारतीय अतिक्रमण में है। उन्होंने प्रतिनिधि सभा नियमावली-२०२६ के नियम 79 के तहत इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। प्रस्ताव में कहा गया है कि अतिक्रमित क्षेत्र से जुड़े छाङरु और तिंकर गांवों के नागरिक सड़क संपर्क, खाद्यान्न, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। प्रस्ताव के अनुसार इन गांवों के लोगों को अपने ही जिला मुख्यालय आने-जाने और दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदने के लिए भी भारत के रास्ते और भारतीय बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902